CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25⁰C
न्यूनतम: 10⁰C

हल्द्वानी, रविवार 16 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 81 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार चुनाव नतीजे स्ट्राइक रेट अविश्वसनीय: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों को अभूतपूर्व, अविश्वसनीय और संदिग्ध बताते हुए कहा है कि इस बारे में डाटा एकत्र कर सभी पहलुओं की गहनता और ठोस सबूतों के साथ व्यापक पड़ताल की जाएगी। बैठक में राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन भी मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर शनिवार को इस बारे में वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई, जिसमें कहा गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम एकपक्षीय रहे हैं और इसे देखते हुए सवाल उठने लाजमी हैं। उनका कहना था कि चुनाव परिणामों को लेकर गहन पड़ताल की आवश्यकता है। इसलिए इस पूरे प्रकरण की जांच होगी और इससे जुड़े काम दो सप्ताह के भीतर शुरू कर दिए जाएंगे।

### सियासत से अलग हुई लालू की बेटी रोहिणी आचार्य

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है, जो संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था।

# बिहार ने सांप्रदायिकता का जहर ठुकराया: मोदी

**सूरत, वार्ता**

**पीएम मोदी ने** सूरत में बिहार के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया।

पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं देश का पहला पीएम हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा के घर गया था। उनके परिवार के लोगों के साथ मेरा मिलना जारी है। उन्होंने आगे कहा कि देश में 6 दशक तक राज करने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ा था। यहां कुपोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा का अभाव रहा। पीएम ने इससे पहले सूरत में बन रहे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया। इसके बाद नर्मदा जिले के डेडियापाडा पहुंचे और देवमोगरा मंदिर में पंडोरी माता की पूजा की। मोदी ने कहा कि एनडीए ने हमेशा आदिवासी समाज के लोगों ने शीर्ष पदों पर बिठाया है। छत्तीसगढ़ के सीएम राज्य का कायाकल्प कर रहे हैं। उड़ीसा सीएम जनजातीय समाज के हमारे माझी जी उड़ीसा का विकास कर रहे हैं। हमने कई राज्यों में आदिवासी सीएम दिए। भाजपा ने कई राज्यों में आदिवासी को जगह दी। मंगूभाई पटेल एमपी के राज्यपाल हैं। सोनोवाल जी शिपिंग मिनिस्ट्री संभाल रहे हैं। भीड़ में मौजूद बच्ची की लाई पेंटिंग एसपीजी जवानों से लेने को कहा कि साथ ही बच्चे से कहा- मैं आपको चिट्ठी लिखूंगा।

**जमानती नेताओं ने चुनाव में इसे खूब फैलाया लेकिन लोगों ने इसे नकार दिया**



**पीएम ने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया**

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में बंगाल से MBBS छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता।** बीते दिनों दिल्ली में लालकिले के पास हुए धमाके के मामले में एनआईए ने जांच तेज कर दी है। इसके तहत जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एक एमबीबीएस छात्र जानिसुर उर्फ निसार आलम को आतंक संगठनों से कथित संबंधों के शक के आधार पर गिरफ्तार किया है।

# फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, नौ की मौत, 32 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11.22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआईएमएस सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉडयूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डा. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवम्बर को दिल्ली में लालकिला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए ब्लास्ट में मारे गए दर्जी मोहम्मद शफी पैरी को शनिवार को दफनाया गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर ब्लास्ट में थाने की आसपास की जिन भी -शेष पृष्ठ दो पर



**मृतकों में एक इंस्पेक्टर, तीन फॉरेंसिक टीम मेंबर, दो क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, दो राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल**

**व्हाइट कॉलर आतंकी मॉडयूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में जोरदार ब्लास्ट हुआ**

### नौगाम थाने में विस्फोट दुर्घटनावश हुआ: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात हुए विस्फोट को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना बताते हुए कहा है कि यह जब्त किये गये विस्फोटक पदार्थों और रसायनों को परीक्षण के लिए भेजे जाने से पहले हुआ जिसके कारणों की जांच की जा रही है और इसे लेकर अनावश्यक अटकलें नहीं लगाई जानी चाहिए।

# 200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से जुड़े लगभग 200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर हैं। जैश-ए-मोहम्मद की महिला रिक्रूटर डा. शाहीन के नेटवर्क से उनके संबंधों की जांच हो रही है।

दिल्ली बम ब्लास्ट की जांच आगे बढ़ रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने लिस्ट तैयार की है और एक एक कर सबसे पूछताछ की जा रही है। मामले के तार कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के साथ साथ विदेशों से भी जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, इन डाक्टरों और छात्रों के डा. शाहीन, डा. उमर मोहम्मद से और अन्य आरोपियों से संपर्क रहे हैं और यह जांच की जा रही है कि जा रही है कि कहीं यह व्हाइट कालर मॉड्यूल का हिस्सा तो नहीं। उत्तर प्रदेश के

**लिस्ट तैयार, एक-एक कर सबसे होगी पूछताछ**

करीब 200 डाक्टर एजेंसियों के रडार पर हैं। गिरफ्तार होने वाली महिला डाक्टर शाहीन ने पाकिस्तान समेत कई देशों में नेटवर्क बनाया था। उसके संपर्क में पाकिस्तान सेना के डाक्टर समेत कश्मीरी मूल के कई और डाक्टर और छात्र थे। यूपी में काम करने वाले कश्मीरी मूल के करीब 200 डाक्टर और मेडिकल स्टूडेंट एजेंसियों के रडार पर हैं। सूत्रों से खुलासा हुआ है कि डाक्टर शाहीन लगातार यूपी में काम करने वाले 30 से 40 डाक्टर के संपर्क में थी। शाहीन वह महिला है, जिसे जैश-ए-मोहम्मद का हिंदुस्तान में महिला विंग का रिक्रूटर माना जा रहा है।






## संक्षिप्त समाचार

### मनोज कुमार सिंह बने राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को तीन साल के लिए राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विशेष दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य योजना आयोग1 की अधिसूचना के अनुसार मनोज कुमार सिंह को आयोग में कार्यभार ग्रहण करने के लिए नामित किया गया है। आदेश के मुताबिक उन्हें पूर्व कार्यकारी अनुभव को आधार मानते हुए तीन साल तक मुख्य कार्यकारी स्तर पर सेवाएं देने के लिए अधिकृत किया गया है। इस अवधि में उन्हें वेतन तथा नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मादक पदार्थों के तस्कर की इमारत को किया ध्वस्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को उधमपुर जिला में मादक पदार्थों के एक कुख्यात तस्कर की करोघें रुपये की इमारत को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि चेनानी तहसील के नरसू निवासी माखन दीन नामक मादक पदार्थ तस्कर की इमारत को ध्वस्त कर दिया गया है। माखन दीन एक आदतन अपराधी है और विभिन्न मामलों में संलिप्त पाया गया है। नशीले पदार्थों की तस्करी में लगातार संलिप्तता के कारण उसे पीआईटी एनडीपीएस के तहत भी हिरासत में लिया गया था और वर्तमान में वह जम्मू के कोट भलवाल केंद्रीय कारागार में बंद है। पुलिस ने बताया कि जांच अधिकारी ने पाया कि माखन दीन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर नरसू चेनानी में राष्ट्रीय राजमार्ग ्द्धएनएचत्र्ञ 44 पर करोड़ों रुपये की पांच व्यावसायिक संपत्तियां और एक आवासीय संपत्ति का निर्माण किया था।

# फैसलों में मिश्रित हिन्दी-अंग्रेजी के प्रयोग पर आपत्ति

**प्रयागराज, वार्ता**

- हाईकोर्ट ने कहा- ट्रायल कोर्ट हिंदी या अंग्रेजी में लिखें फैसले, न हो दोनों भाषाओं का

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परीक्षण न्यायालयों (ट्रायल कोर्ट) के फैसलों में हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा के प्रयोग पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने कहा है कि फैसले पूरी तरह से हिंदी या अंग्रेजी में हों।

मिश्रित भाषा में फैसले लिखना पूरी तरह से गलत और अस्वीकार्य है। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति अजय कुमार द्वितीय की खंडपीठ ने आगरा की सत्र अदालत के 54 पन्नों के फैसले को अवांछनीय परंपरा का अभूतपूर्व उदाहरण बताया। साथ ही इस आदेश की प्रति मुख्य न्यायाधीश को भेजने और प्रदेश के सभी न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हिंदी भाषी राज्य में फैसलों को हिंदी में लिखने का उद्देश्य यह है कि सामान्य वादी-प्रतिवादी भी अदालत की बात और उसके तर्क को समझ सके। यदि निर्णय का आधा हिस्सा अंग्रेजी और आधा हिंदी में होगा, तो आम हिंदी भाषी व्यक्ति फैसले का अभिप्राय समझ नहीं पाएगा। अदालत ने पाया कि संबंधित फैसले में 199 पैरा में से 63 अंग्रेजी, 125 हिंदी और 11 में दोनों भाषाओं के मिले-जुले शब्द थे। कुछ पैरा तो ऐसे थे, जिनमें आधा वाक्य हिंदी और आधा अंग्रेजी में लिखा गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि निर्णय हिंदी में लिखा जा रहा हो, तो उच्च न्यायालय या सुप्रीम कोर्ट के अंग्रेजी उद्धरण को कोट करना उचित है, लेकिन इसका हिंदी अनुवाद भी जरूर दिया जाए। वहीं अंग्रेजी भाषा में लिखे निर्णय में हिंदी में दर्ज मरने से पहले के बयान (डाइंग डिक्लेरेशन) को जस का तस लिखा जा सकता है। मामला आगरा के बरहन थाना क्षेत्र का है। ट्रायल कोर्ट ने 2021 में दहेज हत्या के मामले में पति रवि को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ मृतका अंकिता के पिता वेद प्रकाश त्यागी ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाते हुए अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि मृतका की मौत विवाह के सात वर्ष के भीतर जरूर हुई थी और विषाक्तता से हुई थी, लेकिन दहेज की मांग से जुड़ीं क्रूरताओं का कोई ठोस प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं आया। गवाहों के बयान भी परस्पर विरोधी पाए गए। साथ ही पति द्वारा पत्नी को अस्पताल ले जाना, खर्च वहन करना और अंतिम संस्कार करना उसके सद्भावपूर्ण आचरण को दर्शाता है। साक्ष्यों के अनुसार अभियोजन मृत्यु से ठीक पहले क्रूरता या उत्पीड़न साबित करने में विफल रहा।

### अपर्याप्त कोष के आधार पर जीपीएफ का भुगतान न करने पर कोर्ट हैरान

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सेवानिवृत्त सहायक अध्यापिका की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) का भुगतान श्कोष की अपर्याप्तताश्‍ के आधार पर रोके जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वित्त एवं लेखा अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा का वेतन तत्काल प्रभाव से तब तक के लिए रोक दिया जाए, जब तक कि याची के जीपीएफ राशि का ब्याज सहित भुगतान नहीं हो जाता। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने मीना कुमारी शर्मा की याचिका पर दिया है। याची 31 मार्च 2023 को सहायक अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। उन्हें अभी तक जीपीएफ (37 लाख 27 हजार 9 सौ 66 रुपये) का भुगतान नहीं किया गया है। इसे लेकर उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

# आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर कांग्रेस को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची में तीन लाख नए नाम जोड़ने संबंधी कांग्रेस के सवाल पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि मतदान से दस दिन पहले तक सूची में नए नाम जोड़ने का नियम है और उसी के तहत 30 सितम्बर की सूची के मुकाबले छह अक्टूबर की मतदाता सूची में तीन लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं।

आयोग ने एक सप्ताह के भीतर मतदाता सूची में तीन लाख नए जाड़ने को लेकर कांग्रेस के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि आयोग के नियमों में मतदान से दस दिन पहले तक यदि कोई मतदाता नाम जोड़ना चाहता है, तो उसे मतदाता सूची में जोड़ने का विधान है। आयोग ने कहा है कि बिहार में अतिरिक्त तीन लाख मतदाताओं के बढ़ने को लेकर कांग्रेस ने जो सवाल उठाया है उस पर स्पष्टीकरण देना जरूरी है। चुनाव आयोग के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 6 अक्टूबर को प्रेस नोट में बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ और मतदान के बाद की विज्ञप्ति में 7.45 करोड़ बताई है। कांग्रेस ने अतिरिक्त तीन लाख वोटरों को बढ़ने को लेकर जो सवाल उठाए हैं उन पर स्पष्टीकरण जरूरी है। आयोग ने कहा कि छह अक्टूबर को बताई गई 7.42 करोड़ निर्वाचकों की संख्या, 30 सितम्बर को निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित थी।

# अतीक के गुर्गों से मुक्त कराई गई 48 बीघा सरकारी जमीन

**प्रयागराज, वार्ता**

- जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मृतक अतीक अहमद के गुर्गों के द्वारा कब्जे से 48 बीघा सरकारी जमीन मुक्त करा ली गई है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के नसीरपुर सिलना गांव में अतीक के गुर्गों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ था, जिसको आज शनिवार को एसडीएम सदर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुक्त कराया गया।

इस जमीन को अब ग्रामसभा के नाम पर दर्ज कराया जाएगा। अतीक अहमद के गुर्गों से कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नसीरपुर सिलना की खतौनी 1428-33 फसली वर्ष की आराजी संख्या 29 रकबा 1-7010 श्रेणी 3 के रूप में दर्ज मिलने की जांच कराई गई। उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था नियमावली 1952 के नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए एसडीएम सदर ने मौजा नसीरपुर सिलना परगना व तहसील सदर में दर्ज को 14 गाटे को चिन्हित किया, जिनका कुल रकबा 8-7550 हेक्टेयर यानि कुल 38 बीघा जमीन पर कब्जा पाया गया था।

इस पूरी जमीन से खातेदारों के नाम निरस्त ग्राम सभा के नाम पर दर्ज कराया गया, जमीन अवैध कब्जे से मुक्त करने के बाद तहसीलदार सदर के जरिए राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को भूमि की सुरक्षा का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है। सरकारी जमीन पर अतीक के करीबी अमानुल्ला, इश्तियाक अहमद, एकबाल अहमद, गुलाम गौस, एकलाख अहमद व मोहम्मद बिटनिया के नाम पर दर्ज है।

## बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर उठे गंभीर सवाल

# समाजवादी पार्टी को लेना होगा बड़ा सबक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- भाजपा की रणनीति पर गहराई से गौर करना होगा वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी हुआ
- अखिलेश यादव ने बिहार में महागठबंधन की हार के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया

**लखनऊ।** बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर सपा को भी इससे सबक लेना होगा। भाजपा की रणनीति पर जहां गहराई से गौर करना होगा, वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी है। बिहार के नतीजों के बाद सपा के अंदर से ही ये बातें उठने लगी हैं। हालांकि सपा नेतृत्व ने बिहार के नतीजों के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया है।

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनी. ति के जानकार कहते हैं कि भाजपा दोतरफा मार कर रही है। एक, मुफ्त में लाभ वाली योजनाओं पर उसका जोर है, तो दूसरा विपक्षी पार्टियों पर कानून-व्यवस्था को लेकर चोट कर रही है। सपा को इन दोनों बातों को ध्यान में रखना होगा। उसे खुलकर कहना होगा कि जो कानून के साथ, पार्टी उनके साथ। बिहार चुनाव में भाजपा नेतृत्व ने लालू राज की अराजकताओं को याद दिलाकर वोटरों को अपने पक्ष में करने में सफलता हासिल की। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ काफी असहज स्थिति रही। कई जगह पर दोनों दल आमने-सामने आ गए। अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार। बिहार चुनाव ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया। अब यह दीगर है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लेकर यही बात नहीं कही जा सकती है। इसलिए उत्तर प्रदेश के लिए अपनी रणनीति तय करते समय कांग्रेस को लेकर सपा नेतृत्व को इन बातों को ध्यान में रखना होगा। पूर्व में रहीं सपा सरकारों के काम जनता के मन में पार्टी के लिए सकारात्मक भाव पैदा कर सकते हैं, लेकिन कानून-व्यवस्था के सवाल पर चुनाव से पहले जनता का भरोसा जीतना सपा के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा। जानकार कहते हैं कि विगत लोकसभा चुनाव में सपा बेहतर परिणाम देकर खुद की रणनीति की सफलता साबित कर चुकी है, लेकिन ध्यान रखना होगा कि कानून- व्यवस्था लोकसभा चुनाव का नहीं, बल्कि राज्यों के चुनाव का विषय ज्यादा होता है। बिहार में राजद ने जितनी सीटें जीतीं, उसमें सपा का 16 प्रतिशत योगदान रहा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 25 विधानसभा क्षेत्रों में आठ दिन लगातार जनसभाएं कीं। इसमें से महज चार सीटों पर ही राजद जीती। शेष 21 सीटों पर एनडीए की आंधी चली।

### बिहार विधानसभा चुनाव ने मायावती को फिर दिया झटका

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। बिहार में बसपा को केवल एक सीट पर विजय मिली है, जिसने पार्टी को सो. चने पर मजबूर कर दिया है। बिहार में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बसपा के सतीश कुमार सिंह यादव और भाजपा के अशोक कुमार सिंह के बीच कांटे की टक्कर में, बसपा उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी से मात्र 30 वोटों से जीत हासिल की। इस बार बिहार में बसपा ने जिन 192 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से रामगढ़ एकमात्र सीट है, जिस पर उसने जीत हासिल की। सतीश यादव को 72,689 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 72,659 वोट मिले। हालांकि मतगणना के दिन यादव शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन अंतर कम होता गया। मतगणना के दूसरे-आखिरी दौर तक, यादव केवल 175 वोटों से आगे थे। इस सीट का अंतिम परिणाम शुक्रवार देर रात घोषित किया गया, क्योंकि मतगणना का आखिरी दौर असामान्य रूप से लंबा चला।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84466.51
निफ्टी 25875.80

सोना रु. 125980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 160100
प्रति किलो



# जेम्स और आभूषणों का निर्यात अक्टूबर में 31 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के बाद अक्टूबर में भारत से जेम्स और आभूषणों के निर्यात में करीब 31 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के अनुसार अक्टूबर 2025 में देश का जेम्स और आभूषण निर्यात 216.81 करोड़ डॉलर (19,172.89 करोड़ रुपये) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 312.25 करोड़ डॉलर (26,237.1 करोड़ रुपये) के मुक. ाबले 30.57 प्रतिशत कम है। इसी तरह, आयात 19.2 फीसदी घटकर 127.68 करोड़ (11,299.6 करोड़ रुपये) रहा। जीजेईपीसी ने बताया कि अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में सुस्त आर्थिक वृद्धि, उच्च



ब्याज दर, सतर्क उपभोक्ता खर्च और वैश्विक अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। इसके अलावा सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सीमित वित्तपोषण और प्रयोगशालाओं में बने हीरों के कारोबार में समायोजन भी निर्यात-आयात को प्रभावित कर रहे हैं।

काउंसिल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कट और पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 27 प्रतिशत घटकर 102.60 करोड़ डॉलर रह गया। आयात में भी सालाना आधार पर 35.76 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 13. 30 करोड़ डॉलर रहा। रफ डायमंड्स का आयात अप्रैल-अक्टूबर 2025 में 6.57 प्रतिशत घटकर 645.16 करोड़ डॉलर हो गया। प्रयोगशाला में तैयार पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 34. 9 फीसदी घटकर 9.44 करोड़ डॉलर रह गया। अप्रैल-अक्टूबर में कुल निर्यात 12.95 प्रतिशत घटा और 68. 12 करोड़ डॉलर रहा। सोने के आभूषणों की बात करें, तो अक्टूबर में सामान्य सोने के आभूषणों का निर्यात 38.95 फीसदी घटकर 28.91 करोड़ रुपये रहा। इसमें अप्रैल-अक्टूबर में 29.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। सोने के जड़ित आभूषणों के निर्यात में अमे. रिकी टैरिफ के कारण अक्टूबर में 21. 4 प्रतिशत की कमी देखी गई। चांदी के आभूषणों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 71.78 करोड़ डॉलर रहा। यह पिछले वर्ष के 65.30 करोड़ डॉलर से 9.93 प्रतिशत अधिक है।


### यूपी में अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शनिवार तक धान क्रय केंद्रों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीद की जा चुकी थी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि धान खरीद की नियमित समीक्षा हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार दोपहर तक धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या 3.93 लाख पार कर गई। वहीं अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन की भी खरीद हो चुकी है। सरकार ने 4000 धान क्रय केंद्र का लक्ष्य रखा था, जिससे आगे बढ़ते हुए किसानों की सुविधा के लिए 4143 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं धान लेकर पहुंच रहे किसानों के लिए क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। खाद व रसद विभाग के मुताबिक शनिवार दोपहर तक 53,330 किसानों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं धान खरीद विपणन सत्र 2025-26 के लिए 3,93,389 किसानों ने शनिवार तक पंजीकरण भी करा लिया है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि 4143 धान क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालें सस्ती, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालें भी सस्ती हुई। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

चावल की औसत कीमत 37 रुपये घटकर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गई। गेहूं भी 14 रुपये गिरकर 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में दो रुपये की नरमी रही और यह 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में आज घट-बढ़ देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 212 रुपये और वनस्पति की 74 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं सरसों तेल 34 रुपये और सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रहा। पाम ऑयल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 93 रुपये और चना दाल की 60 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल के दाम भी 123 रुपये प्रति क्विंटल घटे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 18 रुपये प्रति



क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.75 रुपये, मसूर काली 8098.83 रुपये, मूंग दाल 10089.10 रुपये, उड़द दाल 10372.10 रुपये, तुअर दाल 10506.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.13 रुपये और चावल 3818.29 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4325.08 रुपये और गुड़ 5009.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17764.83 रुपये, मूंगफली तेल 17490.10 रुपये, सूरजमुखी तेल 15678 रुपये, सोया तेल 13767.49 रुपये, पाम ऑयल 12487.72 रुपये और वनस्पति 14430.48 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आगरा में सुरक्षा एजेंसियों ने मॉकड्रिल से परखे सुरक्षा इंतजाम

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। शुक्रवार की रात में मॉकड्रिल में दिखाया गया कि एक संदिग्ध व्यक्ति मेट्रो स्टेशन के अंदर विस्फोट के इरादे से विस्फोटक सामान लेकर घुसा है। मौके पर मौजूद एसएसएफ के जवान ने स्टेशन सुरक्षा प्रभारी को सूचना दी उसके बाद मेट्रो स्टेशन पर हाई अलर्ट कर दिया गया।

एसएसएफ की क्यूआरटी टीम एक्शन में आई और छह टीमें बना कर मेट्रो स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति को सांकेतिक रूप से गिरफ्तार करके पुलिस को सौंपा जिसके पास प्रतीकात्मक विस्फोटक सामान था। करीब एक घंटे तक इस तरह से मॉकड्रिल की गई। दरअसल दिल्ली में लाल किला के नजदीक हुए ब्लास्ट के मद्देनजर पूरे देश में हाई अलर्ट है लिहाजा मुख्य और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा में लापरवाही न हो उसके लिए मॉकड्रिल की जा रही है। आगरा में मेट्रो ट्रेन संचालित है और बड़ी तादात में देशी और विदेशी पर्यटक ताजमहल देखने आते हैं। ऐसे में कोई लापरवाही न हो और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बल सतर्क हैं लिहाजा एसएसएफ के जवानों ने मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**फरीदाबाद से जब्त...** इमारतों को नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई राज्य सरकार करेगी। नौगाम पुलिस स्टेशन ब्लास्ट मामले पर, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह हमारी गलती है, जिन्हें इस विस्फोटक की बेहतर समझ है, हमें उनके साथ पहले बात करनी चाहिए थी कि इसे कैसे संभालना है, खुद ही हाथ-पांव मारने के बजाय आप नतीजा देख ही चुके हैं, 9 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि वहां कई घरों को नुकसान हुआ। हम अभी दिल्ली में चल रही उस आलोचना से बाहर नहीं आए हैं, जहां हर कश्मीरी पर उंगली उठाई जा रही है। वह दिन कब आएगा जब वे स्वीकार करेंगे कि हम भी भारतीय हैं और हम इसके जिम्मेदार नहीं हैं। उन लोगों से पूछिए जो जिम्मेदार हैं कि इन डाक्टरों को यह रास्ता क्यों अपनाना पड़ा? कारण क्या था? इसकी पूरी तरह जांच और अध्ययन की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को नौगाम पुलिस स्टेशन विस्फोट में घायल लोगों से मिले। उन्होंने उजाला सिग्नस अस्पताल का दौरा किया। एलजी मनोज सिन्हा ने घायलों की सेहत के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है।

# आतंकी धमकी देने वालों का पता लगाएगा ट्रिपल आईटी का एआई बेस्ड सॉफ्टवेयर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का ट्रिपल आईटी संस्थान एक ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जो आतंकी धमकी देने वालों की तह तक जाएगा। इसके लिए यहां के एक्सपर्ट एआई बेस्ड साफ्टवेयर बनाने जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से करीब 4.73 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। इस तरह का यह देश का पहला सिस्टम होगा।

इससे पलक झपकते ही साइबर टेररिज्म को आसानी से नाकाम किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी भी कोने से बैठ कर कोई भी यदि भारत पर बुरी नजर रखता है, तो वह बच नहीं पाएगा। धमकी देने वाला व्यक्ति कहां पर छिपा बैठा हुआ है। उसकी जानकारी तत्काल यह



सिस्टम आसानी से पता लगा सकेगा, कि यह धमकी कहां से आई है। ट्रिपल आईटी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. बृजेंद्र सिंह की देखरेख में इस पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रो. वृजेंद्र सिंह ने बताया कि मिनिस्ट्री आफ इलेक्ट्रानिक एंड टेक्नोलॉजी एंड इंफार्मेशन की तरफ से यह प्रोजेक्ट संस्थान को दिया गया है। देखा जा रहा है कि आजकल साइबर सिस्टम का दुरुपयोग बहुत किया जाता है। बहुत सारी असामाजिक गति. विधियां होती रहती हैं। कहीं बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है, तो कहीं अन्य तरह की धमकियां मिलती रहती है। इसका पता लगाने के लिए सरकार को तमाम एजेंसियों को लगाना पड़ता है। समय के साथ काफी पैसे भी खर्च होते हैं। बाद में यह पता चलता है कि फेक काल्स थी या फर्जी सूचनाएं हैं। इससे लोगों में डर का माहौल भी पैदा हो जाता है। प्रो. सिंह ने बताया कि जो एजेंटिक एआई बेस्ड सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें तत्काल आसानी से धमकी देने वालों को लोकेट किया जा सकता है। इतना ही नहीं लोकेट करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को रियल टाइम में अलर्ट भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें हम वीपीएन-एलएलएम (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) टाइप का सिस्टम डेवलप कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भूकंप से बचाव को 80 स्थानों पर मॉकड्रिल

## मॉक अभ्यास का दस्तावेजीकरण करें सभी जनपदः सीएस

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भूकंप तथा भूकंप जनित आपदाओं से बचाव तथा भूकंप आने पर विभिन्न रेखीय विभागों की तैयारियों को परखने के लिए शनिवार को राज्य के सभी 13 जनपदों में 80 से भी अधिक स्थानों पर राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह पहला अवसर है जब यूएसडीएमए द्वारा इतने बड़े स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल की निगरानी राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से की गई। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने एसईओसी पहुंचकर मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया।

उन्होंने जिलाधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति, टीमों की तैनाती, क्षति तथा विभागीय समन्वय की वास्तविक तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने ग्राउंड जीरो पर मौजूद इंसीडेंट कमाण्डरों तथा राहत एवं बचाव कार्य में जुटे कर्मियों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने जनपदों से पूछा कि राज्य स्तर पर उन्हें किस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता है।मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि इस राज्यव्यापी मॉक ड्रिल का उद्देश्य भूकम्प जैसी आपदा में प्रशासनिक तत्परता का परीक्षण, विभिन्न विभागों के मध्य आपसी समन्वय को मजबूत करना, संचार एवं समन्वय तंत्र की खामियों की पहचान कर उन्हें दूर करना तथा फील्ड स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना है, ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में किसी प्रकार की देरी या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।



**मुख्य सचिव ने भूकंप पर आधारित मॉक ड्रिल का किया निरीक्षण, राज्य के सभी 13 जनपदों में 80 से अधिक स्थानों पर हुई मॉक ड्रिल**

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि मॉक अभ्यास का विस्तृत डाक्यूमेंटेशन तैयार किया जाए और अभ्यास के दौरान जिन कार्यों में कमी या सुधार की आवश्यकता महसूस हुई है, उन्हें जिला स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि शासन द्वारा इन सुधारात्मक गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता और सभी तरह का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि रेस्क्यू एवं रिलीफ टीमों के रिस्पांस टाइम को और बेहतर किया जाए, आईआरएस प्रणाली के तहत अधिकारियों द्वारा अपने-अपने दायित्वों की पुनः समीक्षा की जाए, एसईओसी और डीईओसी के बीच संचार व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा अस्पतालों, स्कूलों, विद्युत परियोजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं से जुड़े विभाग अपने एसओपी को दोबारा परखकर उनकी तत्परता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मॉक अभ्यास राज्य की आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करते हैं और वास्तविक संकट के समय सुव्यवस्थित कार्रवाई सुनिश्चित करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होते हैं।इस अवसर पर आईजी फायर मुख्तार मोहसिन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ बिमलेश जोशी आदि मौजूद थे।

### भूकम्प मॉक ड्रिल राज्य की वास्तविक तैयारी का महत्वपूर्ण परीक्षण : रुहेला

उपाध्यक्ष राज्य सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग विनय कुमार रुहेला ने कहा कि भूकम्प मॉक ड्रिल राज्य की वास्तविक तैयारी का महत्वपूर्ण परीक्षण है और इस अभ्यास से मिली सीख को तुरंत लागू करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ड्रिल के दौरान जिन बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता सामने आई है, उन्हें विभागीय स्तर पर शीघ्रता से दूर किया जाए तथा फील्ड में तैनात सभी टीमें अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप तत्परता बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन, यूएसडीएमए और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय को और मजबूत करें, क्योंकि किसी भी आपदा में त्वरित और संगठित प्रतिक्रिया ही जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

# सीएम ने किया लीडिंग लेडीज ऑफ इण्डिया पुस्तक का विमोचन



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मोहनी रोड स्थित दून इंटरनेशल स्कूल में देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने वेणु अग्रहारा ढ़ींगरा द्वारा लिखित पुस्तक लीडिंग लेडीज ऑफ इण्डिया पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य भावनाओं, विचारों और अनुभवों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता में भी साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आशा जताई कि लीडिंग लेडीज ऑफ इण्डिया पुस्तक पाठकों विशेष रूप से महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

**दून इंटरनेशल स्कूल में देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल आयोजित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। इस अवसर पर श्रीमती गीता पुष्कर धामी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, दून इंटरनेशल स्कूल समूह के संस्थापक डी.एस.मान एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# नेहा जोशी नेबिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात



**देहरादून।**भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखंड की प्रदेश मंत्री नेहा जोशी ने शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं बिहार विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें एनडीए गठबंधन की बिहार में ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।इस चुनाव में धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में भाजपा बिहार विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी भी बन गई है। गौरतलब है कि हरियाणा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों में बतौर चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान की रणनीतिक भूमिका की हर ओर चर्चा हो रही है।

# पटेलनगर में हुई नकबजनी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** करीब एक सप्ताह पूर्व बंद पड़े मकान में लाखों रुपए की चोरी किए जाने के मामले का खुलासा करते हुए पटेल नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी वारदात दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई नगदी और सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं पकड़े गए दोनों कर इससे पूर्वी चोरी की कई वार्ताओं में शामिल रहे हैंस

कोतवाली पटेल नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए अंकुर सैनी पुत्र अशोक सैनी, निवासी एचपी गैस गोदाम शिव मन्दिर पित्थुवाला खुर्द, ने बताया कि विगत 7 नवंबर को वह अपने परिजनों के साथ किसी कार्य से भर गया था जब वह अपने परिजनों के साथ वापस अपने मकान पर पहुंचा तो मकान के ताले टूटे देखकर उसके फाख्ता हो गए थे मकान के अंदर से चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर नगदी और जेवर चोरी कर लिए थे जिनकी कीमत लाखों रुपए है समामले की कंप्यूटर को देखते हुए कोतवाली पटेलनगर में धारा 305 (ए))/331(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपए की चोरी किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर को पुलिस टीम गठित कर शीघ्र चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए थे इसके बाद हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया कोतवाली पटेल नगर मैं बनाई गई पुलिस टीम ने शनिवार को चौकिंग के दौरान चोरी की वारदात को अजांम देने वाले दो शातिर चोरों -जावेद अन्सारी पुत्र मौ0 इरफान -कृष्ण गोपाल पुत्र जयप्रकाश को चन्द्रबनी चौक से बाईल्ड लाईफ की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से घटना में चोरी की गई नगदी, ज्वैलरी व दस्तावेज बरामद किये गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से जारी किए गए प्रेस नोट में इस बात का उल्लेख किया गया कि गिरफ्तार दोनों चोर नशे के आदी हैं तथा अपने नशे की पूर्ति के लिए उनके द्वारा उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। दोनो अभियुक्त पूर्व में भी चोरी तथा मादक पदार्थों की तस्करी में जेल जा चुके हैस पकड़े गए दोनों चोरों को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# जनजातीय समाज देश की विविधता की ताकत : सीएम

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि शनिवार को रेंजर ग्राउंड्स, देहरादून में आयोजित आदि गौरव महोत्सव में प्रतिभाग किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी को जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दीं और भगवान बिरसा मुंडा को कोटि-कोटि नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ष्आदि गौरव महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपराओं, वीरता, संस्कृति और आस्था का उत्सव है। ऐसे आयोजन जनजातीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं तथा समाज के अन्य वर्गों को जनजातीय समुदाय की समृद्ध कला और संस्कृति से परिर्. चत कराते हैं।अपने संबोधन में



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी संघर्ष, स्वाभिमान और संगठित शक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि ष्जब तक समाज की सबसे कमजोर कड़ी मजबूत नहीं होती, तब तक देश वास्तविक रूप से मजबूत नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जनजातीय समाज के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय बजट को तीन गुना तक बढ़ाना, जनजातीय समुदाय के प्रति उनकी संवे. दनशीलता का परिचायक है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत उत्तराखंड के 128 जनजातीय गांवों को चिह्नित किया गया है, जहां आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में देशभर और राज्य के विभिन्न जनजातिया एवं सांस्कृतिक समूहों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।राज्य सरकार जनजातीय समाज के लिए कर रही अनेक काम मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण भी साझा किया ।

**आदि गौरव महोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी, भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि**

कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, मुन्ना सिंह चौहान, सविता कपूर, सचिव एवं अपर सचिव समाज कल्याण व विभाग के अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से मिले गोदियाल, आज संभालेंगे पदभार

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शनिवार को दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। गणेश गोदियाल ने मल्लिकार्जुन खड़गे से उत्तराखंड से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गणेश गोदियाल रविवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा, दोनों सह प्रभारी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत मौजूद रहेंगे। देहरादून स्थित मुख्यालय में गोदियाल के पदभार ग्रहण कार्यक्रम की भव्य तैयारियां की जा रही हैं।

# औद्योगिक विकास के नए दौर के लिए बनायें ठोस कार्ययोजना :सीएस

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।**मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में स्टेट इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (सिडकुल) के निदेशक मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने आगामी पच्चीस सालों की आवश्यकताओं और संभावनाओं का ध्यान रखते हुए राज्य में औद्योगिक विकास के नए दौर का सूत्रपात करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने गहनता से अध्ययन कर राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में विद्यमान संभावनाओं के अनुरूप विशिष्ट औद्योगिक 'हब' विकसित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा की पर्वतीय क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए भी उपयुक्त संभावनाओं को तलाशा जाय।

सिडकुल मुख्यालय में आयोजित सिडकुल के निदेशक मंडल की 67वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने कहा कि राज्य के उद्योगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं व सहूलियतें उपलब्ध कराने के लिए उद्योग विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करना होगा। औद्योगिक विकास की राह में आने वाली किसी भी अड़चन को दूर करने के लिए तत्परता से कार्य किया जाय। उद्योगों को बेहतर माहौल देने के साथ ही बिजली की पर्याप्त एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। मुख्य सचिव ने हरिद्वार में नव निर्मित फ्लैटेड फैक्टरी में छोटी औद्योगिक इकाईयों एवं स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध अवस्थापना सुविधाओं का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किए जाने के भी निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने प्रमुख औद्योगिक आस्थानों के अलावा राज्य के अन्य क्षेत्रों में सिडकुल के पास उपलब्ध परिसंपत्तियों का पूरा ब्यौरा तैयार कर उनके बेहतर इस्तेमाल की कार्ययोजना तैयार करने तथा आवंटित जमीनों पर तय समय के भीतर औद्योगिक इकाईयों की स्थापना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में आईटी हब, सेमी कंडक्टर हब, डाटा सेंटर की स्थापना जैसी नए दौर की संभावनाओं को साकार करने के लिए अनुकूल ईको सिस्टम का सृजन करने की दिशा में कारगर पहल किया जाना जरूरी है। जिससे लिए संबंधित विभागों व संगठनों को प्रतिबद्धता से जुटना होगा।बैठक में प्रमुख सचिव आर.मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव वित्त दिलीप जावलकर, सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय, सिडकुल के प्रबंध निदेशक डॉ. सौरभ गहरवार, निदेशक मंडल के सदस्य सिडबी के डीजीएम सिद्धार्थ मंडल, उद्योगों के प्रतिनिधि के तौर पर स्वतंत्र निदेशक अविनाश विरमानी तथा पुनीत वाधवा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।



**मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सिडकुल के निदेशक मंडल की बैठक ,कहा- पर्वतीय क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए भी उपयुक्त संभावनाओं को तलाशा जाय**


## कार्यालय नगर निगम रूड़की जनपद - हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

दूरभाष नम्बर : 01332-272666 ई-मेल आई0डी0 nagarnigamroorkee@gmail.com

पत्रांक : 1084 / कर अनु0 / ई0 - निविदा /न0नि0रू0/2025-26 दिनांक: 14/11/2025

**Press Note**

**E-Tender Notice**

Nagar Nigam Roorkee invites open E-Tender in Two Bid System **"Adbertisement Right On 1300 Pol Kiosk With In Nagar Nigam Roorkee Periphery."** Tenders Details are given below.

| Sr. No | Bid Publish Date | Bid Submission Starting Date | Bid Submission End Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15-11-2025 | 19-11-2025 | 29-11-2025 | 30-11-2025 |

Note :-

1- For More Details visit to www.uktenders.gov.in.

2-All the Bidder should read the terms & Conditions of the tender before the filling. As per the tender conditions technical analysis will be done by section.

सहायक नगर आयुक्त,
नगर निगम, रूड़की।



## कार्यालय नगर परिषद जसपुर (उधमसिंह नगर)

email:-nppjashpur@gmail.com Fax or Phone No- 05947220058

पत्रांक : 1720/04/-सम्पत्ति कर अनुभाग/2025-26/2025 दिनांक : 15/11/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जात है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर जिला उधमसिंह नगर के कर विभाग में अभिलेखों में नामान्तरण/दाखिल खारिज हेतु आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त हुए है- सूची निम्नवत् है।

| क्र. स. | आवेदन का दिनांक | मौहल्ला /डिगाण्ड रजि0 संख्या | वर्तमान अभिलेखों में दर्ज नाम व पता | नामान्तरण होने वाले का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 17.10.2025 | नई बस्ती | N/A | श्री मुनीर अहमद पुत्र श्री सिराजुद्दीन | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 02 | 31.11.2025 | नई बस्ती पूर्वी /1820 भवन | श्री नईम अहमद पुत्र श्री याकूब | श्रीमती जेबा बेगम पत्नि श्री नईम अहमद | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 03 | 14.11.2025 | दिल्ला सिंह / 166 भवन | श्री सुदर्शन कुमार, श्री लोकेश कुमार पुत्र नारायण सिंह | श्रीमती ज्योति पत्नि श्री विपिन कुमार व श्री लोकेश कुमार पुत्र श्री नारायण सिंह | रजिस्टर्ड बैनामा |

जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामान्तरण/दाखिल-खारिज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह एक माह (30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर नामान्तरण/दाखिल-खारिज कर दिया जायेगा, तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0जसपुर



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग नैनीताल

दूरभाष नं0 05942-235572 फैक्स नं0 05942-233549 Email:- eepdpwdntl@gmail.com

पत्रांक: 2657/17 एम0जी0 दिनांक: 15/11/2025

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल द्वारा निम्नलिखित कार्यो की मोहरबंद निविदा दिनांक 02-12-2025 के अपरान्ह 12:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17-11-2025 से 01-12-2025 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 02-12-2025 अपरान्ह: 12:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

01. अधीक्षण अभियंता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0 नैनीताल।
02. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल।
03. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल।
04. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 रूद्रपुर।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | निविदादाताओं के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | सासंद निधि के अंतर्गत जनपद नैनीताल के अंतर्गत ग्राम नाईसेला विकास खण्ड भीमताल में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छत के निर्माण कार्य। | 15000.00 | 1500+ 18 % GST | 02 माह | 45 दिन | मार्ग निर्माण कार्य हेतु "D" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |

निविदा दिनांक 02-12-25 को अपरान्ह 12:30 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रा०ख०, लो०नि०वि०, नैनीताल।

# आपदा की स्थिति में रिस्पांस टाइम परखा

## अल्मोड़ा और बागेश्वर में आपदा प्रबंधन टीमों ने किया भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** शनिवार को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारी को परखने के उद्देश्य से व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, फायर सर्विस, एसडीआरएफ समेत अन्य आपदा प्रबंधन इकाइयों के समन्वय से संचालित हुई।

मॉक ड्रिल के दौरान 5 प्रमुख क्षेत्रों आरसीएम मॉल, विशाल मेगा मार्ट, पिटकुल पावर हाउस पांडेखोला, जिला अस्पताल और आंगनबाड़ी केंद्र हुक्का क्लब को भूकंप से प्रभावित मानकर वहां रेस्क्यू, खोज एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। इन स्थलों पर आपदा के वास्तविक परिदृश्य का अनुकरण करते हुए प्रभावितों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार देने, भीड़ प्रबंधन करने और राहत कार्यों का मूल्यांकन किया गया। फायर सर्विस और मेडिकल टीमों ने त्वरित प्रतिक्रिया, घायल व्यक्तियों की प्राथमिक चिकित्सा, संदिग्ध क्षेत्रों का निरीक्षण तथा सुरक्षित निकासी का सफल प्रदर्शन किया। सभी ऑपरेशन्स की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की गई। मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल से न केवल आपदा प्रबंधन तंत्र की सक्रियता बढ़ती है, बल्कि संबंधित विभागों के बीच समन्वय भी मजबूत होता है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के अभ्यास कर जिले को आपदा प्रबंधन के लिहाज से और सक्षम बनाया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में जिला अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. नवीन चंद्र तिवारी, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक जीडी जोशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वहन किया।

**बागेश्वर।** शनिवार को भूकंप एवं सहवर्ती आपदाओं से निपटने के लिए एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने प्रभावी समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का प्रदर्शन किया। सुबह 9.57 बजे महर्षि विद्या मंदिर, बिलौना में 6.8 तीव्रता का भूकंप सिमुलेशन किया गया। इस दौरान फायर, पुलिस और मेडिकल टीमों ने निर्धारित समय में भवन की जांच की और तीन बच्चों को सुरक्षित निकाला, जबकि दो को मामूली चोटें आईं।

इसके अलावा 11 बच्चों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। गरुड़ क्षेत्र में पुरड़ा और स्पोर्ट्स ग्राउंड गागरीगोल में भूस्खलन जैसी स्थिति का अभ्यास किया गया, जिसमें सात लोग घायल हुए, जिनमें से चार को रेफर किया गया और तीन का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में जारी है। कांडा तहसील कार्यालय में दो आवासीय भवनों में दरारें आने का सीन तैयार किया गया, जिसमें छह लोगों को सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया।

कपकोट विद्युत उपकेंद्र में शॉर्ट सर्किट का अभ्यास किया गया, जिसमें पांच लोग घायल हुए और सभी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट में किया गया। विद्युत आपूर्ति को 20 मिनट में सामान्य कर दिया गया। दूसरी ओर, बागनाथ क्षेत्र में मलबे में दबने और एक व्यक्ति के सरयू नदी में गिरने का सिमुलेशन किया गया, जिसमें एसडीआरएफ टीम ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए व्यक्ति को सुरक्षित निकाला और छह घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने आपातकालीन परिचालन केंद्र से सभी घटनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की। उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल से विभागों के बीच समन्वय, समयबद्ध कार्रवाई और आपदा के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत किया गया है। इस अभ्यास के बाद डिब्रीफिंग सत्र में घटनास्थलों से प्राप्त फीडबैक की समीक्षा की गई, जिसमें टीमों की तैनाती, संचार व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और राहत-बचाव प्रक्रिया में आई चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिक. ारी एनएस नबियाल और आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रद्धापूर्वक मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

**अल्मोड़ा।** आदिवासी नायक और स्वतंत्रता संग्राम के प्रखर योद्धा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर अल्मोड़ा में शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों ने इस महान क्रांतिकारी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अल्मोड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष की अग्नि प्रज्वलित की थी। उनकी सोच, साहस और बलिदान आज भी प्रेरणा स्रोत हैं। कहा कि बिरसा मुंडा ने हमेशा शिक्षा, समान अधिकार और स्वाभिमान को मजबूत करने का संदेश दिया। आज उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। अंत में लोगों ने समाज में जागरूकता बढ़ाने और आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### ड्यूटी प्वाइंट पर सक्रिय रहकर करें ड्यूटी

**अल्मोड़ा।** नगर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी पुलिस कार्यालय सभागार में यातायात पुलिस कार्मिकों की बैठक ली गई। इस दौरान नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि नगर में यातायात नियंत्रण के प्रभावी प्रबंध करते हुए मुख्य बाजार क्षेत्र, पार्किंग स्थलों तथा नो-एंट्री जोनों पर विशेष निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी प्रकार की जाम या अव्यवस्था की स्थिति न बनने पाए इसके लिए समय-समय पर पेट्रोलिंग एवं ड्यूटी प्वाइंट पर सक्रिय रहकर डड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आमरण अनशन

**अल्मोड़ा।** चौखुटिया में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर ग्रामीणों का आमरण अनशन जारी है। शनिवार को भी ग्रामीणों ने धरना दिया और शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आमरण अनशन में ग्रामीणों ने कहा कि पिछले दो अक्टूबर से ग्रामीण बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से ग्रामीणों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि मांगों पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। प्रसव, दुर्घटना के साथ ही आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलता, जिससे कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

### विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग के अधीन विश्वविद्यालय साहित्यिक टीम तथा एल्यूमिनी अल्मा मेटर एडवांसमेंट एसोसिएशन (4ए) के सहयोग से अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के आईडीपी नाहेप भवन में किया गया। प्रतियोगिता का विषय उत्तराखंड की सांस्कृतिक एवं प्रगतिशील पहचान राज्य स्थापना से पूर्व की तुलना में अधिक सशक्त एवं जीवंत है था। प्रतिभागियों ने इस विषय पर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक-आर्थिक विकास तथा परंपरा एवं आधुनिकता के संतुलन से जुड़े पहलुओं पर प्रभावशाली ढंग से अपने तर्क प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने स्पष्ट सोच, तार्किक विश्लेषण और प्रभावी अभिव्यक्ति से प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक बनाया। अंग्रेजी भाषा में सक्षम छाबड़ा ने प्रथम स्थान, गीता बहुगुणा द्वितीय और सार्थक जोशी तृतीय स्थान पर रहे। नील यस्क बोरा को उनके प्रशंसनीय प्रदर्शन हेतु सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। हिंदी भाषा में कार्तिक सैनी ने प्रथम पुरस्कार जीता, वहीं भूमिका भारत्त एवं स्निग्ध अवस्थी क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।

### शराब में नुवान मिलाकर पी लिया

**बागेश्वर।** मालता निवासी 41 वर्षीय अधेड़ ने शराब में नुवान मिलाकर गटका। तबियत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लाए। अस्पताल में युवक का उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार मालता के जगदीश सिंह पुत्र खीम सिंह ने शनिवार की सुबह शराब में नुवान मिलाकर पी लिया। जिसके पश्चात वह उल्टियां करने लगा। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लाए। इधर युवक का उपचार चल रहा है। हालांकि युवक अस्पताल भी नशे के हालत में ही पहुंचा। जो बार बार नुवान से कुल्ला करने की बात कह रहा था। डॉक्टरों की निगरानी में युवक का उपचार चल रहा है।

देवी प्रतिमा का श्रृंगार कर हवन-यज्ञ कर बांटा प्रसाद

### देवी प्रतिमा के दर्शन को लगातार उमड़ रही भीड़

**काशीपुर।** श्री शीतला माता मंदिर के गर्भगृह में प्रकट हुई देवी प्रतिमा को पंचामृत गंगाजल से स्नान कराने के उपरांत संपूर्ण रूप से सुंदर श्रृंगार कर पुष्प अर्पित किए। पं. संदीप मिश्रा व अंकित शर्मा द्वारा हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अजय टंडन, वंश टंडन, रुद्राक्ष, आशीष, यथार्थ आत्रेय, देवांश शर्मा, कार्तिक, कृष्ण अग्रवाल, हिमांशु शर्मा, शिवानी शर्मा, कुलवंत सिंह, सीमा, तीरथ सिंह, दीपक, शशि मिश्रा, चांदनी मिश्रा, रिचा शर्मा, पारस शर्मा, मलखान सिंह, मनोज मेहरोत्रा, ज्योति मेहरोत्रा, शालिनी मल्होत्रा, ईशान मल्होत्रा, हिमानी शर्मा, मनन मिश्रा, मानवी मिश्रा, शौर्य मिश्रा, राजेंद्री व काजल ठाकुर आदि भारी संख्या में उपस्थित भक्त जनों ने माता की प्रतिमा के दिव्य दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

## बाल मेले में लगाए उत्पादों के स्टॉल

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कॉलेज काफलीगैर में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्थानीय व्यंजनों एवं उत्पादों आदि के स्टाल लगाए, तथा छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजीव निगम तथा वरिष्ठ शिक्षक मोहन सिंह रौतेला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य निगम ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह जनौटी, क्विज प्रतियोगिता का संचालन कैलाश कुमार मेहता एवं विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का संचालन शिक्षिका डौली जोशी ने किया। इस अवसर पर कैलाश चंद, बलवीर सिंह बिष्ट, किरन प्रसाद, उमेश चंद्र, दिग्विजय कुमार, पंकज कुमार, अंजलि पालीवाल, चंपा रौतेला, अर्जुन सिंह भाकुनी सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## रानीखेत में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के रानीखेत अध्ययन केंद्र में शनिवार को नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षारम्भ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विवि की शैक्षणिक प्रणाली, परीक्षा पद्धति, असाइनमेंट कार्य और ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों से परिचित कराना था। मुख्य वक्ता, यूओयू हल्द्वानी के क्षेत्रीय निदेशक डा. जेएस रावत ने मुक्त विश्वविद्यालय प्रणाली की विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो नियमित शिक्षा से वंचित रहते हैं, लेकिन उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होना चाहते हैं। डा. रावत ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मअनुशासन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डा. पंकज प्रियदर्शी ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को विश्व. विद्यालय के विभिन्न विभागों और संपर्क साधने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डा. रुचि आर्या ने असाइनमेंट और परीक्षा की तैयारी पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए और विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के प्राध्यापक और कर्मचारीगण, साथ ही बड़ी संख्या में नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गरुड़ डिग्री कॉलेज में विधिक शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर द्वारा डिग्री कॉलेज गरुड़ में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनीता कुमारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्र-छात्राओं को कार्यस्थल पर महिलाओ का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध, प्रतितोष) अधि. नियम, 2013 विषय की जानकारी दी। शिविर मे रिटेनर अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण त्रिलोक चन्द्र जोशी ने निःशुल्क कानूनी सहायता, नशे से होने वाले दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 से सम्बन्धित विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## बिहार में भाजपा की जीत पर जशन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत के बाद अल्मोड़ा में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय चौघानपाटा



में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मिष्ठान वितरण, आतिशबाजी और विजय के नारे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष महेश नयाल ने की, जिन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और विकास-केन्द्रित राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस जीत का सकारात्मक प्रभाव उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 में भी दिखेगा, जहां भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने बिहार की विजय प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की नेतृत्व क्षमता को इस जीत का श्रेय दिया। कार्यक्रम में महापौर अजय वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राजीव गुरुरानी, जिला पदाधिकारी दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, मनोज जोशी, मनीष जोशी मंटू, पूनम पालीवाल, मदन बिष्ट, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, राजा खान, रणजीत भंडारी, अमित साह, अमित बिष्ट, नरेंद्र, त्रिलोचन जोशी, मनोज तिवारी, सुनील कर्नाटक, कैलाश गुरुरानी, सलमान अंसारी, जगमोहन बिष्ट, आनंद कनवाल, अजय वर्मा, शुभम रौतेला, राजिक अंसारी, किशन बिष्ट, दीपक कपूर, नीरज सांगा, अभिषेक जोशी, मुकुल कुमार, रमेश लाल, रमेश धपोला आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सनातन विरोधियों को सीख लेने की ज़रूरत: कांडपाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी के राज्य आंदोलनकारी ललित काण्डपाल ने बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा अब हिंदू संगठित होकर मतदान कर रहा है। जात-पात से ऊपर उठकर राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर मतदान में भाग ले रहा है। सनातन विरोधियों को अब मतदाताओं के रुझानों से सबक सिखाना चाहिए। बताया कि इतना बड़ा पाकिस्तान जो भारत का हिस्सा था बंटवारे के समय गंवा दिया जिस समस्या के लिए देश का बंटवारा हुआ उसका कोई समाधान नहीं हो पाया। आज 20 करोड़ मुसलमान पाकिस्तान में हैं तो 30 करोड़ भारत में हैं। विपक्ष के द्वारा हिंदू अपने आप को ठगे से महसूस कर रहे हैं। भाजपा से उन्हें कुछ आस दिखाई पड़ रही है। हिंदू हित में बात करने वाली एकमात्र पार्टी बीज. पी है। इसका फायदा भी उसे हो रहा है। आज देश का बहुसंख्यक भाजपा के साथ अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उसको अपने परिवार और राष्ट्र की सुरक्षा भाजपा के हाथों में सुनिश्चित लग रही है लेकिन इस प्रकार कमजोर विपक्ष के कारण सरकार निरंकुश ना बने विपक्ष को अपने काम करने की शैली को बदलना पड़ेगा।



## दो दिवसीय संस्कृत स्पर्धा का समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग स्थित पीएम श्री आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार को दो दिवसीय संस्कृत स्पर्धा का समापन हुआ। संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक कोटाबाग के कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। पहले दिन कनिष्ठ और दूसरे दिन वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें समूह गान, नाटक, भाषण, समूह नृत्य, संस्कृत आशुभाषण और श्लोक उच्चारण जैसी स्पर्धाएं शामिल थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ पहले दिन प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप मर्तोलिया ने किया, जबकि दूसरे दिन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर नवीन भगत ने पुरस्कार वितरण किया। बच्चों को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कनिष्ठ वर्ग में, समूह गान में पीएम श्री राजकीय बालिक इंटर कॉलेज कालाढूंगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं समूह नृत्य में पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटाबाग ने प्रथम स्थान हासिल किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कालाढूंगी और श्लोक उच्चारण में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटाबाग ने पहला स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में, समूह गान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटाबाग ने पहला स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ने प्रथम स्थान और श्लोक उच्चारण में राजकीय इंटर कॉलेज बैलपड़ाव ने पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन डा. भवतोष भट्ट ने किया, और इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट, प्रधानाचार्य हरीश चंद्र बिनवाल, खंड विकास अधिकारी डा. श्वेता, चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा, विनीता पाठक और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।



## बड़ी जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जमकर जशन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की अप्रत्याशित और व्यापक विजय का असर पूरे देश में उत्साह की लहर की तरह फैल गया है और उसी उत्साह की गूंज काशीपुर में भी ज़ोरों से सुनाई दी। चुनावी नतीजे सामने आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उमंग छा गई और जिला कार्यालय का वातावरण किसी बड़े जश्न में बदल गया, जहां जमकर आतिशबाज़ी करने के बाद मिष्ठान वितरण किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष मनोज पाल, प्रदेश प्रवक्ता गुरूविंदर सिंह चडोक, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, जिला महामंत्री अमित सिंह तथा निवर्तमान महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी सहित जिले की पूरी कार्यकारिणी ने एकजुट होकर पार्टी की इस अभूतपूर्व जीत पर उल्लास व्यक्त किया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए मनोज पाल ने कहा कि बिहार का यह नतीजा साबित करता है कि एनडीए के प्रति जनता की आस्था लगातार मजबूत हुई है और संगठन ने जिस रणनी. तिक तैयारी के साथ चुनावी मोर्चे को संभाला, उसका सीधा परिणाम आज स्पष्ट दिखाई देता है। इस मौके पर सुशील शर्मा, योगेश बिश्नोई, मुक्ता सिंह, लवीश अरोरा, सर्वेश शर्मा शशि, प्रतीक अग्रवाल, अम्बिक चौधरी, रिकी पोंटिंग, प्रियंका अग्रवाल समेत भारी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आईएमटी में क्विज हुआ कंपटीशन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस जो पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है पर संस्थान के विद्यार्थियों के मध्य क्विज कंपटीशन का भव्य आयोजन किया गया। क्विज कंपटीशन का शुभारंभ संस्थान की एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉक्टर नीरज आत्रेय ने मां सरस्वती, पंडित जवाहरलाल नेहरू और संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने पंडित नेहरू के योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया। संस्थान की प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल ने बताया कि संस्थान के यूजी एवं विधि पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने पंडित नेहरू के नाम पर गठित कुल 7 टीमों ने इस कंपटीशन में प्रतिभाग किया। कंपटीशन में पंडित नेहरू की पुरानी वीडियो और ऑडियो के माध्यम से विद्यार्थियों से सवाल पूछे गए। कंपटीशन के पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आई टीम को कैश प्राइज एवं सर्टिफिकेट वितरित किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट एवं संस्थान के सभी विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट दिया गया। उक्त प्रतियोगिता में संस्थान के उक्त फैकल्टी एवं स्टाफ मेंबर्स क्रमशः मंजू उप्पल, सिमरन सेठी कुकरेजा, रेनू भास्कर, डॉक्टर दीप्ति भटनागर, शिप्रा शर्मा, आकांक्षा बाटला, आशुतोष कुमार, आरडी शर्मा, रितेश कंडारी, अरशद अली, आनंद सिंह एवं अनीस अहमद का योगदान रहा।




## भाजपाइयों में हर्ष की लहर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए को भारी जीत मिलने के बाद भाजपाई गदगद हैं और सभी में जश्न का महौल है। पूर्व पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा काशीपुर कविता यादव ने पीएम मोदी व मुख्यमंत्री धामी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गठबंधन के अन्य नेताओं को ऐतिहा. सिक जीत पर बधाई दी है। कविता यादव ने कहा कि एनडीए ने राज्य का चौतरफा विकास किया है, इसीलिए जनता ने भारी बहुमत दिया है। उधर नगर मंडल भाजपा पूर्व अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह करिश्मा पीएम मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। इस जीत के फार्मूले को भाजपा उतराखंड में भी दोहरायेगी। श्री गोयल ने कहा कि बिहार की जनता ने जंगलराज के वारिसों को एक बार फिर से नकारा है और विकास एवं जनकल्याण की नीतियों को आशीर्वाद दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश चंद्र प्रजापति एडवोकेट एवं नगर निगम वार्ड नंबर 19 पार्षद शिवांश गोले ने संयुक्त रूप से बयान में कहा कि यह ऐतिहा. सिक विजय प्रधानमंत्री मोदी के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों पर बिहार की जनता के अटूट विश्वास की मुहर है। एनडीए की जीत एक आंधी है आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक प्रदेश में भूचाल बनकर बीजेपी जीत की पताका लहराएगी।



## जनजातियों का इतिहास स्वाभिमान का प्रतीक

### एमबी राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया जनजनातीय गौरव दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में इतिहास विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर टाउन हॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एनएस बनकोटी ने की। इस अवसर पर जौनसारी जनजातीय समुदाय के प्रमुख व्यक्तित्वों जैसे डा. ललित सिंह राणा, हरीश धर्मशक्तू, पुष्पा धर्मशक्तु, प्रो. सीएस नेगी सहित कई प्रमुख प्राध्यापक, अतिथि, छात्र-छात्राएं और महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन डा. ज्योति टम्टा ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजातियों का इतिहास केवल संस्कृति का इतिहास नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, स्वाभिमान और भारतीय आत्मा का प्रतीक है।



कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डा. महिपाल कुटियाल ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर चर्चा की और बताया कि किस तरह बिरसा मुंडा ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ संघर्ष किया। सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक हरीश धर्मशक्तू ने जनजातियों के राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भूतपूर्व प्रधानाचार्य पुष्पा धर्मशक्तू ने जोहार संस्कृति के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोहार घाटी के खानपान, वेशभूषा और कुमाऊंनी संस्कृति के साथ इसकी साम्यता पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्राफेसर एनएस बनकोटी ने जनजातियों के योगदान की सराहना की। और कहा कि इन जनजातियों ने न केवल अपनी संस्कृति, बल्कि प्रकृति को भी संरक्षित किया है। कार्यक्रम के समापन पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. सुरेश टम्टा ने अतिथियों को बैच लगाकर सम्मानित किया और इस अवसर पर विस्तार से जानकारी दी कि भारतीय राष्ट्रीय इतिहास में जनजातीय समुदाय का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनजातियों ने अपनी संस्कृति, सभ्यता और अधिकारों के लिए एकजुट होकर अंग्रेजों से लोहा लिया। कार्यक्रम का समापन डा. सुरेश टम्टा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ हुआ और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## पौधा संकल्प अभियान शुरू



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाल दिवस के उपलक्ष में ग्राम खरमासा में स्थित होली एंजेल पब्लिक स्कूल में एक बच्चा एक पौधा अभियान की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डी बाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली ने किया। इस अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे ने एक पौधा अपनाया, उसका नाम रखा और पूरे वर्ष उसकी देखभाल का संकल्प लिया। वर्ष के अंत में बच्चों को उनके पौधों की प्रगति के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान उर्वशी दत्त बाली ने कहा कि यदि देशभर के स्कूल इस तरह की पहल अपनाएं तो देश का भविष्य और अधिक हराभरा और सुरक्षित बनेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना यादव ने कहा कि प्रकृति बच्चों को धैर्य और जीवन का सम्मान सिखाती है। यह अभियान बच्चों में कृतज्ञता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगा। आयोजन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सचिव आनन्द तिवारी और प्रदेश अध्यक्ष रुचिन शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने निभाई। इस दौरान यूएसआर दिव्यांग बच्चों की संस्था की प्रिंसिपल कमला तिवारी ने दिव्यांग बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित करने की जानकारी दी।

# श्री गुरुतेग बहादुर मानवता के सच्चे रक्षक

## 350वें शहीदी पर्व पर हल्द्वानी में सिख समुदाय का नगर कीर्तन







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक महान योद्धा, आध्यात्मिक व्यक्तित्व और मातृभूमि के प्रेमी नौवें सिक्ख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान की मानवता सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने धर्म, मातृभूमि और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। यही कारण है कि उन्हें 'हिंद की चादर'' के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। उनके बलिदान को याद करते हुए शनिवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर हल्द्वानी सिख संगत और समूह गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से शहर में एक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में सैकड़ों साध संगत, महिलाएं, बच्चे और जत्थे बंदियां ने गुरबाणी का गायन करते हुए नगर कीर्तन को भव्य रूप से सजाया। इस आयोजन में पालकी साहिब विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें गुरु साहिब विराजमान थे। पूरे शहर में नगर कीर्तन का स्वागत पुष्प मालाओं और पुष्प वर्षा के साथ किया गया। संगत धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शब्द गायन के साथ नगर कीर्तन को संचालित कर रही थी। नगर कीर्तन का समापन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्कूल और खालसा स्कूल में हुआ, जहां विशेष लंगर का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे से लेकर रात 11 बजे तक विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन भी किया गया। इस दौरान पंथ के महान रागी भाई रविंदर सिंह जी हजूरी कीर्तनी, अमृतसर और विशेष रूप से पहुंचे जगजीत सिंह जी बबीहा ने कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरु जी का पंडाल काफी भावपूर्ण और दिव्य रूप से सजाया गया था। हल्द्वानी सिख यूथ के मुख्य सदस्य रमन साहनी ने जानकारी देते हुए बताया कि दीवान को बहुत पवित्रता के साथ समागम कराया गया, जिसमें गुरु साहिब जी के जीवन और शिक्षाओं पर ग्रंथियों द्वारा प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा गुरु जी ने हमेशा कहा कि धर्म एक कर्तव्य है और आदर्श जीवन जीने का तरीका है। उनकी शहादत मनुष्य को कर्तव्य परायणता, स्वतंत्रता और देश के प्रति प्रतिबद्धता का पाठ पढ़ाती है। आज की युवा पीढ़ी के लिए श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन एक आदर्श है, जो हमें धर्म, मानवता और स्वतंत्रता के लिए एक सच्ची शहादत का संदेश देता है। उनका जीवन यह दर्शाता है कि हम किसी भी परिस्थिति में अपने सिद्धांतों से नहीं भटक सकते। श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन सत्य, अहिंसा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने अंधविश्वास, जातिवाद और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष किया ताकि हर इंसान को अपने आदर्श जीवन जीने की स्वतंत्रता मिल सके। गुरु जी का यह संदेश है कि एक सच्चा धर्म हमें समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है और हमें सभी के प्रति परोपकारिता की भावना रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब जी के महान आदर्शों को हमें सिखाने की जरूरत है, जो हमें धार्मिक स्वतंत्रता और मानव कल्याण के महत्व के बारे में बताते हैं। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी, आरटीओ प्रशासन गुरदेव सिंह, नगर आयुक्त परितोष वर्मा सहित सिख यूथ के परमजीत सिंह चंडोक, सनी आनंद, रमन साहनी, मालिन कोहली, संपरीत अजमानी, जगजीत सिंह, कंवलदीप ओबेरॉय, सतिंदर पाल, रमन भसीन, गुरुद्वारा सिंह सभा के मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्डा, गोल्डी चंडोक, हरजीत सिंह चड्डा, कंवलजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### वृश्चिक राशि में आज सूर्य का प्रवेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आज रविवार का दिन ग्रहों की दृष्टि से खास है, क्योंकि सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश कर रहा है। इस गोचर का ज्योतिष विशेषज्ञों का कहना है कि यह दौरान आदित्य. मंगल योग और बुधादित्य योग बनेंगे, जिससे कुछ राशियों के लिए बहुत बड़े अवसर और शुभ फल देखने को मिल सकते हैं। पंडित डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि कल यानि आज रविवार से मार्गशीर्ष का पवित्र मास आरंभ होने से वैवाहिक मांगलिक कार्य शुरु हो जायेंगे। सूर्य के राशि परिवर्तन से कुछ राशियों में अनुकूल प्रभाव व कुछ राशियों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने राशियों पर ग्रहों का प्रभाव के बारे में बताया कि मेष-कुछ रुके हुए काम पूर्ण होंगे, नौकरी में प्रमोशन व्यापार में लाभ व संतान सुख के योग बन रहे है, वृषभ-यात्रा के योग, कोई मांग. लिक कार्य हो सकता है। रुका हुआ धन मिलेगा, भूमि भवन सम्बंधित योजनाएं बन सकतीं है। मिथुन-राशि व्यय की अधिकता रहेगी, व्यर्थ विवाद से बचें, पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा, रुके हुए काम पूरे होंगे, नौकरी में बदलाव हो सकता है, कर्क-मान सम्मान बढ़ेगा, राजनीति के क्षेत्र में पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, चले आ रहे विवाद शांत होंगे, सिंह-पूर्वाद्ध का संघर्ष का रहेगा, उत्तराद्धं में सुख समृद्धि के योग बन रहे है, रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, कन्या-नौकरी में बदलाव की संभावनाएं बन रही है, तुला-राजनी. तिक पद प्रतिष्ठा की दृष्टि माह अच्छा रहेगा, व्यापार में अप्रत्याशित लाभ व सफलता प्राप्त होगी, लेकिन स्वास्थ्य के लिए सावधानी बरतें, वृश्चिक-पद प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी, पदोन्नति के योग बन रहे है, धनु-पूवाद्ध मांगलिक कार्य के शुभ है, नया व्यापार या रोजगार के अवसर मिलने के योग बन रहे है, मकर-कार्य आरंभ होंगे, संतान सुख प्राप्त होगा, मान सम्मान बढ़ेगा, व्यापार में लाभ व कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी, नौकरी में बदलाव या पदोन्नति हो सकती है, कुम्भ-स्वास्थ्य की दृष्टि से पूर्वार्द्ध का समय प्रतिकूल रहेगा।

# जालसाजी में अरायजनवीस पर कसा पुलिस का शिकंजा

## आज बड़ा खुलासा कर सकती है बनभूलपुरा पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा में एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें उत्तर प्रदेश के लोगों को उत्तराखंड का स्थायी निवासी प्रमाणपत्र बनाने वाले आरोपी फैजान के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को अब इस मामले में कई चौंकाने वाले दस्तावेज हाथ लगे हैं, जिनसे बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही है। रविवार तक पुलिस आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर सकती है, और इस मामले में बड़ा खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि पिछले गुरुवार को मंडलायुक्त दीपक रावत ने बनभूलपुरा के गोपाल मंदिर के पास मुस्तफा चौक नई बस्ती स्थित फैजान के घर पर छापा मारा था। फैजान सीएससी सेंटर चलाने के साथ-साथ अपने घर से ही बाहरी राज्य के व्यक्तियों के लिए उत्तराखंड का स्थायी निवासी प्रमाणपत्र बना रहा था। इस मामले में तहसीलदार कुलदीप पांडे के आवेदन पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की जांच में फैजान के खिलाफ कई संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं, जिनसे यह पता चला है कि वह लंबे समय से बाहरी राज्यों के लोगों को उत्तराखंड में बसाने की साजिश में शामिल था। आरोप है कि इस काम से उसने अच्छी-खासी रकम भी अर्जित की। अब पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है जिनके फर्जी दस्तावेज फैजान ने तैयार किए थे। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस इस मामले में इलेक्ट्रॉनिक और मनी ट्रेल के पहलुओं की भी जांच कर रही है। हालांकि, पुलिस अभी मामले पर आधिकारिक रूप से कुछ कहने से बच रही है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने भी कहा कि पुलिस कई अहम साक्ष्य जुटा लिए है, और आरोपी की गिरफ्तारी जल्द ही की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस के जांच दल ने अब उन लोगों की पहचान करना शुरू कर दिया है, जिनके लिए फर्जी प्रमाणपत्र बनाए गए थे।

### टक्कर मारने वाले ऑटो चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार ऑटो ने एक परिवार के तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में तीनों परिवारजन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि लंबे उपचार के बाद एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गोविंदपुरम कमलुवागांजा निवासी रश्मि लोहनी पुत्री गिरीश चन्द्र लोहनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अपनी माता पुष्पा, पिता गिरीश और भाई मनोज के साथ घर में रहती हैं। रश्मि ने बताया कि बीते दो माह पूर्व 15 सितंबर की रात करीब 11 बजे उनके माता-पिता और भाई घर लौट रहे थे, तभी सरोजनी बैंक्वेट हॉल के पास तेज रफ्तार ऑटो संख्यायूके04टीए-1493 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। लंबे इलाज के बाद 12 अक्टूबर को पुष्पा की मौत हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि रश्मि की तहरीर के आधार पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# योग का सूर्य विश्व पटल पर दीदिप्तिमानः रेखा आर्या

## हल्द्वानी में शांति योग धाम चैंपियनशिप का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी के ऊंचापुल स्थित अमृत आश्रम क्षेत्र में शांति योग धाम चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने योग की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के बाद आज योग का सूर्य एशिया से लेकर अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका तक दीदिप्तिमान हो रहा है।

मंत्री रेखा आर्या ने कहा, योग अब सिर्फ भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं बल्कि पूरे विश्व का स्वास्थ्य संदेश बन चुका है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में पहली बार योगासन को खेल स्पर्धा के रूप में शामिल किया गया, जो कि उत्तराखंड और देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा योग और रोग के संबंध में कहा, योग और रोग दोनों विलोम शब्द हैं। जहां योग है, वहां रोग नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया और फिट उत्तराखंड अभियानों की आधारशिला भी योग ही है। मंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें ताकि समाज स्वस्थ और सशक्त बने। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, शांति योग धाम संस्था के संस्थापक दर्शन सिंह बोरा, विजयलक्ष्मी बोरा, भुवन भट्ट, पलक चौरसिया, खुशी सोनकर, प्रेम बोरा, महेंद्र रावत, दीपक पांडे, मुकेश रघुवंशी, आशीष शर्मा, ममता पंत आदि मौजूद रहे।

# भूकंप से तुरंत निपट लेगा 'सिस्टम'

## बचाव क्षमता को परखने के लिए किया गया मॉकड्रिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को एक मॉक ड्रिल के तहत भूकंप के संकट से निपटने के लिए प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं की तैयारी का प्रदर्शन किया गया। भूकंप के 6.3 तीव्रता के झटकों के साथ माक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर विभाग, वन विभाग, लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन और आईटीबीपी के जवानों ने मिलकर आपदा से निपटने की अपनी क्षमता का परीक्षण किया।

हालांकि, यह सभी घटनाएँ बनावटी थीं और मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन था। मॉक ड्रिल के लिए मिनी स्टेडियम और बल्यूटिया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को चुना गया था। मॉक ड्रिल की शुरुआत सुबह साढ़े 8 बजे से हुई, जब विभिन्न विभागों के जवान और अधिकारी मिनी स्टेडियम में पहुंचे। जैसे ही मॉक ड्रिल शुरू हुई, 9बजकर 59 मिनट पर रिएक्टर स्केल पर 6.3 तीव्रता का भूकंप आ गया और चारों ओर अफरातफरी मच गई।

इस बीच, जानकारी मिली कि बल्यूटिया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में एक बिल्डिंग की छत गिरने से मलबे में 18 लोग दब गए हैं। तत्काल रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची और मलबे में फंसे घायलों को बाहर निकाला। घायलों को एमबीपीजी कॉलेज में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। इस मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन के तहत जिलाधिकारी कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्थिति की ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से आपदा प्रबंधन की स्थिति पर चर्चा की। एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि कुमाऊं क्षेत्र में पर्वतीय और मैदानी इलाकों का मिश्रण है, और नैनीताल जैसे प्रमुख स्थान से जुड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर हमेशा तैयार रहना आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ समन्वय बनाए रखने की भी बात की, ताकि किसी भी आपदा के दौरान अधिक प्रभावी तरीके से राहत कार्य किए जा सकें।

# किच्छा में आज जुटेंगे फार्मेसी अधिकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की राजकीय स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मान्यता प्राप्त संगठन डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड का प्रदेशीय द्विवार्षिक अधिवेशन कल यानि आज रविवार को किच्छा में आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान संगठन की प्रदेश अध्यक्षा सुधा कुकरेती, संरक्षक डा. सतीश चन्द्र पाण्डेय ने सयुक्त रूप से बताया कि अधिवेशन का पहला सत्र प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे फार्मेसी अधिकारियों की समस्याओं, उनकी मांगों और समाधान पर चर्चा को समर्पित रहेगा। साथ ही देशभर में फार्मेसी प्रोफेशन की दिशा और दशा पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। दूसरे सत्र में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे फार्मेसी अधिकारी प्रदेश कार्यकारिणी के निर्वाचन के लिए मतदान करेंगे। उन्होंने बताया अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा मौजूद रहे। जबकि अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश महर उपाध्यक्ष राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखण्ड, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा. सुनीता टम्टा, रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा, फार्मेसी काउंसिल उत्तराखण्ड के पूर्व अध्यक्ष डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, अध्यक्ष क्रिकेट एसोसिएशन ऊधमसिंहनगर अजय तिवारी और युवा मोर्चा के विवेक दीप सिंह शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पत्रकार वार्ता में पूर्व महामंत्री पवन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष हरीश उनियाल, प्रदेश प्रवक्ता भूपेश जोशी, मंडलीय उपाध्यक्ष गजेन्द्र पाठक, ठाकुर प्रेम शंकर सिंह, दिगम्बर सिंह रावत,जगदीश टम्टा, डीके जोशी, संदीप जोशी, दीपक शर्मा मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुद्ध पार्क में शनिवार को मुंडा जनजाति के महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 15 नवंबर 1875 को जन्मे बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज भगवान का दर्जा देते है और उनका जन्म दिवस आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि बिरसा मुंडा ने छोटा नागपुर क्षेत्र में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासियों के अधिकारों की ऐतिहासिक लड़ाई छेड़ी थी। अगस्त 1895 में अंग्रेज़ों ने उन्हें गिरफ्तार कर थर्ड डिग्री का अमानवीय अत्याचार किया। वक्ताओं ने कहा जेल से रिहाई के बाद बिरसा मुंडा भूमिगत हो गए और गुप्त रूप से आदिवासियों को अंग्रेजी शोषण के विरुद्ध संगठित किया। इस नरसंहार की तुलना जलियांवाला बाग की घटना से भी की जाती है। 9 जून 1900 को बिरसा मुंडा का निधन हो गया, जिसके बाद आदिवासी समाज में शोक की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में नफ़ीस अहमद खान, पंकज अंबेडकर, महेश चंद्र आर्य, नवीन मूलनिवासी, आकाश भारती, रितिक कांत, भारत बौद्ध और प्रशांत कुमार मौजूद रहे।

### किशोरी भगाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा युवक द्वारा किशोरी को सोशल मीडिया पर फंसा कर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी युवक किशोरी के माता-पिता को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार किशोरी के पिता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 13 नवंबर की दोपहर घर से निकली थी और इसके बाद वह घर नहीं लौटी। तहरीर में परिजनों ने आरोप लगाया कि धूमाखेड़ा नानकमत्ता ऊधमसिंह नगर निवासी बंटी, जो पहले से शादीशुदा है, उनकी बेटी को सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

# क्विज में भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल चैंपियन



ग्राफ़िक एरा हिल यूनिवर्सिटी में प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ग्राफ़िक एरा हिल यूनिवर्सिटी हल्द्वानी परिसर में आयोजित 'ब्रेनवेव 3.0' अंतर-स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता का समापन अत्यधिक उत्साह और बौद्धिक प्रतिस्पर्धा के साथ हुआ। कुमाऊं क्षेत्र के 140 से अधिक स्कूलों के लगभग 24,000 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता के पहले दौर में भाग लिया, जो इस क्षेत्र की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में से एक बन गई है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कैनरा बैंक के एजीएम संतोष के पांडे ने अपनी गरिमामयी मौजूद रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन किया और इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता तीन कठिन चरणों में विभाजित थी। पहले दौर में शानदार प्रदर्शन के बाद 70 स्कूलों ने दूसरे चरण के लिए क्वालीफाई किया।

इसके बाद, गहन और रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें अंतिम चार टीमें निर्णायक तीसरे, चौथे और पांचवे राउंड में प्रतिस्पर्धा करने के लिए मंच पर पहुंचीं। इस दौरान भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल, रुद्रपुर प्रथम, नकद पुरस्कार 50,000, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, हल्द्वानी द्वितीय नकद पुरस्कार 25,000 और एसएमएस दत्ता मेमोरियल नोसगे पब्लिक स्कूल, खटीमा तृतीय नकद पुरस्कार 15,000 स्थान पर रहे, जबकि सांत्वना पुरस्कार इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी को दिया गया। प्रतियोगिता का संचालन क्विज़ मास्टर एसोसिएट प्रोफेसर डा. अभिनव चंदेल और असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप अभिषेक ने किया, जिन्होंने अपनी सटीकता और त्वरित निर्णय से पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित और रोमांचक बनाए रखा। इस अवसर पर ग्राफ़िक एरा हिल यूनिवर्सिटी के निदेशक, डा. एमसी लोहानी ने छात्रों के ज्ञान और उत्साह की सराहना करते हुए कहा, ब्रेनवेव 3.0 केवल एक क्विज़ नहीं, बल्कि कुमाऊं के युवाओं की बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है। इस तरह के आयोजनों से छात्रों को सोचने, सीखने और प्रतिस्पर्धा करने की प्रेरणा मिलती है। ग्राफ़िक एरा हमेशा ज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# डा. ऋतु रखोलिया को टीचर ऑफ-द-ईयर अवॉर्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. ऋतु रखोलिया को टीचर ऑफ-द-ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छठे देहरादून इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के दौरान दिया गया। डा. रखोलिया को यह पुरस्कार उनके चिकित्सा शिक्षा और शोध में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएएस जय राज मौजूद रहे। डा. ऋतु रखोलिया को उत्तराखंड स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के वाइस चेयरमैन प्रोफेसर देवेंद्र भसीन, कुमाऊं विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर दीवान सिंह नेगी, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर ओपीएस नेगी, आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ऋषिकेश की डायरेक्टर प्रोफेसर मीनू सिंह, और पूर्व डीएवी कॉलेज देहरादून के प्रिंसिपल प्रोफेसर अजय सक्सेना द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डा. रखोलिया के योगदान को विशेष रूप से उनके द्वारा प्रकाशित किए गए 33 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिसर्च पेपर्स के आधार पर सराहा गया। यह सम्मान डा. ऋतु रखोलिया को क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूं कास्ट), देहरादून में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव 2025 के दौरान प्रदान किया गया।



# पहाड़ी आर्मी ने कुनबा बढ़ाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीलीकोठी क्षेत्र में आयोजित पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण अभियान में सैकड़ों लोगों ने पहाड़ी आर्मी की सदस्यता ली। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल ने की, जिसमें पहाड़ी हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया गया। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने बीजेपी व कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि सरकार पहाड़ी राज्य को बर्बादी की दिशा में धकेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहाड़ी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी और पलायन की समस्या बढ़ रही है। रावत ने सरकारों पर आरोप लगाया कि वे पहाड़ी संस्कृति और भाषा को नजरअंदाज कर रही हैं और बाहरी बस्तियां बसाकर राज्य की डेमोग्राफी बदल रही हैं। उन्होंने राज्य में एनआरसी लागू करने की मांग भी की। बैठक में गोपाल दत्त पांडे, धन सिंह दसौनी, शेर सिंह बिष्ट, नंदा वल्लभ नारियल सहित कई अन्य प्रमुख नेताओं और सैकड़ों समर्थकों ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल, जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा, नगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडे, महिला जिलाध्यक्ष प्रेमा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देहरादून बार एसोसिएशन की मांग के समर्थन में और बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के आह्वान पर हल्द्वानी बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता शनिवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहे। सुबह 10 बजे से सभी अधिवक्ता मुख्य न्यायालय भवन के सामने एकजुट हुए और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए राज्य सरकार से एक स्वर में मांग की कि उत्तराखंड के सभी न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उचित अधिवक्ता चैम्बर्स का निर्माण किया जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर्स की उपलब्धता आवश्यक है, ताकि न्यायिक कार्यों में सहूलियत और कार्य क्षमता बढ़ सके। प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने सरकार से जल्द कार्यवाही करने की अपील की। हल्द्वानी बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अधिवक्ता चैम्बर्स का निर्माण न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के लिए बहुत जरूरी है ताकि वे बेहतर ढंग से न्यायिक सेवाओं को अंजाम दे सकें।

# विकास ने जीता दिल, महिलाओं ने बदली तस्वीरः कंचन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत पर राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और सहयोगी दलों की विकास-केन्द्रित नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में सुधार को प्राथमिकता दी, जिससे जनता में सकारात्मक संदेश गया। कश्यप ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए 10,000 रुपये की सीधी सहायता और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्रयासों ने महिलाओं में भरोसा बढ़ाया और उन्हें बड़े पैमाने पर एनडीए के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। कंचन कश्यप ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी विकास-पॉलिसियों ने राज्य में स्थिरता और प्रगति को नई गति दी। केंद्र सरकार के सहयोग से कई परियोजनाओं का समय पर पूरा होना भी एनडीए की छवि को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा, बिहार की जनता ने जंगलराज के वारिसों को नकारकर विकास और जनकल्याण की नीतियों को आशीर्वाद दिया है। महिला, युवा, गरीब, व्यापारी, कामगार और बुजुर्ग सभी वर्गों ने डबल इंजन सरकार के काम पर भरोसा जताया है। कश्यप ने यह भी कहा कि भाजपा बिहार की जीत के फॉर्मूले को उत्तराखंड में लागू करेगी, जिससे राज्य में विकास की नई लहर आएगी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**


*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली और कार की भिड़ंत, महिला की मौत

■ हादसे में चार गंभीर से हुए घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शनिवार तड़के पराली लेकर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नेपाल मूल की एक महिला की मौत हो गई और चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे घटी, जब त्रिलोक पुरी दिल्ली से नेपाल की ओर जा रहे पांच लोग कार संख्या यूपी 14 पीटी 9047 में सवार होकर से किच्छा होते हुए गुजर रहे थे। इसी दौरान सितारगंज रोड पर गलत दिशा से पराली से भरी तेज गति आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली संख्या यूके 04 एडी7993 के चालक ने उनकी कार को जोर से सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार 47 वर्षीय जयंती देवी भट्ट पत्नी दीपक राज भट्ट निवासी भागेन दोरा, नेपाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि 24 वर्षीय प्रीति भट्ट पुत्री दीपकराज निवासी भागेन दोरा, नेपाल, 20 वर्षीय सुभाष भट्टराय पुत्र हरीश भट्टराय निवासी अटरिया, नेपाल, कार चालक 38 वर्षीय करन सिंह पुत्र ठगी सिंह सहित 22 वर्षीय गणेश पुत्र भगत सिंह निवासी लमकि चवा नगरपालिका जिला कैलाली गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रुद्रपुर भिजवाया। पुलिस ने घटना के बाद क्षतिग्रस्त हुए दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना की जानकारी मृतक व घायलों के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने मृतका जयंती देवी का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर गरजी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मानदेय वृद्धि सहित अन्य कई मांगों को लेकर जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आज शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले कलक्ट्रेट परिसर में धरना दिया।

धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते कार्यकत्रियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर पिछले काफी समय से आन्दोलन किया जा रहा है, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए, मानदेय प्रतिमाह 24 हजार दिया जाए, सेवानिवृत होने पर पेंशन की सुविधा दी जए और धनराशि को कम से कम पांच लाख रुपये किया जाए, ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए, सुपरवाईजर के रिक्त पदों पर प्रमोशन से भरा जाए और एफआरएस प्रणाली को बंद किया जाए।

इस दौरान सभी ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की। धरने में शोभा, रजनी, ललिता, मीरा, प्रियंका, मीनू, कमला, नीलम, पूजा, संजू, ममता, अमृत कौर, सुरेखा, तारा भट्ट, पुष्पा, भावना, राजकुमारी, विमला, वसुंधरा, सविता, जगरानी, रानी तिवारी, सोनिया, सावित्री, सुमन, रचना रानी, कैलाशो गंगवार, प्रभावती गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** समाजसेवी नईम खान और ग्राम प्रधान शमीम दूधिया के अध्यक्षता में उजाला हॉस्पिटल द्वारा नादेही चीनी मिल गेट स्थित उत्तरांचल मेडिकल पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों लोगों की फ्री जांच की गई और मौके पर मुफ्त दवाई वितरण की गई।

इस अवसर पर ग्राम राजपुर सरपंच शमीम दूधिया, समाजसेवी नईम खान, अकील अहमद, सनी सिंह, मोहम्मद रमीज, साहिल खान, राजवीर, खूब सिंह, राजकमल, ममता, ऊभा शर्मा, भावना, अनवार अहमद, टिकेंद्र, अनवर, भीम आदि मौजूद रहे।

### बिहार जीत में जनता ने फिर जताया भाजपा पर विश्वास: डा.चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर ।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली अप्रत्याशित जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा नेता डा. यूनुस चौधरी ने ज्ञान, परिश्रम और लोकतंत्र की रक्षक 'बिहार भूमि' की जनता का धन्यवाद किया है।

प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में डा. यूनुस चौधरी ने कहा कि बिहारवासियों द्वारा दिया गया प्रचंड जनादेश बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए के संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए दिल खोलकर कार्य किए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से बाहर निकालने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश 'विकसित बिहार' के संकल्प के लिए है। उत्तराखंड राज्य से ताल्लुक रखने वाले जोश से लबरेज डा. यूनुस चौधरी ने कहा कि बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफ मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक भी है। वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को बचाने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है।

### चारों ने घर और मंदिर से नगदी और जेवर उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ग्राम दानपुर में चोरी ने घर और मंदिर से नगदी और जेवर पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विमला नेगी पत्नी देवेन्द्र नेगी ने पुलिस को शिकायत दी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का मुख्य गेट तोड़कर प्रवेश किया और घर में रखे जेवरात तथा नगदी चुरा ली। विमला देवी के अनुसार चोरी गए सामान में एक सोने का पहाड़ी मंगल सूत्र और एक तिलहरी (ढाई तोला) शामिल है। इसके अलावा घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित श्री दुर्गा मंदिर का चैनल गेट तोड़कर मंदिर में रखी दान पेटी का सारा पैसा भी चोर ले गए। मंदिर की दान पेटी में पिछले दो साल से कोई राशि नहीं निकाली गई थी। घटना के समय प्रार्थिनी और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोरी के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरों में दिखाई दिए, हालांकि उनके चेहरे स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहे हैं। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने प्रार्थिनी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने चोरी की जगह का मुआयना कर सुराग जुटाने का काम शुरू कर दिया है।

### जैन ग्लोबल स्कूल में खेल महोत्सव सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** जैन ग्लोबल स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक योगेश जैन रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेलों की शुरुआत की। प्रबंधक के संबोधन के बाद मशाल प्रज्वलित कर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया गया ।

इस वर्ष प्रतियोगिता को तीन अलग-अलग मैदानों में आयोजित किया गया, जहां दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट, रस्साकशी सहित कई रोमांचक खेलों का आयोजन हुआ। बच्चों ने हर प्रतियोगिता में अनुशासन, उत्साह और खेल भावना का प्रभावी प्रदर्शन किया। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावक व शिक्षक लगातार बच्चों का हौसला बढ़ाते दिखाई दिए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण विद्यालय परिसर में लगे फूड स्टॉल रहे, जहां स्वास्थ्यवर्धक व स्वादिष्ट नाश्ता, पेय और अन्य व्यंजन उपलब्ध थे। खेलों के बीच विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक इन स्टॉलों पर जाकर ताजगी का आनंद लेते नजर आए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल हमारे जीवन में स्वास्थ्य, टीमवर्क और अनुशासन का महत्व सिखाते हैं और शारीरिक विकाश में मुख्य भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

### अधिवक्ताओं का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, न्यायिक कार्यों से रहे विरत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा बार काउंसिल आफ उत्तराखण्ड के निर्देश के क्रम में अधिवक्ता एसोसियेशन खटीमा के मुख्य चुनाव अधिकारी केडी भट्ट, सहायक चुनाव अधिकारी जरनैल सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी इकबाल अहमद, अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा, सचिव भरत पाण्डे, निर्वतमान सचिव हरजीत सिंह के नेतृत्व में एसोसियेशन के समस्त सदस्यों द्वारा न्यायालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

बार भवन में एक सभा आयोजित की गयी, जहां महिला उपाध्यक्ष शाहाना बेगम, एचएस कलसी अकील अहमद, त्रिलोक सिंह बिष्ट, रामवचन प्रसाद, दिलेर सिंह, विक्रम सिंह धामी, राजेश रस्तोगी, विशाल चौहान, अवधेश कुमार मौर्या, पूनम बिष्ट, हरीश बिष्ट, साबिर हुसैन, ममता शर्मा, कु चंचल सिंह, मो. रईस, स्नेह प्रभा, विमलेश कुमार शर्मा, सचिन सिंह, अमित सिंह नेगी, कमान सिंह धामी, अब्दुल माजिद, सलीम, नरेश चन्द्र तिवारी, निधि गुप्ता, एम. इलियास सिद्दीकी, बलदेव सिंह, महेन्द्र सिंह राना, भैरव दत्त भट्ट, निगमानंद कीर्तनिया, भुप्पी मौर्य, पूजा सोनकर, गौरव बंसल तथा निधि कठेरिया आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली जसपुर क्षेत्र में मॉक ड्रील का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान की जाने वाली कार्यवाही व बरती जाने वाली सावधानी के संबंध में तहसीलदार जसपुर की अध्यक्षता में कोतवाली जसपुर क्षेत्र अंतर्गत मॉक ड्रील का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रील के दौरान बीएसवी इण्टर कॉलेज जसपुर में आपदा कंट्रोल रूम बनाया गया और राहत एवं बचाव कैंप भी लगाया गया। मॉक ड्रील के दौरान आपदा कंट्रोल रूम को जानकारी मिली के मंडी जसपुर में भूकंप के झटकों से शोर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई और कुछ लोग घायल हो गए हैं व वेयर हाउस के पास बिजली के पोल में आग लग गई है। सूचना मिलने पर तत्काल आपदा कंट्रोल रूम द्वारा संबंधित विभागों से कॉर्डिनेट कर राहत व बचाव कार्य कराते हुए घायलों को कैंप में लाकर इलाज कराया गया व आग को बुझाकर स्थिति को कंट्रोल में करते हुए स्थानीय व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान कर हौंसला देकर राहत व बचाव कार्य किए गए। मॉक ड्रील के पश्चात प्रतिभाग करने वाले विभागों द्वारा अपना -अपना अनुभव शेयर करते हुए आपदा के दौरान क्या सावधानियां बरती जाएं आदि विषयों पर विस्तृत व्याख्या की गई। मॉक ड्रील के दौरान तहसीलदार जसपुर टीम, कोतवाली जसपुर पुलिस टीम, सर्वलांस टीम, एनडीआरएफ टीम, सरकारी अस्पताल जसपुर मेडिकल टीम , फायर ब्रिगेड टीम, विद्युत विभाग टीम, नगरपालिका टीम, एनसीसी कैडेट्स आदि उपस्थित रहे।

# बिहार जीत की खुशी में भाजपाइयों ने किया मिष्ठान वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** बिहार राज्य के चुनाव परिणाम बीजेपी के पक्ष में आने पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता खड़क सिंह चौहान ने मिठाई वितरण कर खुशी मनाई।

बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सहयोगी दल एनडीए ने 202 सीट जीतकर डबल सेंचुरी लगा दी है तथा भाजपा 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि जनता दल यूनाइटेड ने 85 सीट जीती हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान ने अपने प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं के साथ खुशी साझा की। खड़क सिंह चौहान ने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा धर्म रक्षक धाकड़ मुख्यमंत्री (उत्तराखंड) पुष्कर सिंह धामी को बिहार की जीत का श्रेय जाता है। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पिछले पांच वर्षों का शासनक. ाल भी इस जीत में विशेष भूमिका रखता है और बताया कि बिहार की जनता ने इस प्रचंड जीत और अटूट विश्वास ने बिहार से जंगल राज खत्म कर दिया।

फिर से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं मैं बिहार के उन लाखों मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने एनडीए गठबंधन में अपना विश्वास व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान ब्रह्मानंद, प्रधान नरेंद्र सिंह, योगराज सिंह, राजेंद्र सिंह, महेश सिंह, अनिल राजपूत, आशीष कुमार, गौरव कुमार, अजय कुमार, भूपेंद्र सिंह, मयंक सिंह, जसवीर सिंह आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के अधिवक्ताओं ने शनिवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार रामनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को एक ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें अधिवक्ताओं का कहना है कि उत्तराखंड राज्य द्वारा जहां-जहां न्यायालय का नवनिर्माण और पुनर्निर्माण किया जा रहा है। वहीं पर अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चेंबर का निर्माण भी किया जाना आवश्यक है। अधिवक्ताओं ने कहा कि बिना चैंबर्स व अधिवक्ताओं के बैठने के लिए सुलभ व्यवस्था ना होने से अधिवक्ताओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने मांग कि है कि जल्द चैंबर्स की व्यवस्था की जानी चाहिए।

# वकीलों ने की पंजीयन कार्यालय को मूल कार्यालय में स्थापित कराने की मांग

■ मांग को लेकर अधिवक्ता एसोसिएशन ने सौंपा मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के पश्चात भी पंजीयन कार्यालय को मूल कार्यालय एआईजी परिसार कलक्ट्रेट में स्थापित न किए जाने से नाराज अधिवक्ता एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर अति शीघ्र दफ्तर को मूल दफ्तर में स्थापित कराने की मांग की।

अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि एआईजी स्टाम्प न्यायालय परिसार में प्रथम तल पर उप निबंधक कार्यालय स्थापित है, वर्तमान में जिले में सभी पंजीयन कार्यालयों की बिल्डिंग की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य चल रहा है, जिसके चलते एक जुलाई 2024 को कुछ माह के लिए पंजीकरण कार्यालय को किच्छा बाईपास रोड स्थित जर्जर सूचना भवन की बिल्डिंग में संचा. लित करने के लिए ले जाया गया था, जिसे आज डेढ़ वर्ष से भी अधिक का समय हो चुका है तथा मूल कार्यालय की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य भी कई माह पूर्व पूर्ण हो चुका है, बावजूद इसके मूल दफ्तर में स्थापित नहीं किया जा रहा है, जिस कारण अधिवक्ताओं व पक्षकारों को परेशानी हो रही है, क्योंकि अधिवक्ताओं के चैंबर एआईजी न्यायालय कलक्ट्रेट में मूल पंजीयन कार्यालय में है, तहसील भी कलक्ट्रेट में है जबकि खतौनी तहसील से ही प्राप्त होती है और पंजीयन से संबंधित दस्तावेजों को अधिवक्ता तैयार करते हैं उसके बाद पक्षकारों को लगभग तीन किलो मीटर की दूरी तय करके वर्तमान में संचालित कार्यालय किच्छा बाईपास रोड जाना होता है। यहां भारी जाम का सामना करना पड़ता है, कई बार लेखन में कुछ त्रुटि रहे जाने के कारण पुन: तीन किलो मीटर दूर चैंबरों में सही करने आना होता है। मार्ग में अत्यधिक जाम होने के कारण दुर्घटना का भी भय बना रहता है, साथ ही समय की भी बरबादी होती है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण कार्यालय में 3:30 बजे तक दस्तावेजों को प्रस्तुतिकरण का समय निर्धारित है, कार्यालय अधिक दूर होने के कारण कई बार दस्तावेजों को तैयार करके ले जाने में देरी हो जाने के कारण पक्षकारों के दस्तावेजों का पंजीकरण उस दिन नहीं हो पाता है, कुछ पक्षकार अन्य राज्य से लंबी दूरी करके आते हैं जिन्हे मजबूरन अगले कार्यदिवस का इंतजार करना पड़ता है, जिस कारण पक्षकारों के समय एवं धन दोनों की हानि होती है। इस दौरान अध्यक्ष विरेन्द्र कुशवाहा, सचिव मनीश मित्तल, राजीव सक्सेना, अषोक सागर, गुरदीप सिंह, शवेज अहमद, प्रमोद मित्तल, अशोक चन्द, जगदीश सागर, शुभम पाल, महिपाल सिंह, अरूण जुनेजा, रोहित राठौर, नितिन राठौर, उदय राठौर, रोहित चन्द्र गढ़कोटी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

# संस्कृत प्रतियोगिताएं सम्पन्न, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के परिणाम घोषित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार द्वारा आयोजित खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताएं को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह और उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संस्कृत भाषा एवं संस्कृति के प्रति गहरा आकर्षण दिखाया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के परिणाम घोषित किए गए।

खण्ड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम ने कहा कि संस्कृत हमारी सांस्कृतिक जड़ों की आधारशिला है। बच्चों ने अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। यह प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खण्ड संयोजक तारा दत्त सती जी ने कहा कि इस वर्ष प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों का उत्साह सराहनीय रहा। संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे। जनपद संयोजक अंकित पाण्डे ने कहा कि कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विजयी छात्र अब जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीएमश्री अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज, रुद्रपुर के प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता को अत्यंत सफल बताते हुए कहा संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कारों की आधारशिला है। आज विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास, वाक्य कौशल और सृजनशीलता का प्रदर्शन किया, वह हमारे भविष्य की एक समृद्ध झलक प्रस्तुत करता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, मंच कौशल और भाषाई दक्षता को विकसित करते हैं। हम सभी सहभागी विद्यालयों और उनके मार्गदर्शक अध्यापकों को हार्दिक बधाई देते हैं।

**कनिष्ठ वर्ग के परिणाम**

**संस्कृत समूह गायन प्रतियोगिता**
**प्रथम**-सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**- दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर
**तृतीय**-पीएमश्री अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज, रुद्रपुर

**संस्कृत आशुभाषण प्रतियोगिता**
**प्रथम**-श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**-सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर

**संस्कृत नाट्य प्रतियोगिता**
**प्रथम**-भंजूराम अमर इंटर कॉलेज, भूरारानी रुद्रपुर
**द्वितीय**- सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**तृतीय**- पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज, बागवाला

**संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता**
**प्रथम**-श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**-श्रीकृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज, किच्छा
**तृतीय**-भंजूराम अमर इंटर कॉलेज, भूरारानी रुद्रपुर

**श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता**
**प्रथम**- श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**-श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज, किच्छा
**तृतीय**-दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर

**संस्कृत समूह नृत्य प्रतियोगिता**
**प्रथम**-दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर
**द्वितीय**-सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**तृतीय**-राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, फाजलपुर महरौला

**वरिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता परिणाम**

**संस्कृत नाटक**
**प्रथम**- सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर

**संस्कृत समूह गान**
**प्रथम**-गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**-राजकीय इंटर कॉलेज, बागवाला
**तृतीय** -पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा इंटर कॉलेज, रुद्रपुर


**संस्कृत समूह नृत्य**
**प्रथम**-सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**-भंजूराम अमर इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**तृतीय**-श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज, किच्छा

**संस्कृत वाद-विवाद**
**प्रथम**-श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज, किच्छा
**द्वितीय**-श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**तृतीय**-सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर

**आशुभाषण**
**प्रथम**-सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**-श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**तृतीय**-पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, बागवाला

**श्लोकोच्चारण**
**प्रथम**-सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**द्वितीय**-गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज, रुद्रपुर
**तृतीय**-श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज, किच्छा

# भानु प्रताप स्कूल में हुए रंगारंग कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह बच्चों की उमंग, रचनात्मकता और प्रतिभा से सराबोर रहा। सुबह की हल्की ठंडक और रंग-बिरंगी सजावट से सजे विद्यालय प्रांगण में बच्चे खिलखिलाती मुस्कानों के साथ जब पहुंचे, तो पूरा वातावरण मानो किसी उत्सव के फूलों की तरह महक उठा।

"बच्चे खिलते फूल हैं, देश की आशा और मूल हैं" इस प्रेरक संदेश के साथ कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बच्चों के साथ केक काटकर की गई। प्रिंसिपल ने कह "बच्चों, आपका आज का हर कदम आपके कल की दिशा तय करता है। लक्ष्य स्पष्ट हों, मेहनत ईमानदार हो और नीयत हमेशा नेक हो तो सफलता आपके कदम चूमती है। समय की कीमत समझो, अच्छे मित्र चुनो, अभ्यास में निरंतरता रखो और भय से नहीं, अपने सपनों से मार्गदर्शन लो। मंच संचालन का जिम्मा पवन और दयाराम ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत "योगा लॉकेट" से हुई, जिसमें बच्चों ने राजेंद्र के निर्देश में सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगासन प्रस्तुत किए। स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता का यह सुंदर संगम सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। इसके अलावा कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां राकेश, अखिलेश, सुनील रोहन आदि मौजूद रहे।

# पर्यटन विकसित करने को नानकसागर बांध को बनाया जाएगा टूरिस्ट स्थल : धामी

**पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना की कई मांगों पर घोषणा की मोहर लगा गऐ सीएम धामी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** भगवान बिरसा मुण्डा जनजाति समाज के गौरव साहस और स्वाभिमान के अपत प्रतीक है जिन्होंने अपने जीवन काल में वह अद्भुत कार्य करके दिखाया जिसको सदियों तक आने वाली पीढियां को प्रेरित करने का कार्य करेगी, उन्होंने कम आयु में स्वतंत्रता ,आत्मसम्मान की ऐसी चेतना समाज के लिए जागरूक की जिसने पूरे जनजाति समाज को एकजुट कर एक नई दिशा प्रदान की हैं,यहा बात नगर के गुरुनानक इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम में मंच से संबोधित करते हुए अपने विचारों में कहीं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रवज्लित किया।




शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नानकमत्ता साहिब पहुंचे यहां उन्होंने अपने कार्यक्रम के अनुसार ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में माथा टेक प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत वे नगर के गुरु नानक इंटर कॉलेज में आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम में पहुंचे उन्होंने यहां हजारों की संख्या में पहुंची सर्व समाज की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती शुभकामनाएं दी। मंच पर अपने विचारों को साझा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने कम आयु में स्वतंत्रता ,आत्मसम्मान की ऐसी चेतना जिससे समाज के लिए जागरूक के साथ जनजाति समाज को एकजुट कर एक नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार निरंतर विकास के कार्य कर रही है। यहां मंच पर उपस्थित क्षेत्रीय पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राना ने सभी को भगवान बिरसा मुंडा की 150 सी जयंती की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के अवसर पर जनजाति एवं पर्वतीय समाज की संस्कृति में विभिन्न संस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई । यहां भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राना, कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राना, मंडल अध्यक्ष ओम नारायण सिंह , पर्वतीय उत्थान समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र जोशी, प्रेम सिंह ,श्रीपाल सिंह राना, केएन अटवाल, साहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सीएम धामी ने दी स्नेहपाल सिंह को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्थानीय होटल में आयोजित वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्व. स्नेहपाल सिंह के श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर स्व. स्नेहपाल सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने स्व. स्नेहपाल सिंह के बड़े भाई ओमपाल से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उन्हें सद्गति प्राप्त हो।



मुख्यमंत्री धामी ने स्व. स्नेहपाल सिंह (बाबू जी) को भाभुक मन से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने बाल्यकाल में ही स्वयं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समर्पित कर दिया तथा लगभग 18 वर्ष की आयु में प्रचारक के रूप में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। उन्होंने कहा स्व. स्नेहपाल सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे। साथ ही विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व केन्द्रीय सह मंत्री एवं एकल अभियान उत्तराखण्ड संभाग के मार्गदर्शक भी रहे। उन्होंने कहा संघ के प्रचारक रहते हुए उन्होंने हरियाणा, जोधपुर और उत्तराखण्ड प्रान्तों में विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत संगठन मंत्री के रूप में समाज में राष्ट्र-चेतना जगाई तथा सम्पूर्ण जीवन संघ एवं राष्ट्रहित को समर्पित किया। उनके परिवार में बड़े भाई ओमपाल भी वरिष्ठ प्रचारक हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, सांसद अजय भट्ट, अजय टम्टा, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, उत्तम दत्ता, बलराज पासी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, राजकुमार ठुकराल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, गुजंन सुखीजा, अमित नारंग, नेत्रपाल मौर्य, भारत भूषण चुघ, खुब सिंह विकल सहित बड़ी संख्या में साधु संत तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए संगठन पदाधिकारियों आदि लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सम्पन्न हुआ होली चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव

**नन्हें-मुन्नें बाल कलाकारों ने जंक फूड व गुड फूड पर दी अपनी सुन्दर प्रस्तुति**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का वार्षिकोत्सव ''सृष्टि चक्र'' बड़े ही उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी पूजा बत्रा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुद्रपुर के विधायक शिव अरोरा व अन्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् बाल दिवस के उपलक्ष्य में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के नन्हें-मुन्नें बाल कलाकारों ने जंक फूड व गुड फूड पर अपनी सुन्दर प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने सराहना की तत्पश्चात् 'जादुई चिराग' कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों ने अपने अभिनय व अनुपम नृत्य प्रस्तुति द्वारा जनसमूह को मन्त्र-मुग्ध कर दिया और समस्त वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो गया। इस कार्यक्रम में रूस का सांस्कृतिक नृत्य, चीन का ड्रेगन नृत्य, दक्षिण कोरिया फैन नृत्य तथा पंजाब की खुशबू बिखेरता हुआ गिद्दा नृत्य शामिल था। इसके बाद योग व मल्लखम्भ प्रस्तुति पर विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं कला कौशल को देखकर दर्शकों ने विद्यार्थियों की भरपूर सराहना की तथा करतल ध्वनि से तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र अमन जांगरा द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि माननीय विधायक जी का चित्र बनाकर सप्रेम भेंट किया गया। मुख्य अतिथि शिव अरोरा ने अपने संदेश में सभी कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा सुन्दर प्रस्तुतिकरण की सराहना की व उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यालय के वार्षिक समारोह के सफल संचालन के लिए विद्यालय प्रबन्धन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों व समस्त स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। संस्था के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी एवं मंजू अधिकारी ने उपस्थित अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम की सफलता पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रतिभागियों एवं समस्त सहयोगी स्टाफ की सराहना व उत्साहवर्धन किया।

# एसएसबी द्वारा संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत संचालित व्यावसायिक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण का शनिवार को सफल समापन हो गया। 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमांत क्षेत्र के नागरिकों के उत्थान एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण से तीन सप्ताह का व्यवसायिक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण एसएसबी द्वारा प्रायोजित एवं महिला जनजाति सेवा समिति के सहयोग से संचालित किया गया था। जिसमें सीमावर्ती क्षेत्र के 25 जरूरतमंद प्रतिभागियों को इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से संबंधित महत्वपूर्ण दक्षता में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि भविष्य में स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सके।



वहीं 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एसएसबी न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रही है बल्कि सीमांत क्षेत्र के नागरिकों के सामा. जिक आर्थिक विकास में भी निरंतर योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी सिलाई एवं बुनाई प्रशिक्षण, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की प्रशिक्षण, कृषि एवं पशुपालन कार्यशालाएं तथा स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण सफलता पूर्वक आयोजित किया जाए चुके हैं।

इसके अलावा मेडिकल सिविक एक्शन, वेटरनरी सिविक एक्शन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संचय कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान जैसी अनेक जनकल्याणकारी गति. विधियां भी एसएसबी द्वारा नियमित रूप से चलाई जा रही है। इसी क्रम में भारत नेपाल सीमा के सिसैया मेलाघाट में संचालित इलेक्ट्रीशियन व्यावसायिक प्रशिक्षण का आज सफल समापन हुआ है। कार्यक्रम के अंत में कमांडेंट मनोहर लाल ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्थानीय नागरिकों के प्रशिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर समवाय प्रभारी निरीक्षक विमल जोशी, सहायक उप निरीक्षक अमृत भाई परमार, अजहर, राजू कुमार सिंह, जैविर सिंह, अरुल जया कुमार, सुशील बाम्बू, भूपेंद्र, संदेश राज तथा बिजेंद्र कुमार सहित अन्य जवान तथा सीमावर्ती क्षेत्र से सिसैया ग्राम प्रधान शीतल पासवान, रामजन्म पासवान व सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाषा संदर्भ समूह कार्यशाला का हुआ समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** डायट लोहाघाट में त्रि दिवसीय जिला संदर्भ समूह कार्यशाला एवं बाल दिवस कार्यक्रम का समापन प्रभारी प्राचार्य डा. एके मिश्रा, कार्यक्रम समन्वयक डा. लक्ष्मी शंकर यादव, डा. पारुल शर्मा ने किया, जिसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षक सम्मिलित थे।

डा. यादव ने बताया कि प्रशिक्षण में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचारी गतिविधियां खोजी गई। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों के कार्य क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जया पुनेठा तथा वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा. सोनाली मेहरोत्रा ने सभी का उत्साहवर्धन किया तथा नवाचारी कार्यों के साथ अनुसंधानपूर्ण कार्यों को बढ़ावा देने का मूल मंत्र दिया। डा. मल्होत्रा ने शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की तथा जीवन में आगे बढ़कर समाज निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। समापन समारोह तथा बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका डा. मंजू बाला तथा अध्ययन अध्यापन में समर्पित एवं शैलेश मटियानी पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षक प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र उपाध्याय को अंग वस्त्र ओढ़ाकर, शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाल दिवस के अवसर पर खो-खो, चम्मच दौड़ तथा कुर्सी दौड़ का आयोजन प्रशिशु शिक्षकों के बीच किया गया, जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में डॉ ए के मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने किया दो-दिवसीय स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला शुभारंभ

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया उन्नत प्रशिक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।**Foundation के सहयोग से सीमांत सेवा फाउंडेशन द्वारा डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ के लिए दो दिवसीय स्किल डेवलपमेंट एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्डियोलॉजी, न्यूरो ट्रॉमा और क्रिटिकल केयर जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित है, जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और आधुनिक एवं सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और ISAA Foundation द्वारा सीमांत सेवा फाउंडेशन को प्रदान की गई मोबाइल मेडिकल यूनिट की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह यूनिट अब जिले के दूरस्थ पहाड़ी गाँवों तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कार्यशाला में देश के नामी चिकित्सा संस्थानों से तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों डा. मोहित जोशी, AIIMS नई दिल्ली, डा. निपुण अग्रवाल,SRMS बरेली और डा. दीप पंत वेदांता हॉस्पिटल बरेली ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इन विशेषज्ञों ने स्थानीय डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ को एडवांस मेडिकल प्रो. सिजर, आपातकालीन हस्तक्षेप, क्रिटिकल केयर मैनेजमेंट तथा गंभीर रोगियों की देखभाल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी बताया। SRMS बरेली की टीम ने PGI व मानस एकेडमी के नर्सिंग छात्रों और टैक्सी ऑपरेटरों को CPR एवं फर्स्ट एड की विस्तृत ट्रेनिंग दी।

कार्यक्रम के बाद सीमांत सेवा फाउंडेशन ने सभी टैक्सी चालकों को फर्स्ट एड किट प्रदान की, ताकि वे सड़क दुर्घटनाओं या किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार दे सकें। मेयर कल्पना देवलाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि "सीमांत सेवा फाउंडेशन ने पहाड़ी क्षेत्रों में आपातकालीन सहायता और नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जीएस नबियाल ने सीमांत सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों की प्रशंसा की और कहा कि इन प्रयासों से उन लोगों तक भी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंची हैं, जो अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते।

उन्होंने ISAA Foundation और सीमांत सेवा फाउंडेशन की साझेदारी को जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में अत्यंत प्रभावी बताया। कार्यक्रम में सीमांत सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, चिकित्सक व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह दो दिवसीय कार्यशाला स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सफलतापूर्वक आरंभ हुई।

# संस्कृत भाषा सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान का है अनुपम स्रोत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जीजीआईसी लोहाघाट में वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख शिक्षाविद नाथूराम राय, विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद संयोजक हरीश चन्द्र कलौनी ने दीप प्रज्वलन एवं बसंत बल्लभ चौबे तथा राजू शंकर जोशी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। खंड संयोजक राजू शंकर जोशी ने देवतुल्य अतिथिगणों का स्वागत किया। आयोजन को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे पूर्व खंड संयोजक भगवान जोशी ने समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं का संचालन खंड संयोजक राजू शंकर जोशी तथा शैलेश मटियानी उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने किया। मुख्य अतिथि नाथूराम राय ने कहा कि संस्कृत भाषा केवल भारत की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता की अमूल्य धरोहर है। अपने उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि हरीश चन्द्र कलौनी ने बताया कि संस्कृत की वैज्ञानिक ध्वनि-व्यवस्था तथा समृद्ध साहित्य विश्व को ज्ञान, सौहार्द और नैतिकता का संदेश देता है। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अलग अलग विधाओं में अद्भुत प्रस्तुति दी, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की अत्यधिक सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ युवाओं में संस्कृत के प्रति रुचि और सम्मान को बढ़ाती हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को अतिथियों ने प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं नकद धनराशि प्रदान की।

**वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य आयोजन**

# तीन दिन पूर्व हुई वृद्ध की हत्या का खुलासा

**जमीन न देने पर दो बेटों ने ही पिता को मौत के घाट उतारा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में तीन दिन पहले एक 65 वर्षीय वृद्ध की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि जिस पिता की हत्या को लेकर परिवार ने अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया था। उसी पिता के कातिल उसके दो सगे पुत्र ही निकले। जमीन बेचने को लेकर हुए विवाद के चलते दोनों बेटों ने मिलकर पिता की सर कुचलकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

घटना 12 नवंबर की रात की है जब मृतक सलीम अली का शव खून में लथपथ हालत में उनकी झोपड़ी से बरामद हुआ था। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक के बेटे रियाज पुत्र सलीम अली निवासी फौजी कॉलोनी, रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पिता की हत्या की है। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले। शनिवार को रामनगर कोतवाली पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक के दो पुत्र नईम और नाजिम, निवासी ग्राम महेशपुर, थाना भगतपुर टांडा, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों भाइयों ने हत्या की बात कबूल कर ली। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पिता महेशपुर स्थित अपनी 3 बीघा जमीन बेचना चाहते थे, जबकि वे उस जमीन को बिकने नहीं देना चाहते थे। 12 नवंबर को पिता मुरादाबाद तहसील में रजिस्ट्री कराने गए थे, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो पाई और अगली तारीख तय हुई। यह जानकारी लगते ही दोनों भाई बाइक से रात 9 बजे रामनगर पहुंचे, जहां उनके पिता पूछड़ी में अपनी झोपड़ी में सो रहे थे, दोनों ने बारी-बारी से डंडे से हमला कर पिता की हत्या कर दी और फिर रात में ही घर लौट गए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरो. पियों को जेल भेज दिया है।

# कोसी बैराज के पास युवक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोसी बैराज क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब शक्तिनगर निवासी एक युवक ईशान उर्फ पव्वा पर बाइक सवार युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल ईशान को गंभीर स्थिति में सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा भर्ती कर लिया गया है।



अस्पताल में घायल ईशान ने बताया कि वह अपने दोस्त मनीष के साथ शाम को कोसी बैराज घूमने निकला था। इसी दौरान बैराज से आगे बालाजी मंदिर से पहले बाइक सवारों ने उन्हें घेर लिया। बाइक सवार युवकों ने बिना किसी बात के उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरो. पियों ने उस पर फायर भी झोंक दिया, जिससे गोली के छर्रे उसके हाथों में लग गए। इसके अलावा हमलावरों ने उसके सिर पर तमंचे के बट से वार भी किया। घायल ईशान ने आरोप लगाया कि हमला करने वाले उसे जान से मारने आए थे। संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे सीओ सुमित पांडे ने घायल युवक से पूछताछ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है।आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को गठन किया गया है।

# दो दिवसीय संस्कृत स्पर्धाओं का भव्य समापन

**छात्रों की उत्कृष्ट प्रतिभा ने जीता सबका मन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित द्वि-दिवसीय संस्कृत स्पर्धाओं का रंगारंग समापनउत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। संस्कृत समूह नृत्य, आशुभाषण, संस्कृत नाटक, वाद-विवाद, श्लोकोच्चारण तथा समूह गायन जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में क्षेत्रभर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम संचालन संयोजक उमेश पाण्डेय ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समाज में एकरूपता, अनुशासन तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संस्कृत-आत्मगौरव की भाषा स्थलीय संयोजक एवं प्रधानाचार्य निरंजन सिंह चौहान ने संस्कृत को आत्मगौरव की भाषा बताते हुए विद्यार्थियों से इसे अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट रवि रस्तोगी ने कहा संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, चरित्र और संस्कारों का निर्माण करती हैं। पुरस्कार वितरण समारोह विशिष्ट अतिथि आईसीआईसीआई बैंक प्रबंधक




साहब मलिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को 800, 600 एवं 400 रुपये की नकद राशि के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए। वरिष्ठ वर्ग के परिणाम स्पर्धा प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान समूह नृत्य रा.बा.इ.का. शक्तिफार्म गुरु नानक कन्या इण्टर कॉलेज, समूह गान सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज रा.बा.इ.का. शक्तिफार्म, वाद-विवाद सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, सितारग.ंज रा.बा.इ.का. शक्तिफार्म, आशुभाषण गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज रा.बा.इ.का. सितारगंज, श्लोकोच्चारण सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज पी.एम. श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सितारगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी सितारगंज ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए विजेताओं को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। जिला स्तरीय संस्कृत स्पर्धाएं अमर इंटरनेशनल भंजूराम इंटर कॉलेज, भूरारानी (रुद्रपुर) में 21 एवं 22 नवंबर 2025 को आयोजित होंगी।

समापन अवसर पर खण्ड संयोजक ने सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल, प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं दर्शकों का आभार प्रकट किया।

निर्णायक मंडल में नरेश चन्द्र गहतोडी, ऊषा सामंत, दिवाकर हालदार, सुमन अग्रवाल, रीता कौर, राकेश चौहान, रमेश जोशी, ओंकार शमी एवं गीता परिहार शामिल रहे।

# रामनगर में संदिग्ध मौत का खुलासा

**पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाला पति गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में कुछ दिन पूर्व हुई महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने मृतका की दादी की तहरीर के आधार पर उसकी हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

यह पूरा मामला रामनगर विकासखंड के ग्राम पटरानी इलाके का है, जहां बीते दिनों एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और अब आरोपी पति की गिरफ्तारी के साथ घटना की सच्चाई सामने आई है। पुलिस के अनुसार 11 नवंबर को मृतका प्रीति की दादी सुनीता देवी पत्नी करन सिंह निवासी हरकिशन थाना रेहड़ जिला बिजनौर द्वारा तहरीर दी गई थी। तहरीर में बताया गया कि उनकी पोती प्रीति की हत्या उसके पति अक्षय कुमार ने गला दबाकर की है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने तुरंत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी अक्षय कुमार पुत्र भुवन चन्द्र निवासी छतरी चौराहा काशीपुर जिला उधमसिंह नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया। अक्षय कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पिछले चार महीनों से किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रही थी और उसके साथ अवैध संबंध थे। उसने बताया कि 6 नवंबर को वह अपनी पत्नी को वापस लेकर आया था, इसके बाद नौ नवंबर की रात, वह अपनी पत्नी को अपनी ताई के घर ग्राम पटरानी ले गया, जहां गुस्से में आकर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस टीम में कोतवाल सुशील कुमार, एसएसआई महेंद्र प्रसाद, मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

# सड़कों का काम पहले: डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शनिवार को भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागों को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला योजना, राज्य योजना, केंद्र पोषित और बाह्य सहायतित योजनाओं के तहत प्राप्त धनराशि से किए जा रहे कार्यों की वित्तीय और भौतिक प्रगति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की, जिसमें 42 मदों को ए, बी, सी और डी श्रेणियों में बांटा गया है। उन्होंने विशेष रूप से बी, सी और डी श्रेणी के विभागों को कड़े निर्देश दिए कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ए श्रेणी में आएं। खासकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की धीमी प्रगति पर गंभीर



## योजनाओं की विभागवार समीक्षा

नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को दिसंबर तक कार्यों को तेज करने और ए श्रेणी में लाने के लिए निर्देश दिए। डीएम रयाल ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक गेम चेंजर योजना है, और इसकी क्रियान्वयन में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा और सभी अधिकारियों को अगली समीक्षा बैठक तक तेज प्रगति दिखाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी और लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्राप्त धनराशि का पूर्ण सदुपयोग हो और सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्धता से पूरे हों। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे कार्यों का नियमित निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि एससीपी और टीएसपी के तहत सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे हों। बैठक के दौरान लोक निर्माण, सिंचाई, समाज कल्याण, नलकूप, लघु सिंचाई, माध्यमिक शिक्षा, खेल और उरेडा विभागों की धीमी प्रगति पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने इन विभागों को महीने के अंत तक 100: धनराशि व्यय करने के निर्देश दिए। इस बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी मुकेश नेगी, एपीडी चंदा फर्त्याल, मुख्य कोषाधिकारी कमलेश भंडारी और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

# प्रो. रावत को बेस्ट वाइस चांसलर ऑफ द ईयर अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत को हिमगिरि यूनिवर्सिटी द्वारा बेस्ट वाइस चांसलर ऑफ द ईयर के प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया है। बता दें यह सम्मान उन्हें उच्च शिक्षा में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शी नीतियों तथा शैक्षणिक नवाचारों और विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक लेकर जाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में प्रो. रावत के नेतृत्व में कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा पिछले वर्षों में की गई पहलों जैसे कि अनुसंधान संस्कृति को सुदृढ़ करना



तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत सहयोग बढ़ाना व नई शैक्षणिक नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम तथा विश्वविद्यालय की समग्र गुणवत्ता संवर्धन को विशेष रूप से सराहा गया। इस सम्मान ने न केवल कुलपति प्रो. रावत की व्यक्तिगत कामयाबियों को मान्यता दी है बल्कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को भी एक नई पहचान प्रदान की है। दूसरी ओर कुलपति प्रो रावत को इस कामयाबी पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों व शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई दी है।

## एक नजर

### खोलिया व टम्टा चैंपियनशिप में रहेंगे निर्णायक

**नैनीताल।** नैनीताल निवासी गोपाल खोलिया (महासचिव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ) एवं नवीन टम्टा (कोषाध्यक्ष) को 14 से 20 नवंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप से बड़ी एवं महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलने हेतु आमंत्रित किया है। बता दें दोनों के द्वारा उत्तराखंड मुक्केबाजी के विकास के लिए विगत वर्षों से निर्णायक एवं उत्तम प्रयास किया जा रहे हैं। यह जिम्मेदारी मुक्केबाजी संघ के महानुभावों के विगत वर्षों में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निस्वार्थ एवं अपक्षपातपुर्ण निर्णयात्मक क्षमता की वजह से दी गई है।

### कांग्रेस: प्रकाश चंद्र आर्य बने प्रदेश सचिव

**नैनीताल।** जिले के बेतालघाट घिरोली निवासी प्रकाश चंद आर्य को मिली कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव की जिमेदारी मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इन्दरपाल आर्य ने बताया कि प्रकाश चन्द्र आर्य ने कांग्रेस में लंबे समय से कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है। मदन लाल ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व पूर्व सीएम हरीश रावत तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश गोदियाल व पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल की सिफारिश एससी विभाग में प्रदेश सचिव पद नियुक्त होने पर उन्हें कांग्रेसियों ने बधाई दी है।

### कुविवि में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के आईकयूएसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय शोध पद्धति और शैक्षणिक लेखन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शोधार्थियों और युवा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन के पहले सत्र में आइआइटी रुड़की के प्रो. मनु गुप्ता ने डेटा संग्रहण और सैंपलिंग तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. जेएन सिन्हा ने पीएचडी थीसिस लिखने और उसे किताब में बदलने पर प्रेरक चर्चा की। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. दिव्या यू जोशी ने शोध पद्धति, भाषा कौशल, संदर्भ प्रबंधन और शैक्षणिक ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रीतेश साह ने उच्च गुणवत्ता वाले शोध और मजबूत कार्यप्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई संकाय सदस्य और शोधार्थी उपस्थित थे।

### जमरानी बांध परियोजना का निरीक्षण

**नैनीताल।** भीमताल ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने जमरानी बांध परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान डा. बिष्ट ने स्थानीय लोगों को परियोजना से जोड़ने और रोजगार के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। डा. बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए जमरानी बांध परियोजना शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को समय सीमा में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। परियोजना की लागत 3808 करोड़ रुपये है, और यह 30 जून 2029 तक पूरी होगी। इस बांध से भीमताल ब्लॉक के आसपास के दर्जनों गांवों को पानी मिलेगा और पर्यटन के क्षेत्र में भी नए अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर प्रमुख जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलडिया, जमरानी बांध के अध्यक्ष नवीन पलडिया, संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, और अन्य स्थानीय नेता शामिल थे।

### बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर जश्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित देवलचौड़ चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी का इज़हार किया। मुखानी मंडल अध्यक्ष दीपू नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाइयाँ बांटी।



इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा यह जीत भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत भाजपा के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और आगामी चुनावों में भी पार्टी और मजबूत स्थिति में होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी का इजहार करते हुए मिष्ठान वितरण भी किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र, भाजपा प्रदेश सहयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ महेन्द्र कश्यप, राजेश पंत, अमित बिष्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष भवन आर्य आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना बाल दिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** स्कूलों में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर के बालक उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्लीताल एवं कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्लीताल में बाल दिवस में नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल अचानक ही अपने साथ केक एवं चॉकलेट लेकर विद्यालय में पहुंच गई जिन्हें देखकर बच्चों एवं अध्यापकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा विद्यालय पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा बच्चों के साथ मिलकर बाल दिवस की तैयारी में सहयोग किया तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया गया उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा फिर बच्चों को अपने हाथों से ही केक खिलाया जिससे उक्त विद्यालयों के बच्चे अत्यंत ही प्रसन्न हुए। इस दौरान स्कूल के गुरुजनों की ओर से उन्हें स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया। उनके द्वारा विद्यालय छत की मरमत एवं बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय बनाने की घोषणा की। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुशील टम्टा समेत आलोक जोशी, मंजू पांडे, ज्योति तिवारी, सरिता त्रिपाठी, अजय रावत, भुवन फुलारा तथा दीपा आदि अनेक अध्यापक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



# पूर्ण कार्यबहिष्कार पर रहे अधिवक्ता

## बार काउंसिल के आह्वान पर एकस्वर में मजबूती से उठाई मांगें

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बार काउंसिल के आह्वान पर शनिवार को नैनीताल में अधिवक्ताओं ने पूर्ण कार्य बहिष्कार किया। नैनीताल जिला बार एसोसिएशन ने इस बंद का पूर्ण समर्थन देते हुए न्यायिक कार्यों से स्वयं को विरत रखा। कार्य बहिष्कार के दौरान आयोजित सभा मे अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर एकस्वर में अपनी विभिन्न मांगों को मजबूती से उठाया। सभा को संबोधित करते हुए बार संघ के सचिव दीपक रुबाली ने कहा कि अधिवक्ताओं को अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर एकजुट



रहना होगा ताकि सरकार के समक्ष उनकी आवाज़ मजबूत रूप से पहुँचे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष नीरज साह ने प्रदेशव्यापी बंद के समर्थन देते हुए कहा की अधिवक्ताओं के लिए हर जिले तहसील और ब्लॉक स्तर पर उचित चैम्बर निर्माण अत्यंत आवश्यक है उन्होंने जूनियर अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए ठोस नीतिगत कदम उठाने की बात कही साथ ही उन्होंने नोटरी अधिवक्ताओं के लाइसेंस की अवधि 10 वर्ष से आगे बढ़ाने की मांग भी उठाई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याएँ लंबे समय से सरकार के संज्ञान में है जिनका सरकार को प्राथमिकता से समाधान करना चाहिए। सभा को अधिवक्ता संजय सुयाल तरुण चंद्रा रवि आर्या ने संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि उनका वर्तमान आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है लेकिन यदि मांगो पर कार्यवाही नही की गई तो आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा। इस दौरान कई अधिवकता मौजूद रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस पर संगोष्ठी, भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत के मार्गदर्शन में हुआ। संगोष्ठी में भारत की जनजातीय विरासत, जनसांख्यिकीय विशेषताएं और संवैधानिक स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डा. ऋचा गिनवाल के स्वागत भाषण और परिचयात्मक वक्तव्य से हुई, जिसमें उन्होंने 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर प्रकाश डाला।

डा. गिनवाल ने बताया कि राज्य सरकार ने 15 नवंबर को राज्यव्यापी जनजातीय गौरव दिवस मनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों से संबंधित है और संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत 730 जनजातियाँ अधिसूचित हैं। उत्तराखंड में पांच प्रमुख जनजातियाँ निवास करती हैं, जो राज्य की कुल आबादी का 2.9 प्रतिशत हैं। संगोष्ठी में डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत ने जनजातीय संरक्षण और सांस्कृतिक संवर्धन के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। वहीं, सोनम कोटियाल ने उत्तराखंड की प्रमुख जनजातियों जौनसारी, थारू, राजी, बुक्सा और भोटिया की भौगोलिक स्थिति और सांस्कृतिक पहचान पर विस्तार से प्रस्तुति दी। उन्होंने 1962 के बाद रंग/शौका समुदाय में आए आर्थिक परिवर्तनों पर भी चर्चा की।

संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण डा. दिव्या का व्याख्यान था, जिसमें उन्होंने जोहारी शौका समुदाय की प्राचीन हिमालयी व्यापार परंपरा, ग्यानिमा मंडी के ऐतिहासिक महत्व और 1962 के बाद आर्थिक संकट से उबरने की उनकी यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुनस्यारी में उन्नी प्रशिक्षण केंद्र और पर्यटन के बढ़ते अवसरों का भी उल्लेख किया। अंत में प्रो. सवित्री कैड़ा जंतवाल ने उत्तराखंड की गौरवशाली जनजातीय महिला बछेंद्री पाल के प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन डा. जे. के. लोहानी और डा. हर्देश कुमार के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संजय पंत, और सभी संकाय सदस्यों तथा छात्रों का आभार व्यक्त किया।

# आजीविका मिशन के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत उड़ान सीएलएफ ज्योलिकोट की शुक्रवार को वार्षिक आम बैठक हुई। इस दौरान वार्षिक रिपोर्ट की चर्चा की गई। रामलीला ग्राउंड ज्योलिकोट में आयोजित एजीएम का शुभारंभ सरियाताल के प्रधान हरगोविंद सिंह रावत ने किया। जिसके बाद ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना से अवनीश पांडे की ओर से परियोजना की जानकारी दी गई और बीओडी का चयन किया गया। इसके अलावा बीएमएम लता सुयाल की ओर से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा यह ग्रामीण गरीबों की आजीविका में स्थाई सुधार लाने के लिए भारत सरकार की एक गरीबी उन्मूलन परियोजना है। इससे पूर्व उड़ान कलस्टर की अध्यक्ष गीता नेगी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर चोपड़ा प्रधान बीना जीना, ज्योलिकोट प्रधान नवल कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज चनियाल, कमला जोशी, परियोजना कर्मचारी चारु बिष्ट, दीपा, पूजा, हिमानी, हर्षित, नीतू राजपूत, गीता पांडे पीआरपी शकुंतला नेगी रहे।



# एमयूएन-डीआरए का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में देशभर से आए प्रतिभागियों के साथ पहली बार मॉडल यूनाइटेड नेशन्स एमयूएन-डीआरए का भव्य आयोजन शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामयी गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में भीमताल परिसर के निदेशक ने अतिथियों, विशिष्टजनों तथा संकाय सदस्यों और युवा प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए वर्ल्ड हिम्स क्लब द्वारा इस आयोजन को कैंपस में लाने की सराहना की। उन्होंने ग्राफिक एरा की प्रेरणादायी यात्रा प्रो. डा. कमल घनशाला के विजन का उल्लेख किया और कहा कि एमयूएन छात्रों में वैश्विक मुद्दों की समझए तार्किक सोच और जिम्मेदार निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डा अमित आर भट्ट का संदेश भी पढ़ा गया जिसमें उन्होंने कहा कि ऐसे मंच छात्रों में सौदेबाज़ी, कूटनीति और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को विकसित करते हैं। उद्घाटन समारोह की मुखय अतिथि प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी निदेशक यूजीसी मलवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल रहीं। उन्होंने एमयूएन में अपने पहले एमयूएन अनुभव को याद करते हुए कहा कि इस मंच ने उनके व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अतिथि प्रभा सती, बोर्ड डायरेक्टर ह्यूमना पीपल टू पीपल इंडिया एवं पूर्व पदाधिकारी यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो और यूरोपीय आयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता तथा आत्मविश्वास और निर्भीक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हैं।



# अंडा मार्केट में अचानक गिरा पेड़, मचा हडकंप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल के अंडा मार्केट क्षेत्र में शनिवार को सुबह अचानक अंगू का विशालकाय पेड़ गिरने से हडकंप मच गया। पेड़ गिरने से बिजली की लाइन टूटने के साथ सडक किनारे पार्क तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बता दें कि शनिवार की सुबह मल्लीताल अंडा मार्केट क्षेत्र में अचानक एक विशालकाय पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से वहां पार्क पंगोट निवासी लीलाधर, महेश चंद और सुनील सिंह के तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि वहां खड़े वाहन चालक और कोई राहगीर पेड़ की चपेट में नहीं आये। लेकिन बिजली लाइन क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित है।

# नैनीताल में सरदार एट द रेट 150 जिला स्तरीय पदयात्रा सफलतापूर्वक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला प्रशासन नैनीताल एवं मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सरदार एट द रेट 150 जिला स्तरीय पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इससे पूर्व पदयात्रा का शुभारंभ शैले हल्ल नैनीताल से हरी झंडी दिखाकर किया गया जो बड़ा बाजार मल्लीताल, आर्य समाज मंदिर, मॉल रोड होते हुए तल्लीताल से होकर जीजीआईसी तल्लीताल में संपन्न हुई। इस ऐतिहासिक यूनिटी मार्च में नैनीताल जिले के विभिन्न विद्यालयों के 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नैनीताल की विधायक सरिता आर्या रहीं। इसके साथ ही गोपाल सिंह रावत सांसद प्रतिनिधि, शान्ति मेहरा दर्जा राज्य मंत्री, दिनेश आर्या दर्जा मंत्री, विवेक रायएडीएम, जगदीश चन्द्र एसपी ट्रैफिक, निर्मला पंत जिला क्रीड़ाधिकारी, प्रतीक चन्द्र जोशी युवा कल्याण अधिकारी तथा दयाकृष्ण पोखरिया संयोजकए एवं भाजपा के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विविध उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए जिन्हें आगंतुकों ने सराहा। सभी प्रतिभागियों द्वारा नशामुक्ति संकल्प एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प भी दिलाया गया। अंत में मेरा युवा भारत नैनीताल की उपनिदेशक डोल्वी तेवतिया द्वारा सभी अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर समानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एडीएम विवेक राय ने सभी आगंतुकों तथा प्रतिभागियों तथा सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती कोहली, अजय कोहली, सतीश चंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा।



# आज दून को रवाना होगी जूनियर हॉकी टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनपद नैनीताल की जूनियर अंडर-18 बालकों की हॉकी टीम कल यानि आज रविवार की सुबह देहरादून के लिए प्रस्थान करेगी। शनिवार को टीम का चयन गौलापार स्टेडियम में आयोजित ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें प्रिंस रावत, मिहिर कुंवर, हिमांशु, अंकित, कृष्णा वर्मा, गर्व आर्या, वंश, दीपांशु जोशी, यशदीप और सुमित समेत दस खिलाड़ियों को चयन हुआ। उप क्रीडा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि यह टीम 17 से 19घ्नवंबर तक पवेलियन ग्राउंड, देहरादून में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय 6.ए.साइड जूनियर बालकों की हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेगी। ट्रायल का संचालन हॉकी प्रशिक्षक गोविंद लटवाल और सुनील कुमार ने किया। इस मौके पर उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, बिशन बोरा, प्रियांशी नेगी, सुरेश कुमार, आरती आदि मौजूद रहे।

# सैनिक स्कूल ने राज्य स्तरीय कला उत्सव में दो प्रतियोगिताओं में हासिल किया पहला स्थान

## कला उत्सव में राज्य के सभी 13 जनपदों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के मार्गदर्शन में रुडकी में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव-2025 में पारंपरिक लोक वाद्य यंत्र समूह वादन प्रतियोगिता में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की टीम ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मेहता के मुताबिक कला उत्सव में उत्तराखंड राज्य के सभी 13 जनपदों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कहानी वाचन प्रतियोगिता में विद्यालय की हिंदी शिक्षिका डा. नीलम जोशी के मार्गदर्शन में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की टीम ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश, डीएसबी कैंपस की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा व विद्यालय के शिक्षकों ने दोनों टीमों को बधाई दी है। प्रधानाचार्य भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल ने सीईओ गोविंद राम जायसवाल, सीईओ माध्यमिक पुष्कर लाल टमटा व प्राथमिक एचबी चंद तथा बीईओ भीमताल कैना चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# शांतिपुरी में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शनिवार को सत्संग आश्रम शांतिपुरी नंबर 2 सहकारी महिला दुग्ध समिति के प्रांगण में ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग एवं सरकार की ओर जागरुकता शिविर लगाया। शविर में ग्रामीणों को देवीय आपदा की स्थिति में आपातकालीन सुरक्षा टिप्स बताए। शिविर में उपस्थित डाक्टर संतोष पांडे ने ग्रामीणों को सर्प दंष व दूसरे जहरीले कीड़ों से बचाव तथा आपदा के बाद फैलने वाली जानलेवा संक्रांमक बीमारियों से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रधान कविता तिवारी, मनोज कुमार, कोर्डिनेटर रेनू मेहता, सुपरवाइजर मुन्नी बिष्ट, सचिव कविता कोरंगा, दुर्गा कोरंगा, हेमा कोरंगा, देवकी देवी, मालती देवी, पुष्पा कोरंगा, आशा दीपा कोरंगा, हेमा जोशी, गंगा कोरंगा विमला जोशी, दीपा कोरंगा मौजूद रहे।

### एक राष्ट्र-एक चुनावरू नीतिगत विमर्श पर शैक्षिक वेबिनार

नैनीताल। कुमाऊँ ब्विवविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनावरूनीतिगत विमर्श पर शैक्षिक वेबिनार का आयोजन किया। बता दें कि विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय एवं भौतिक शिक्षा विभाग, कुमाऊँ ब्विवविद्यालय नैनीताल के संयुद्र संरक्षण में वन नेशन- वन इलेशनरू पालिसी फि जिबिलिटी इन लाइट अक्क़ गवर्नमेंट्स रीसेंट रेकमेंडेशन्स विषय पर वेबिनार का स्फल आयोजन किया गया। भौतिक शिक्षा विभाग के नोडल हेड डक्क संतोष कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रो. नीता बोरा ने सभी प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुएश्वन नेशन- वन इलेशन विषय की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। मुखय वद्रा वरिष्ठ प्रो. एम. एम. सेमवाल ने संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। उन्होंने निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों की आवश्यकता पर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अशरफ अली पुत्र श्री दिलशाद अली निवासी कालाढूंगी वार्ड नं.-4 द्वारा कालाढूंगी वार्ड नं. 4 में स्थित भवन जिसके पूरब में वन विभाग की भूमि पश्चिम में नगर पालिका परिषद की सड़क उत्तर में भवन व दक्षिण में भवन स्थित है। जो नगर पालिका के गृहकर अभिलेखों में प्रार्थी के पीता स्व. श्री दिलशाद अली पुत्र श्री मंजूर अली कालाढूंगी वार्ड नं.-4 जिला नैनीताल के नाम दर्ज है। जिसका गृहकर प्रार्थी अशरफ अली पुत्र श्री दिलशाद अली द्वारा अपने नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु प्रार्थी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र शपथ पत्र व अपनी माता नसीम बानो पत्नी दिलशाद अली आदि का इकरार नामा व शपथ पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करों की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में अशरफ अली पुत्र श्री दिलशाद अली के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। नोट:- यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## पहला टेस्ट: कोलकाता में लगी विकेटों की पतझड़ के बीच

# भारतीय टीम को मिली जीत की सुगंध

**कोलकाता, वार्ता।** रवींद्र जडेजा (चार विकेट) और कुलदीप यादव (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के दूसरी पारी में 93 पर सात विकेट झटक कर मैच में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। दक्षिण अफ्रीका अभी 63 रनों से आगे है और उसके तीन विकेट बाकी हैं। भारत को पहली पारी में 189 रन पर समेटने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की एक बार फिर शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह भारतीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण के आगे बेबस नजर आया। लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार लेकर मेहमान टीम को झकझोर दिया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने 12 रन पर दो विकेट निकाले। लेफ्टआर्म स्पिनर अक्षर पटेल को 30 रन पर एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में कप्तान टेम्बा बावुमा ने सर्वाधिक नाबाद 29 रन बनाए। रायन रिकलटन (11), वियान मुल्डर (11) और मार्को यानसन (13) ही दहाई की संख्या में पहुंच सके। स्टंप्स के समय बाबुमा के साथ कॉर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर थे। मैच के दूसरे दिन कुल 15 विकेट गिरे और भारत को इस मुकाबले में जीत की सुगंध नजर आने लगी है। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाकर 30 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। भारत ने कल के एक विकेट पर 37 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में भारत का दूसरा विकेट 75 रन के स्कोर पर वाशिगटन सुंदर के रुप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद केशव महाराज ने केएल राहुल 39 रन को आउट किया। ऋषभ पंत (27 रन) को कॉर्बिन बॉश ने अपना शिकार बनाया। 49वें ओवर में हार्मर ने धुव जुरेल (14) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने रवींद्र जडेजा (27) को भी अपना शिकार बनाया। इस दौरान मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और धैर्यपूर्ण डिफेंस का मिश्रण देखने को मिला। राहुल ने केशव महाराज की गेंद पर एक छक्का और कई चौके लगाए, जबकि पंत शानदार फॉर्म में थे और आउट होने से पहले उन्होंने दो छक्के और इतने ही चौके लगाए। सुंदर ने भी अपनी पहुंच और टाइमिग का अच्छा इस्तेमाल करते हुए एक छक्का और दो चौके लगाकर प्रभावित किया। भारत का सातवां विकेट कुलदीप यादव (एक) का विकेट 172 के स्कोर पर गिरा। उन्हें मार्को यानसन ने आउट किया। मोहम्मद सिराज (एक) को भी यानसन ने अपना शिकार बनाया। 63वें ओवर की दूसरी

**लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार विकेट लेकर मेहमान टीम को झकझोरा**

गेंद पर साइमन हार्मर ने अक्षर पटेल (16) को आउटकर नौ विकेट पर 189 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। इससे पहले शुभमन गिल स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में 79/2 के स्कोर पर चोटिल होकर पवेलियन लौट गए थे और वह दोबारा बल्लेबाजी करने मैदान पर नहीं उतरे। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने चार विकेट लिए। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। कॉर्बिन बॉश और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



## गिल चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए

● **द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे**

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार दोपहर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।

गिल ड्रिंक्स ब्रेक के ठीक बाद बल्लेबाजी करने आए जब साइमन हार्मर ने वाशिगटन सुंदर को आउट किया। दाएं हाथ के स्पिनर ने भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज को राउंड द स्टंप्स से गेंदबाजी जारी रखी, जिन्होंने पहली गेंद पर डिफेंस किया और फिर अगली गेंद पर स्लॉग स्वीप किया। उन्होंने अच्छी तरह से गेंद को हिट किया और अपना पहला चौका भी लगाया, लेकिन शॉट लगाने के तुरंत बाद ही वह असहज महसूस करने लगे। फज़ियो गिल को देखने आए, जिन्होंने अपनी गर्दन के पिछले हिस्से को पकड़ रखा था और अपना सिर खुलकर नहीं हिला पा रहे थे।

त्वरित जांच के बाद, गिल रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए, और उनकी




जगह ऋषभ पंत मैदान पर आए। वह भारत की पहली पारी के दौरान पूरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे, जो अगले डेढ़ सत्र में 189/9 पर समाप्त हुई - 30 रनों की बढ़त के साथ। बीसीसीआई ने कहा कि आज (शनिवार) उनके खेल में भाग लेने पर भी मेडिकल स्टाफ की निगरानी रहेगी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी बैंकॉक में होगी

**दुबई, वार्ता।** चार महाद्वीपों की आठ टीमों के बीच नया वैश्विक टूर्नामेंट 'आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी' 20 से 30 नवम्बर तक बैंकॉक में खेला जाएगा। महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के पहले संस्करण में थाईलैंड, पापुआ न्यू गिनी, नीदरलैंड, यूएई, स्कॉटलैंड, नामीबिया, तंजानिया और युगांडा हिस्सा लेंगे। पहले दिन 20 नवम्बर को थाईलैंड बनाम नीदरलैंड और पापुआ न्यू गिनी बनाम यूएई के बीच मैच खेले जाएगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत और श्रीलंका में हाल ही में हुए संपन्न हुए एकदिवसीय महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए किया जा है। इस दौरान 'भारत में 50 करोड़ से अधिक दर्शकों ने इसे देखा और 'विभिन्न देशों में दर्शकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि' भी हुई थी।

### टेनिस प्रीमियर लीग की रेस टू गोल्ड मास्टर्स दिल्ली में शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) रेस टू गोल्ड मास्टर्स टूर्नामेंट का पहला चरण शनिवार को दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन में शुरू हुआ। दिल्ली में उत्तरी क्षेत्र से शुरू होकर, यह टूर्नामेंट तीन शहरों में खेला जाएगा, जिनमें गुजरात (22 व 23 नवंबर) और मुंबई (29 व 30 नवंबर) शामिल हैं, और यह टूर्नामेंट संबंधित राज्य टेनिस संघों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। टीपीएल की एक पहल, यह टूर्नामेंट उभरती हुई टेनिस प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करता है, जिससे उन्हें टीपीएल के अनूठे और रोमांचक 25-पॉइंट प्रारूप का उपयोग करके अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। इसका उद्देश्य भारत के टेनिस प्रतिभाओं को सामने लाना और खेल के लिए एक मजबूत घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करना है।

# लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हारे



● **लक्ष्य सेन दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा के खिलाफ चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए**

**जापान, वार्ता।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन को शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में स्थानीय बैडमिंटन खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

यहां कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में प्रतिस्पर्धा करते हुए लक्ष्य सेन, दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए। केंटा निशिमोटो के खिलाफ छह मुकाबलों में लक्ष्य सेन की यह तीसरी हार है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने शानदार शुरुआत की और 8-4 की बढ़त बना ली, लेकिन केंटा निशिमोटो ने वापसी करते हुए पहला गेम नौ-नौ से बराबर कर दिया। इसके बाद उतार-चढ़ाव भरा मुकाबला चला, जिसमें कोई भी खिलाड़ी जीत हासिल नहीं कर सका।

स्कोर 18-18 से बराबर था जब निशिमोटो ने दो महत्वपूर्ण अंक बनाए और कुछ ही क्षणों बाद गेम को अपने नाम कर लिया। लय को बरकरार रखते हुए केंटा निशिमोटो ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और 7-3 की बढ़त बना ली। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। गेम दोबारा शुरू होने के बाद, लक्ष्य ने तीन अंकों की बढ़त बरकरार रखी और फिर लगातार चार अंक बनाकर निर्णायक गेम में जगह बना ली। निर्णायक गेम एकतरफा मुकाबले में बदल गया। मध्यांतर तक निशिमोटो ने चार अंकों की बढ़त बनाए रखी और उसके बाद अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए लगातार अंतर बढ़ाते हुए मैच को आसानी से अपने नाम कर लिया।

## वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को हराकर जीता खिताब

● **सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी-20 के फाइनल में वेस्ट जोन ने 25 रनों से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी 2025 के फाइनल में शुक्रवार को वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को 25 रनों से हराकर पहला खिताब अपने नाम किया। खिताबी मुकाबला सोविमा के नागालैंड क्रिकेट एसोसिएसन स्टेडियम में खेला गया।

यह वेस्ट जोन का घरेलू महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला इंटर-जोनल खिताब था। इससे पहले के दो संस्करणों में वह क्रमश: सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बाद रनर-अप रही थी। कप्तान तानिया भटिया की अगुवाई में नॉर्थ जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने फैसला किया। हुमैरा काजी की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्ट जोन महिला टीम ने 20 ओवर में 169/4 का स्कोर दर्ज किया। इसके जवाब में नॉर्थ जोन महिला टीम 20 ओवर में लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकी और 4 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन ने शानदार शुरुआत की। सलामी बल्लेबाजों हुमैरा काजी और किरण नवगीरे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टीम की नींव मजबूत की। केपी नवगीरे 245 रन बनाकर टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं। छठे ओवर में वेस्ट जोन को पहला झटका अमनदीप कौर ने दिया। अमनदीप ने किरण को अपना शिकार बनाया। किरण ने 18 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली, जिसमें चार चौके और दो छक्के भी जड़े। इसके बाद हुमैरा का साथ तेजल हसबनीस ने दिया और पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 77 रनों की अहम साझेदारी की। 15वें ओवर में वेस्ट जोन को दूसरा झटका हुमैरा के रूप में नजमा खान ने दिया। हुमैरा ने तूफानी अर्द्धशतकीय पारी खेलते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से 44 गेंदों में 58 रन बनाए। इसके बाद तेजल भी ज्यादा देर मैदान पर अनुजा पाटिल का साथ नहीं दे सकी और 18वें ओवर में नजमा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। तेजल ने भी तेजी से रन बटोरे, लेकिन वह अर्द्धशतक बनाने से चूक गईं। तेजल ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा।

## अर्जुन एरिगैसी-पी हरिकृष्णा ने पहला गेम ड्रॉ खेला


**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के पांचवें राउंड के पहले गेम में शुक्रवार को ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के डिफेंस को भेदने की ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की कोशिशें नाकाम रहीं, जबकि ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने ड्रा खेला। सफेद मोहरों से खेलते हुए, अर्जुन डबल रूक एंड गेम में अपनी मामूली बढ़त को भुना नहीं पाए और 41 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक बराबर हो गए।

इससे पहले, हरिकृष्णा ने काले मोहरों से दमदार खेल दिखाया और सुनिश्चित किया कि जाइंट किलर ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा को सफेद मोहरों से जीतने का कोई मौका न मिले। कुल 24 भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता की शुरुआत की, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चार राउंड के बाद, केवल दो भारतीय ही खिताब जीतने और प्रस्तावित कैंडिडेट स्पॉट हासिल करने की दौड़ में बचे हैं। शुक्रवार को, अर्जुन दो बार के चैंपियन अरोनियन के खिलाफ सफेद मोहरों से बढ़त हासिल करने के लिए बेताब थे। ऐसा लग रहा था कि अर्मेनियाई मूल के अरोनियन मुश्किल में पड़ गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी 21वीं चाल खेलने में लगभग 30 मिनट लग गए। उनकी तारीफ की बात यह है कि उन्होंने मुश्किल से निकलने का रास्ता खोज लिया और फिर मजबूत शतरंज खेलकर यह सुनिश्चित किया कि सफेद मोहरों से खेलते हुए वे सै(ांतिक रूप से बढ़त के साथ दूसरे गेम में जाएं। हरिकृष्णा के लिए ऐसी कोई मुश्किल नहीं थी क्योंकि वे अल्कांतारा की योजना के लिए पूरी तरह तैयार थे क्योंकि दोनों खिलाड़ी तेज़ी से रूक-पॉन एंडगेम की ओर बढ़े।

## भारतीय कुश्ती महासंघ ने अमन सहरावत पर निलंबन हटाया, राहत मिली

● **भारतीय पहलवान से माफी नामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस लिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अमन सहरावत पर लगाया गया एक साल का निलंबन वापस ले लिया है, क्योंकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप में अपने इवेंट के दौरान अधिक वजन के पाए गए थे। पेरिस 2024 में भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बने अमन सहरावत का वजन क्रोएशिया के जागरेब में 2025 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के आधिकारिक वजन के दौरान निर्धारित सीमा से 1-7 किग्रा अधिक पाया गया। अमन, जो 14 सितम्बर को अपने मुकाबले से 18 दिन पहले क्रोएशिया में भारत के तैयारी शिविर में शामिल हुए थे, कथित तौर पर अस्वस्थ थे और समय पर अपना वजन कम नहीं कर पाए। डब्ल्यूएफआई, जिसने पेरिस 2024 में विनेश फोगाट के निराशाजनक परिणाम के बाद से असफल वजन माप पर कड़ा रुख अपनाया है, ने शुरुआत में अमन को कारण बताओ नोटिस जारी किया और बाद में उनके जवाब को 'असंतोषजनक' पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया। हालांकि, भारतीय पहलवान से माफीनामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श करने के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस ले लिया है। युवा नेहा सांगवान, जिन्हें बुल्गारिया में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अधिक वजन होने के कारण डब्ल्यूएफआई द्वारा निलंबित कर दिया गया था।



# आरआर ने जडेजा और करन के लिए संजू को किया सीएसके से ट्रेड



● **संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऐसे खिलाड़ियों के ट्रेड को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर्स रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे। यह आईपीएल इतिहास के सबसे हाई-प्रोफाइल ट्रेड्स में से एक है। 2021 से लेकर पिछले सीजन तक आरआर की कप्तानी करने वाले सैमसन को आईपीएल 2025 से पहले 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया था। सीएसके ने भी जडेजा को इतने ही मूल्य पर रिटेन किया था, जबकि करन को उन्होंने नीलामी में 2-4 करोड़ रुपये में खरीदा था। सैमसन सीएसके में उसी शुल्क पर शामिल होंगे, लेकिन जडेजा का शुल्क संशोधित होकर 14 करोड़ रुपये कर दिया गया है। करन का शुल्क जस का तस है। सैमसन ने आरआर के साथ 11 साल बिताए, लेकिन आईपीएल 2025 के बाद संकेत दिया था कि वह बदलाव चाहते हैं और फ्रेंचाइजी से रिलीज किए जाने की इच्छा जताई थी। जडेजा के लिए यह उस फ्रेंचाइजी में वापसी है जिसके साथ उन्होंने 2008 में पहले सीजन में अपना आईपीएल करियर शुरू किया था। जडेजा 2012 से सीएसके के साथ थे, सिवाय 2016 और 2017 के जब फ्रेंचाइजी निलंबित थी। उन्हें 2022 में कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन खराब शुरुआत के बाद उन्होंने नेतृत्व एमएस धोनी को वापस सौंप दिया था। करन के लिए यह तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइज़ी होगी। वह 2019 से 2025 के बीच सीएसके और पंजाब किंग्स के बीच आते-जाते रहे। आरआर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने कहा जडेजा का रॉयल्स में वापस आना हम सभी के लिए बेहद ख्‍ास है। वह फ्रेंचाइजी और फैंस को अच्छी तरह समझते हैं, क्योंकि वह आरआर के आईपीएल जीतने वाले अभियान का हिस्सा रहे हैं। इतने सालों में वह ऐसे खिलाड़ी बने हैं जो खेल को हर विभाग में प्रभावित कर सकते हैं। उनका अनुभव, संयम और प्रतिस्पर्धी रवैया हमारे ग्रुप के लिए बेहद मूल्यवान साबित होगा। शमी, नितीश राणा, फरेरा, तेंदुलकर किए गए ट्रेड जैसा कि बीते शुक्रवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने रिपोर्ट किया था अब मोहम्मद शमी आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए खेलेंगे।

# बाबर का शतक सूखा समाप्त, पाक ने जीती सीरीज

● **पाक ने मेहमान टी को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम ने नाबाद 102 और फखर के 78 के अर्द्धशतक की बदौलत पाक ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल किया**

**रावलपिंडी, वार्ता।** पाकिस्तान ने रावलपिंडी में दूसरे वनडे में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। यह मैच पहले गुरुवार को होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। मेहमान टीम को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम के शतक (नाबाद 102) और फखर जमान (78) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने 51 रनों की साझेदारी करके एक मज़बूत नींव रखी। हालांकि दोनों बल्लेबाज क्रीज पर अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, लेकिन 10वें ओवर में तीसरा रन लेने की कोशिश में पथुम निसंका के रन



आउट होने के बाद उनकी साझेदारी अचानक टूट गई। इसके बाद 14वें ओवर की शुरुआत में अबरार अहमद की गुगली का शिकार कामिल मिशारा स्टंप आउट हो गए। कुसल मेंडिस भी ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाए और 20वें ओवर में अबरार की गेंद पर पुल-शॉट लगाकर मिड-विकेट पर आउट हो गए। इस लेग स्पिनर ने एक ओवर बाद ही चरिथ असलांका को कैच देकर मेहमान टीम का स्कोर 98/4 कर दिया। सदीरा समरविक्रमा और जनिथ लियानागे के बीच 61 रनों की साझेदारी के बाद श्रीलंका की साझेदारी की जरूरत कुछ हद तक पूरी हुई। 32वें ओवर में हारिस रऊफ की गेंद पर समरविक्रमा ने लाइन पार करने की कोशिश में अपना ऑफ स्टंप गंवा दिया, लेकिन श्रीलंका की वापसी कामिडु मेंडिस ने की, जो सकारात्मकता के साथ मैदान पर उतरे। लियानागे के अर्द्धशतक के साथ 73 रनों की एक और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार दो ओवरों में कामिडु और लियानागे को आउट करके जवाबी हमला किया और 44वें ओवर की समाप्ति पर श्रीलंका का स्कोर 241/7 हो गया। अगले ही ओवर में दुष्मंथा चमीरा गोल्डन डक पर आउट हो गए, जिन्हें रऊफ ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। लेकिन वानिदु हसरंगा और प्रमोद मदुशन के बीच 44 रनों की शानदार साझेदारी ने सुनिश्चित किया कि श्रीलंका की पारी बिना संघर्ष के समाप्त न हो। अंतिम ओवर में श्रीलंका ने तीन चौकों सहित 18 रन बटोरे और 288/8 का स्कोर बनाया। जवाब में, पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही और मदुशन ने उनकी मदद की, जिन्होंने दूसरे ओवर में 11 वाइड दिए। फखर जमान और सैम अयूब दोनों ने लगातार ढीली गेंदों का फायदा उठाया। श्रीलंका की लापरवाही उनके क्षेत्ररक्षण में भी दिखाई दी।

## महामहिम राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में की शिरकत

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को दिए गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने आज निजी विश्वविद्यालय, रुड़की के 5वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा साक्षी राज को प्रेसिडेंस मेडल से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, परिश्रम और अनुशासन के साथ कार्य करने और समाज तथा राष्ट के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा दी। दीक्षांत भाषण में राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि दीक्षांत समारोह जीवन का वह स्वर्णिम क्षण है, जो परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का सुखद परिणाम होता है। उन्होंने उपाधि धारकों से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और यह लंबे समय तक किए गए कठिन परिश्रम, धैर्य और अनुशासन का परिणाम होता है। उन्होंने



विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे बड़े और असीमित सपने देखें और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच अपनाएं। राज्यपाल ने कहा कि नैतिकता, चरित्र और विनम्रता ही स्थायी सफलता के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने आधुनिक तकनीकी क्रांति, एआई, डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग, का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से "लाइफ लॉन्ग लर्निंग" अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भविष्य में वही युवा नेतृत्व करेगा जो सीखना बंद नहीं करेगा और नई तकनीकों को आत्मसात करेगा। राज्यपाल ने कहा कि भारत अमृत काल की महत्वपूर्ण यात्रा पर अग्रसर है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण युवाओं की सक्रिय सहभागिता से ही संभव होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 में अनुसंधान, नवाचार, उद्योग-सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय प्रगति का भी उल्लेख किया, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। राज्यपाल ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एक शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में दिशा देने वाला दीपस्तंभ होता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां बताई। दीक्षांत समारोह में विधायक श्रीमती ममता राकेश, मेयर रुड़की अनीता अग्रवाल, विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अजय गोयल, संस्थापक अध्यक्ष श्याम सुन्दर गोयल, पूर्व अध्यक्ष भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलसचिव डॉ. अमित दीक्षित सहित विश्वविद्यालय के अन्य सदस्य गण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लक्सर में सरकारी भूमि पर बनी अवैध मजार पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड में अवैध मजारों पर कार्रवाई जारी है। हरिद्वार जिले की लक्सर तहसील में धामी सरकार ने अवैध मजार पर बड़ा एक्शन लिया है। यहां ग्राम समाज की जमीन पर बनी अवैध मजार पर बुलडोजर चला दिया गया है. एसडीएम सौरभ असवाल की मौजूदगी में प्रशासनिक टीम और भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई. इसके बाद अवैध मजार ध्वस्त की गई है।

लक्सर में अवैध मजार हटाई गई: हरिद्वार जिले में लक्सर के नहेंदपुर सुठारी गांव में शनिवार सुबह प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की. सरकारी भूमि पर बनी मजार को अतिक्रमण की श्रेणी में पाते हुए ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए रुड़की, झबरेड़ा, लक्सर, खानपुर, कलियर और पथरी थानों की पुलिस फोर्स तथा आईआरबी (प्दकपंद त्मेमतअम ठंजजंसपवद) के जवानों को बड़े स्तर पर तैनात किया गया। पूरे ऑपरेशन को प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंजाम दिया। प्रशासन के नोटिस का नहीं दिया था जवाब: जानकारी के अनुसार, सरकारी भूमि पर बनी इस मजार को लेकर प्रशासन की ओर से दो बार नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस में संबंधित पक्षों को दस्तावेज प्रस्तुत करने तथा निर्माण के संबंध में स्पष्टीकरण



देने के लिए कहा गया था लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद प्रशासन ने नियमानुसार अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। सरकारी भूमि पर कब्जा करके बनाई गई थी अवैध मजार: शनिवार सुबह एसडीएम लक्सर सौरभ असवाल, नायब तहसीलदार मधुकर जैन तहसील प्रशासन, राजस्व टीम और पुलिस बल गांव में पहुंचे। सुरक्षा घेरा बनाने के बाद जेसीबी की मदद से मजार को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई को देखते ही क्षेत्र के लोगों में हलचल मच गई, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सख्ती के चलते कोई विरोध या हंगामा नहीं हुआ। एसपी देहात ने कहा आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई: एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से अंजाम दिया गया. सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त है. ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। एसडीएम ने कहा राजस्व विभाग के कब्जे में रहेगी जमीन: एसडीएम लक्सर सौरभ असवाल ने कहा कि राजस्व अभिलेखों की जांच में यह भूमि सरकारी पाई गई। दो बार नोटिस देने के बाद भी कोई पक्ष सामने नहीं आया. इसके बाद कार्रवाई की गई. सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराकर राजस्व विभाग अपने अधिकार में सुरक्षित करेगा। अवैध निर्माण पर होगी सख्त कार्रवाई: अवैध मजार तोड़े जाने की कार्रवाई के दौरान गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे. हालांकि पुलिस ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखते हुए कार्रवाई को बिना किसी बाधा के पूरा कराया. मौके पर महिला पुलिस बल भी तैनात रहा. प्रशासन की इस कार्रवाई ने क्षेत्र में यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या कब्जा अब नहीं चलेगा।

# महानगर कांग्रेस ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की के कैंप कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं द्वारा श्रीमती बीना आनंद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक कल पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष तथा सीडब्लूसी सदस्य एवं चुनाव कंपन कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए गणेश गोदियाल प्रीतम सिंह हरक सिंह रावत एवं निवर्तमान अध्यक्ष करण माहरा के पदभार ग्रहण समारोह में कांग्रेस पार्टी के साथियों को देहरादून जाने की तैयारी हेतु आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि वह आक्रामकता के साथ भाजपा के जैन विरोधी मुद्दों को उठाते रहे और इसी तरह



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूरी टीम भाजपा की गलत नीतियों का विरोध करेंगे एवं वर्ष 2027 में उत्तराखंड राज्य में कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कहा कि यह कठिन समय है और उत्तराखंड की जनता बेहद परेशान है ऐसे में नवनियुक्त सभी पदाधिकारी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्ण समर्थन एवं एकजुटता का परिचय देते हमें भाजपा सरकार के जन विरोधी कार्यो को आम जनता के बीच पहुंचाना होगा । इस अवसर पर अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े घर से हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बे में मकान का दरवाजा खुला देख अंदर घुसा चोर गोदरेज अलमारी का लॉकर तोड़कर हजारों रुपए की नकदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात ले उड़ा। परिवार को चोरी का पता छत से नीचे आने पर चला, वही दिनदहाड़े चोरी की वारदात से पुलिस में हडकंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले संदिग्ध की तलाश को लेकर पुलिस ने उसके ठिकाने पर दबिश दी मगर वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा।

शुक्रवार की शाम कस्बे की रविदास बस्ती निवासी मनफूल की पत्नी व परिवार के लोग मकान की छत पर बैठे थे। इसी बीच मकान का दरवाजा खुला देख चोर अंदर जा घुसा जहां उसने कमरे में रखी गोदरेज अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखी 35 हजार रुपए की नकदी व करीब तीन लाख रुपए की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए मकान स्वामी को चोरी का पता छत से नीचे आने पर लगा। पिडित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, दिनदहाड़े चोरी की वारदात से पुलिस में हडकंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले एक संदिग्ध की शिनाख्त होने पर पुलिस ने उसके संभावित ठिकाने पर दबिश दी मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

नागल थाना क्षेत्र का रहने वाला है संदिग्ध-लंढौरा की रविदास बस्ती में दिनदहाड़े हुई चोरी के शक की सुई जिस व्यक्ति पर घुम रही है। वह सहारनपुर जनपद के नागल थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जो ई रिक्शा चलाता है। बताया गया है। शुक्रवार को ई रिक्शा चालक अंबेडकर कॉलोनी स्थित एक व्यक्ति की मौत के बाद उसके तीज्जे में कपासा (टपरी) गांव से महिलाओं को लंढौरा लेकर आया था। जिसने अपनी ई रिक्शा चोरी हुए घर के पास स्थित मंदिर में खड़ी की हुई थी। आशंका है कि मौका पाकर ई रिक्शा चालक ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

# सरकारी समिति चुनाव में 28 उम्मीदवार मैदान में, 19 नवंबर को होगा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** किसान सहकारी समिति के डायरेक्टर पद को दाखिल नामांकन पत्रों में आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। दावेदारों को निशान आवंटन कर दिया गया है। फिलहाल 28 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। लंढौरा किसान सेवा सहकारी समिति के डायरेक्टर पद के लिए 9 निर्वाचन क्षेत्र है एक डायरेक्टर के पूर्व में निर्विरोध चुने जाने के बाद लंढौरा समेत 7 ग्राम सभाओं में डायरेक्टर का चुनाव होना हैं। शनिवार को डायरेक्टर के पद के लिए नामांकन करने वाले 36 लोगों में से 8 लोगों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। फिलहाल लंढौरा से 6 गोपालपुर-घोस्सीपुरा से 2 शिकारपुर से 2 बुक्कनफुर से 3 सिक्खर-आमखेड़ी से 6 जैनपुर झंझेड़ी से 4 खेमपुर-थिथौला से 2 हज्जरपुर से 4 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। चुनाव अधिकारी प्रमेंद्र मलिक ने बताया कि शनिवार को 8 लोगों ने नामांकन पत्र वापस लिए है।उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिया गया है। 8 निर्वाचन क्षेत्र में डायरेक्टर के पद को लेकर 28 लोग चुनाव मैदान मे है। 19 नवंबर को डायरेक्टरों का चुनाव व शाम को परिणाम घोषित किया जाएगा।

# बिहार चुनाव में एआईएमआईएम की जीत पर मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बिहार चुनाव में एआईएमआईएम (मजलिस) की प्रचण्ड जीत पर मजलिस कार्यकर्तओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 नैय्यर काजमी के कैम्प कार्यालय पहुँचकर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

डॉ0काजमी ने कहा कि मजलिस ने केवल बिहार के पूर्वांचल में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ा और उसमें पांच सीटों पर भारी बहुमत से जनता ने उनको जिताया,जो हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष बेरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी की ईमानदार व बेदाग छवि का परिणाम है।उन्होंने कहा कि केवल मुस्लिम ही नहीं,बल्कि हिन्दू भाइयों ने भी बैरिस्टर ओवैसी को अपना समर्थन देकर सीमांचल के विकास और तरक्की पर वोट दिया। उन्होंने कहा कि सौ साल पुरानी कांग्रेस के बराबर ही बिहार की जनता ने सीमित संसाधनों के बावजूद मजलिस के उम्मीदवारों को अपना समर्थन दिया। डॉ0काजमी ने कहा कि अब उत्तराखंड, बंगाल और तमिलनाडु में भी मजलिस को सफलतापूर्वक जनता तक पहुँचने में मदद मिलेगी। बिहार में मजलिस की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर कर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल



वाजिद,मौलाना मोहम्मद आजाद,प्रधान मोहम्मद उस्मान,आस मोहम्मद,जुल्फिकार ठेकेदार,हाजी महबूब कुरैशी,गफ्फार अंसारी,अबरार कलियर अध्यक्ष,मोहम्मद सलमान,मोहम्मद शहजाद,मोहम्मद अहसान,मोहम्मद फरीद आदि मजलिस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ0काजमी का स्वागत किया।

## गणेशपुर में एक बार फिर धंसी सड़क

# कई मकानों में आई दरारें, लोगों में गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के गणेशपुर में एक बार फिर से सड़क धंसने के कारण कई मकानों में दरारें आ गई। इसके साथ ही क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त ने स्थिति का जायजा लिया है वहीं लोगों में इसे लेकर नाराजगी दिखाई दी है।

रुड़की के गणेशपुर में एडीबी द्वारा किया गया कार्य एक बार फिर लोगों के लिए श्राप बनता दिखाई दे रहा है। गणेश चौक से गणेशपुर गांव की जाने वाली मार्ग पर एक बार फिर से सड़क दास गई है जिसके कारण आसपास के करीब आधा दर्जन से अधिक मकान में दरारें आई हैं। वहीं पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने स्थिति का जायजा लिया। वहीं जल संस्थान के जुनैद गॉड भी मौके पर पहुंचे। वही मामले को लेकर लोगों में खासी नाराजगी भी दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि आए दिन सड़क धसने के कारण उनके घरों में लाखों का नुकसान हो रहा है तो वही खतरा बना रहता है कि कहीं घर गिर न जाएं। उन्होंने कहा



कि उन्हें एडीबी द्वारा मुआवजा दिया जाए और इस समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। इसके साथी लोगों ने अपने घरों के बाहर मकान बिकाऊ है के पोस्टर भी लगा दिए है।

# मॉक ड्रिल में फायर यूनिट की त्वरित कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तहसील परिसर और राजकीय इंटर कॉलेज में सफल सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन, अग्निशमन अधिकारी यादव ने कहा कि "मॉक ड्रिल से तैयारियों को मिलती है मजबूती। रुड़की समॉक ड्रिल के अंतर्गत स्टेजिंग एरिया बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में स्थापित कंट्रोल रूम से भूकंप की सूचना मिलते ही फायर यूनिट रुड़की तत्काल सक्रिय हुई। प्राप्त सूचना के आधार पर टीमों ने निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार तेजी से तहसील परिसर रुड़की एवं राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की के लिए प्रस्थान किया। तहसील परिसर रुड़की में मॉक ड्रिल के दौरान लगभग 70 लोग मौजूद थे। भूकंप की सूचना मिलते ही फायर यूनिट रुड़की एवं सहयोगी टीमों द्वारा आपदा उपकरणों की सहायता से व्यवस्थित सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान 6 लोग गंभीर रूप से घायल पाए गए, जिन्हें सरकारी एंबुलेंस से तुरंत अस्पताल भेजा गया। वहीं 10 व्यक्ति आंशिक रूप से घायल मिले, जिन्हें प्राथमिक उपचार के उपरांत उनके निवास स्थान के लिए रवाना कर दिया गया। राहत-बचाव कार्य निर्विघ्न सम्पन्न होने के बाद सभी टीमें पुनः स्टेजिंग एरिया लौट आईं। इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। नोडल अधिकारी के रूप में तहसील परिसर के नायब तहसीलदार महोदय पूरी टीम के साथ मौके पर उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल का दूसरा चरण राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की में आयोजित किया गया, जहाँ लगभग 90 बच्चे अध्ययनरत थे। अचानक भूकंप की स्थिति में फायर यूनिट रुड़की ने



अन्य टीमों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से सर्च एंड रेस्क्यू कार्य किया। इस दौरान दो बच्चे गंभीर रूप से घायल पाए गए, जिन्हें अस्पताल ले जाते समय डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पाँच बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार सरकारी अस्पताल में चल रहा है। सभी परिजनों को थाना गंगनहर पुलिस द्वारा सूचना दे दी गई। इसके अतिरिक्त 10 बच्चे आंशिक रूप से घायल पाए गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के उपरांत उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। राहत कार्य पूर्ण कर सभी टीमें पुनः स्टेजिंग एरिया बीएसएम इंटर कॉलेज पहुँचीं।

# नौकरी लगवाने का झांसा देकर 51 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा शनिवार को दो महिलाओं सहित चार लोगों पर सरकारी नौकरी का झांसा देकर 51 लाख हड़पने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम सुसाडी खुर्द निवासी सरिता देवी पत्नी योगेश द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि अगस्त 2024 में उसकी एक रिश्तेदार गीता देवी पत्नी गोपीचंद निवासी सुहाहेडी थाना सरसावा द्वारा उसकी जान पहचान तानिया पुत्री सुमित निवासी हुलासगढ़ थाना देवबंद सहारनपुर उत्तर प्रदेश से कराई थी ।तानिया ने उसे बताया था कि वह दिल्ली में एक सरकारी विभाग में उच्च अधिकारी है वह तुम्हारी भी सरकारी विभाग में नौकरी लगवा देगी सरकारी नौकरी का झांसा देकर तानिया व उसके साथी रेनू पत्नी सुमित सुमित कुमार व राजकुमार निवासी हुलासगढ़ तथा पायल पुत्री कुलदीप निवासी लखनौती सहारनपुर उत्तर प्रदेश द्वारा उससे अपने बैंक अकाउंट व यूपीआई नंबरो पर 51 लाख 20 हजार रुपए डलवा लिएथे काफी समय बाद भी नौकरी नहीं लगने पर उसने पैसे वापस करने को कहा ।कुछ समय बाद तानिया द्वारा उसे एक फर्जी जॉइनिंग लेटर सीपीडब्ल्यूडी विभाग दिल्ली का दे दिया। जब वह जॉइनिंग लेटर लेकर दिल्ली उक्त विभाग में पहुंची तो उसे फर्जी होने का पता चल पाया। उसने अपने दिए पैसे वापस मांगने पर तानिया द्वारा उसे 15 लख रुपए वापस दिया। बाकी पैसे मांगने पर उक्त लोगों द्वारा उसे तथा उसके पति को जान से मारने की धमकी दी गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# अंबेडकर की मूर्ति रखने को लेकर दो पक्षों तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर के कंकरखाता गांव में आज डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति रखने को लेकर दो पक्षों में तनाव पैदा हो गया। गांव में बढ़ते तनाव को देखते हुए मामले की शिकायत लक्सर पुलिस प्रशासन व राजस्व प्रशासन से की गई। लकसर उप जिलाधिकारी व एसपी देहात भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे जहां हालात पर नियंत्रण रखने के लिये कोशिश की गई। मामला कई घन्टो तक चलता रहा। गांव में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पीएससी की टुकड़ी तैनात कर दी गई है। हमने मौके पर पहुंचे एसपी देहात शेखर सुयाल से बात की उन्होंने बताया कि दो पक्षों में तनाव की बात सामने आई थी जिसे लेकर गांव में पुलिस फोर्स तैनात की गई मामला सुलझा लिया गया है। तनाव को पूरी तरह खत्म करने की कोशिश की जा रही है। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक भूमि पर मूर्ति रखने का मामला सामने आया था जो विवादित भूमि है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों ही पक्ष अपने-अपने तरीके से विवादित भूमि पर निर्माण कर रहे थे फिलहाल दोनों पक्षों को निर्माण के लिए रोक दिया गया है। न्यायालय के आदेश में देखा गया है कि उसे पर यथा स्थिति का आदेश स्पष्ट रूप से दिया गया है। जब तक मान्य न्यायली का अग्रिम आदेश नहीं आता तब तक दोनों पक्षों को निर्माण के लिए रोक दिया गया है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है।

# 4.85 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 4.85 ग्राम अवैध स्नान बरामद की है।

जानकारी के अनुसार ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 को सफल बनाना है उत्तराखंड को नशा मुक्त करना है। मुख्यमंत्री उत्तराखंड महोदय के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब / स्मैक/ चरस आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में थाना कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत दौराने चेकिंग दिनांक 15.11.25 को 01 व्यक्ति गय्यूर पुत्र कय्यूम निवासी हसन कॉलोनी रामपुर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को स्वामी विवेकानंद विद्यालय जाने वाले मार्ग पर से 04.85 ग्राम अवैध स्मैक के मय मोटरसाइकिल बिना नंबर के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या-566/25 धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। नाम पता अभियुक्त-गय्यूर पुत्र कय्यूम निवासी हसन कॉलोनी रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार उम्र 19 वर्ष। उससे बरामदगी में 04.85 ग्राम अवैध स्मैक-एक अदद मोटरसाइकिल बिना नंबर प्राप्त किया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पंकज कुमार-हेड कांस्टेबल इलियास अली-हेड कांस्टेबल संदीप यादव शामिल रहे।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर क्षेत्र से चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात सिपाही प्रकाश मनराल व होमगार्ड राजेंद्र क्षेत्र में गस्त कर चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कलियर पीठ बाजार के आगे धनोरी मार्ग पर एक युवक को घूमते हुए पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कासिफ निवासी वार्ड चार कलियर बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने 1000 टन का सोने का भंडार खोजा

**बीजिंग।** चीन ने शिनजियांग के कुनलुन पहाड़ों में सोने का विशाल भंडार खोजा है। इस सर्वे में शामिल भू-विज्ञानियों के मुताबिक शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यहां कुल सोने का भंडार 1000 टन से भी ज्यादा हो सकता है। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक एक साल में यह तीसरी बार है जब चीन को 1000 टन से ज्यादा का सोने का भंडार मिला है। इससे पहले ऐसे दो बड़े भंडार लियाओनिंग और हुनान में मिले थे। दुनिया में सिर्फ 5 सोने के भंडार ऐसे हैं जो 1000 टन से ज्यादा बड़े हैं। ऐसे में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इसकी कीमत लगभग 1164 लाख करोड़ भारतीय रुपये होगी।

### शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यात्री बीजिंग पहुंचे

**बीजिंग।** शेनझोउ-20 का चालक दल अपना अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पूरा करने के बाद विमान से बीजिंग पहुंच गया है। तीनों अंतरिक्ष यात्री-चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर शुक्रवार को सुरक्षित उतर गए। उल्लेखनीय है कि जिस वापसी यान में वे सवार थे वह अंतरिक्ष मलबे से टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि टीम ने अपने शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान को कक्षा में छोड़ दिया और शेनझोउ-21 का इस्तेमाल करके वापस लौटे हैं। सीएमएसए ने कहा कि 204 दिनों तक कक्षा में रहने के बाद तीनों अंतरिक्ष यात्री स्वस्थ हैं और उनका वापसी मिशन सफल रहा।

### पूर्वी अफगानिस्तान में जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार में एक नए जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू किया गया है। सरकारी न्यूज एजेंसी बख्तर ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाल. पुर जलि में निर्मित इस परियोजना का उद्देश्य 665 परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, जिन्हें हाल ही में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा है। इस नेटवर्क से पानी की कमी से प्रभावित निवासियों की दैनिक कठिनाइयां कम होने उम्मीद है।

### रूस में सड़क हादसे में सात की मौत, 15 घायल

**मास्को।** रूस के पर्म क्षेत्र में एक छोटी यात्री बस और ट्रक में टक्कर होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। रूस की तास न्यूज एजेंसी ने ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना आर-243 कोस्त्रोमा- शार्या-किरोव-पर्म सड़क के 55 किलोमीटर दूर पर हुई। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

# बांग्लादेश में हिंसा जारी, 5 जिलों में हाईवे जाम

## हसीना को सजा सुनाए जाने से पहले आगजनी, राजधानी ढाका में सेना की 12 टुकड़ियां तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को दो दिन बात मानवता के खिलाफ अपराध मामले में सजा सुनाई जाने वाली है। इससे पहले राजधानी ढाका में जारी आगजनी और हिंसा की घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। हसीना के समर्थकों ने ढाका समेत पांच जिलों में हाईवे जाम कर रखा है। सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 12 अतिरिक्त टुकड़ियां शहर में तैनात की हैं, जो लगातार गश्त कर रही हैं।

राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई है। यहां हाल के दिनों में वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। इससे पहले भी बांग्लादेश सरकार ढाका और आसपास के जिलों में बीजीबी की 14 टुकड़ियां तैनात कर चुकी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और किसी तरह की अराजकता न फैले। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों के तेवर और तीखे हो गए हैं। उनकी मांग है कि पूर्व पीएम हसीना के खिलाफ झूठे मामले वापस



■ राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई

लिए जाएं। साथ ही फरवरी में चुनाव की तारीख का ऐलान किया जाए। शुक्रवार को अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ भी झड़पें हुईं। अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास दो बम विस्फोट हुए। इससे पहले 13 नवम्बर को हसीना के खिलाफ फैसले की तारीख के ऐलान से पहले अवामी लीग ने विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन किए। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले। इंटरनेशनल क्राइम्स कोर्ट (आईसीटी) 17 नवम्बर को हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में फैसला सुनाएगी। हसीना पर 2024 में छात्र आंदोलन में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। जमात भी यूनुस सरकार के खिलाफ उतरी कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने भी यूनुस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ढाका की बड़ी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद जमात के नायब-ए-अमीर सैयद अब्दुल्ला ने कहा कि फरवरी में चुनाव और जनमत संग्रह (रेफरेंडम) एक साथ नहीं कराया जाए। जनमत संग्रह के मुद्दे पर यूनुस सरकार को नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) का साथ मिल गया है। एनसीपी के चीफ कोआर्डिनेटर नसीरुद्दीन पटवारी ने शुक्रवार को कहा कि फरवरी में चुनाव के साथ जनमत संग्रह कराया जाना ठीक रहेगा।




हैदराबाद, तेलंगाना। आवारा कुत्तों के समर्थन में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते पालतु पशु प्रेमी और पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) अभया के सदस्य।

## चीन ने अपने नागरिकों से जापान नहीं जाने का आग्रह किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने नागरिकों से जापान की यात्रा न करने का आग्रह किया है और प्रधानमंत्री साने ताकाइची की ताइवान संबंधी टिप्पणियों को लेकर बीजिंग स्थित जापान के राजदूत को तलब किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चीन और जापान के बीच इस हफ्ते वाकयुद्ध तेज हो गया है, जिसकी शुरुआत ताकाइची के उस बयान से हुई है, जिसमें अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो जापान अपनी आत्मरक्षा सेना के साथ जवाब दे सकता है। इसके बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों ने एक-दूसरे के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है। यह विवाद चीन और जापान के बीच ऐतिहासिक दुश्मनी के साथ-साथ स्वशासित ताइवान की संप्रभुता पर लंबे समय से चले आ रहे अस्पष्ट दृष्टिकोण को भी अभिव्यक्त करता है।

# दो राज्यों में हार के बाद टैरिफ पर पलटे ट्रम्प

## बीफ-कॉफी और फलों से टैरिफ हटाया, अमेरिकियों का सालाना खर्च 8 लाख बढ़ने के बाद लिया फैसला

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वर्जीनिया और न्यू जर्सी में हुए चुनावों में हारने के बाद टैरिफ से पीछे हट रहे हैं। ट्रम्प ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें बीफ, काफी और फलों सहित दर्जनों एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर लगे टैरिफ हटा दिए गए हैं। इसके पीछे मंहगाई बड़ी वजह है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है। इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था। बीफ, काफी, चाय, फलों का जूस, कोको, मसाले, केले, संतरे, टमाटर और कुछ खाद उत्पादों को टैरिफ फ्री कैटेगरी में शामिल किया गया है।

द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें अप्रैल से सितम्बर 2025 तक 2.7 प्रतिशत बढ़ीं, जिसमें बीफ 7 प्रतिशत और केले 7 प्रतिशत महंगे हुए हैं। अमेरिकियों का कहना है कि उनकी मासिक लागत में एवरेज 9 हजार रुपये से 66 हजार रुपये तक बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर, टैरिफ ने अमेरिकी परिवार के सलाना खर्च को एवरेज 2 से 8 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बीफ, काफी और दूसरे वस्तुओं पर टैरिफ हटाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। पिछले महीनों में बीफ सहित कई खाद्य उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। अप्रैल में ट्रम्प ने कई देशों पर टैरिफ लगाए थे। उनके प्रशासन का दावा था कि इनसे उपभोक्ता कीमतें नहीं बढ़तीं। लेकिन नतीजा इसके उलट आया। ब्राजील जैसे बड़े बीफ निर्यातक देश पर टैरिफ को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। यह फैसला इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, एल साल्वाडोर और अर्जेंटीना के साथ हुए समझौतों के तुरंत बाद आया। इनसे इन देशों से कृषि उत्पादों पर आयात टैक्स कम होगा। इस हफ्ते ट्रम्प ने काफी पर टैरिफ कम करने का संकेत दिया था, जिससे इम्पोर्ट आगे बढ़ सके। 2025 में अमेरिका का सबसे बड़ा कृषि व्यापारिक साझेदार मेक्सिको है, जो एक्सपोर्ट और आयात दोनों के मामले में टाप पर है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट आफ एग्रीकल्चर (यूएसडीए) के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने मेक्सिको को रिकॉर्ड 30.3 अरब डालर के कृषि उत्पाद एक्सपोर्ट किए, जो 2023 से 7 प्रतिशत ज्यादा था। कुल व्यापार मूल्य के लिहाज से, 2020-24 के एवरेज में मेक्सिको ने अमेरिका को 41.6 अरब डालर के इम्पोर्ट किए, जो सभी कृषि आयातों का लगभग 25 प्रतिशत है, जबकि कनाडा दूसरे स्थान पर 35 अरब डालर के साथ है। मुख्य एक्सपोर्ट में मक्का (5.51 अरब डालर), सूअर का मांस, डेयरी उत्पाद, सोयाबीन और मुर्गी मांस शामिल हैं, जबकि इम्पोर्ट में टमाटर, एवोकाडो, बेरीज और सब्जियां प्रमुख हैं। समझौते के कारण मेक्सिको के ज्यादातर उत्पादों पर टैरिफ शून्य हैं, जिससे यह व्यापार आसान और तेजी से बढ़ा है। पिछले चार वर्षों में निर्यात 65 प्रतिशत ऊपर हो गया। ट्रम्प ने 5 मार्च को अमेरिकी संसद के जाइंट सेशन में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि हमारी इकोनामी लगातार घाटे में जा रही है। इस नुकसान से बचने के लिए हम उन सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जो हमारे सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने करीब एक महीने बाद 2 अप्रैल को भारत समेत 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह 9 अप्रैल से लागू होने वाला था, लेकिन ट्रम्प ने तब इसे टाल दिया। बाद में 31 जुलाई को ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया, जो अगस्त में पूरी तरह लागू हो गया। भारत और अमेरिका के बीच डेयरी प्रोडक्ट्स को लेकर विवाद है। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं।



■ ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है
■ इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था

## ट्रम्प दायर करेंगे बीबीसी के खिलाफ मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह पैनोरमा द्वारा उनके भाषण को संपादित किए जाने को लेकर बीबीसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि इस मामले में पैनोरमा मीडिया ने ट्रम्प से माफी तो मांग ली है लेकिन उन्हें नुकसान की भरपाई (मुआवजे) करने से इनकार किया है। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम उन पर एक से पांच अरब डॉलर के बीच के मुआवजे का मुकदमा करेंगे। संभवत: अगले हफ्ते कभी भी यह कदम उठा सकते हैं। बीबीसी ने गुरुवार को कहा था कि छह जनवरी 2021 के भाषण के संपादन में अनजाने में यह गलती हो गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने हिंसक कार्रवाई का सीधा आह्वान किया था और कहा कि इसे फिर से प्रसारित नहीं किया जाएगा। बीबीसी ने ट्रम्प से माफी मांगी, लेकिन कहा कि वह आर्थिक मुआवजा नहीं देगा। बीबीसी ने यह बयान ट्रम्प के वकीलों की धमकी दिए जाने के बाद जारी किया, जिसमें उनके वकीलों ने कहा था कि अगर बीबीसी ने अपना बयान वापस नहीं लिया, माफी नहीं मांगी और उन्हें मुआवजा नहीं दिया, तो वे बीबीसी पर एक अरब डॉलर का मुकदमा करेंगे।

# विदेशी कर्मचारियों को जेडी वेंस न सस्ता नौकर बताया

■ अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा- हमें इनकी जरूरत नहीं, एच-1बी वीजा खत्म करने की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा विवाद के बीच विदेशी मजदूरों को लेकर छिड़ी बहस अब और तेज हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ता नौकर बताया और कहा कि हमें उनकी जरूरत नहीं है।

वेंस ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि डेमोक्रेट्स का मॉडल कम वेतन वाले प्रवासियों को देश में लाने पर जोर देता है। इससे अमेरिकी लोगों के रोजगार, वेतन और समृद्धि को नुकसान पहुंचेगा। वेंस ने कहा कि ट्रम्प का मॉडल दूसरा है जो अमेरिका में डेवलपमेंट का रास्ता खोलेगा। उन्होंने कहा: अमेरिकी मजदूरों को तकनीक से मजबूत बनाना चाहिए, न कि सस्ते विदेशी श्रम पर निर्भर होना चाहिए। वहीं एच-1बी वीजा को लेकर ट्रम्प की पार्टी एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिससे अमे. रिका में भारतीयों की एंट्री मुश्किल हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प की करीबी और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कहा है कि जल्द ही एच-1बी खत्म करने को लेकर विधेयक लाया जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी की मार्जोरी का आरोप है कि एच-1बी वीजा का गलत इस्तेमाल हो रहा है। अमे. रिका फर्स्ट की नीति के तहत एच-1बी वीजा कैटेगरी को खत्म किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगले 10 साल तक हर साल 10 हजार डाक्टरों को एच-1बी वीजा जारी होंगे। अभी हर साल 85 हजार एच-1बी वीसा में से लगभग 70 प्रतिशत वीसा भारतीयों को जारी होते हैं। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका में कुछ खास प्रतिभाओं की कमी है। ट्रम्प ने कहा था कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है। हाल ही में फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने जार्जिया की एक बैटरी फैक्ट्री का उदाहरण दिया था। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरिया की कंपनी ने 500-600 विशेषज्ञों को बैटरी बनाने और अमेरिकी कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा था। सितम्बर में इमिग्रेशन छापे में इन्हें अवैध बताकर देश से निकालने की कोशिश हुई। ट्रम्प बोले, श्बैटरी बनाना मुश्किल और खतरनाक काम है। अमेरिका में ऐसी प्रतिभाओं की कमी है, इसलिए एच-1बी जैसी वीजा जरूरी हैं।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में पारदर्शिता हो: भारत

■ सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था:पार्वथानेनी हरीश

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की जोरदार मांग की है।

न्यूयॉर्क में आयोजित यूएनएससी की खुली बहस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है, इसलिए इसके कामकाज का ईमानदार, स्पष्ट और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी की कई सहायक संस्थाओं का कामकाज अभी भी अस्पष्ट है। खासकर आतंकियों व प्रतिबंधित संस्थाओं को सूचीबद्ध करने के प्रस्तावों को खारिज किए जाने की प्रक्रिया बहुत 'धुंधली' है। उन्होंने बताया कि जिस तरह डीलिस्टिंग (सूची से हटाने) का निर्णय स्पष्ट रूप से दर्ज होता है, उसी तरह सूचीकरण प्रस्तावों को खारिज किए जाने की जानकारी सार्वजनिक नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो देश सुरक्षा परिषद में नहीं हैं, उन्हें तो इस प्रक्रिया की कोई जानकारी ही नहीं मिलती।

# यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**कीव।** यूक्रेन में राजधानी कीव और अन्य शहरों में शुक्रवार तड़के रूस के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 35 घायल हुए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि रूस ने रातभर यूक्रेन की राजधानी पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिससे कई महत्वपूर्ण ठिकानों को नुकसान पहुंचा। हमलों में कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिसमें लवीव, लुत्स्क और चेर्निह्‍िस जैसे शहरों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यूक्रेन पर कुल मिलाकर 430 ड्रोन और 19 मिसाइलों से हमला किया गया।

# भारत के पड़ोसी देश चीन से नोट छपवा रहे

## नेपाल ने 13 करोड़ नोट प्रिंटिंग का टेंडर दिया, सस्ती छपाई से अमेरिका-ब्रिटेन का बाजार छीन रहा

**वाशिंगटन।** भारत के अधिकांश पड़ोसी देशों की तरह ही नेपाल भी अब अपनी करेंसी प्रिंटिंग के लिए चीन का रुख कर रहा है। नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने 7-8 नवम्बर को 1000 रुपये के 43 करोड़ नोटों की प्रिंटिंग के लिए एक टेंडर जारी किया था।

इस टेंडर को चीन की एक कंपनी ने जीत लिया है। इसके बाद नेपाली बैंक ने चाइना सीबीपीएमसी को टेंडर दे दिया। 1945 से 1955 तक नेपाल के सभी नोट भारत की नासिक स्थित सिक्योरिटी प्रेस में छपे और उसके बाद भी भारत ही मुख्य साझेदार बना रहा। हालांकि, 2015 में नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने वैश्विक टेंडर के जरिए चाइना बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पोरेशन (सीबीपीएमसी) को कान्ट्रैक्ट दे दिया, जिसके बाद नेपाल के ज्यादातर नोट चीन में



■ नेपाल के अलावा श्रीलंका मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं

ही छपने लगे। नेपाल के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं। पिछले कुछ सालों में चीन एशियाई देशों की करेंसी का बड़ा केंद्र बन चुका है। इससे अमेरिका-ब्रिटेन के मुद्रा छापने वाले बाजार पर नेगेटिव असर पड़ रहा है। भारत में दूसरे देशों को प्रिंटिंग लागत ज्यादा पड़ती है। इसके कारण ये देश सस्ते विकल्पों की तलाश करते हैं। बांग्लादेश की टका मुद्रा 2010 से चीन में छप रही है, जहां कम लागत और उन्नत सुरक्षा फीचर्स ने इसे बढ़ावा दिया है। श्रीलंका की रुपया 2015 के बाद से मुख्य रूप से चीन पर निर्भर है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका की करेंसी ब्रिटेन में छपते थे। अफगानिस्तान ने भी 2000 के दशक से अपनी अफगानी मुद्रा के लिए चीन को चुना। अफगानी मुद्रा 2000 के दशक से पहले रूस और 2002 से जर्मनी में छपते थे। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पड़ोसियों में थाईलैंड और मलेशिया भी चीन में नोट छपवा रहे हैं।

# गाजा को दो हिस्सों में बांटेगा अमेरिका

## ग्रीन जोन पर इजरायल का कंट्रोल, ग्रीन जोन दोबारा बसाया जाएगा

■ फलस्तीन को खंडहर रेड जोन मिलेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका गाजा पटी को दो हिस्सों में बांटने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एक लान्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स (आईएसएफ) और इजरायली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा।

फलस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फलस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। यह दावा द गार्डियन की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस रिपोर्ट को अमे. रिकी सेना के खुफिया दस्तावेजों और अधिकारियों के निजी बयानों के आधार पर तैयार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस प्लान को लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इजरायली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे।

यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की को. शिश कर रहा है। प्लान के मुता. बिक यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी। इजरायल के नियंत्रण वाली येलो लाइन के पश्चिम का हिस्सा रेड जोन कहलाएगा।

यहां कोई री-डेवलमेंट नहीं किया जाएगा। 2 साल की जंग में सबसे ज्यादा नुकसान इसी इलाके को पहुंचा है। यहां लगभग 20 लाख की आबादी फंसी हुई है। यह पूरा प्लान हाल ही में हुए सीजफायर और डोनाल्ड ट्रम्प के उन्हीं वादों पर सवाल खड़ा करता है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से कहा गया था कि गाजा को एकजुट कर फलस्तीनी शासन को बहाल किया जाएगा। ट्रम्प ने 13 अक्टूबर को मिस्र के शहर शर्म अल शेख में गाजा शांति समझौते पर साइन किए थे। इस दौरान 20 से ज्यादा देशों के नेता वहां मौजूद थे, लेकिन इजरायल और हमास को नहीं बुलाया गया था। शांति प्रस्ताव पर साइन करने के बाद ट्रम्प ने समझौते का आखिरी पेज प्रेस को दिखाया था। इसपर लिखा था कि हर व्यक्ति को सम्मान, शांति और बराबर मौके मिलने चाहिए। हम चाहते हैं कि यह क्षेत्र ऐसा हो जहां हर कोई शांति और सुरक्षा में अपने सपने पूरे कर सके चाहे वह किसी भी धर्म या नस्ल का हो। ट्रम्प ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया था कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है।

# रियो डी जेनेरियो में गोलीबारी, छह की मौत, एक घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो स्थिति एक पार्टी हॉल में कथित प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी उत्तरी होनोरियो गुरगेल इलाके में हुई, जहां कथित तौर पर आपराधिक गिरोह कोमांडो वर्मेलो के सदस्य एक पार्टी कर रहे थे। शुरुआती जांच के अनुसार, प्रतिद्वंद्वी गिरोह टेरसीरो कोमांडो पुरो ने आयोजन स्थल पर धावा बोला, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

# ट्रम्प प्रशासन को जज ने दिया झटका

■ प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है। यह रोक सैन फ्रांसिस्को की संघीय जज रीटा लिन ने लगाई, जिन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियनों की याचिका पर अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की। यूनियनों का आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय पर फंडिंग कटौती का दबाव डालकर अलग-अलग विचारों, खासकर विरोधी आवाजों, को चुप कराना चाहता है। उनका कहना है कि यह संविधान और संघीय कानूनों का उल्लंघन है। व्हाइट हाउस और न्याय विभाग ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस साल गर्मियों में यूसीएलए पर 1.2 बिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही, उसके अनुसंधान फंड को भी फ्रीज कर दिया गया। प्रशासन का आरोप था कि यूसीएलए ने कैंपस में यहूदी-विरोधी घटनाओं को रोकने में विफलता दिखाई। यूसीएलए पहला सार्वजनिक विश्वविद्यालय था जिस पर इस तरह की कार्रवाई हुई। निजी विश्वविद्यालयों, जैसे कोलंबिया, पर भी प्रशासन ने फंड रोकने जैसी कार्रवाई की है। कैलिफोर्निया विवि के अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने कहा है कि यूसीएलए पर लगाया गया इतना बड़ा जुर्माना पूरे कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सिस्टम को आर्थिक रूप से झकझोर देगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय प्रशासन फिलहाल ट्रम्प प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन वह वर्तमान मुकदमे में शामिल नहीं है। प्रशासन ने यूसीएलए के सामने कुछ सख्त शर्तें रखी हैं, जिनमें लैंगिक पहचान पर प्रशासन के विचारों के अनुसार नीति बदलना, विदेशी छात्रों को एडमिशन देने से पहले यह सुनिश्चित करना कि वे अमेरिका-विरोधी, पश्चिम-विरा. धी या यहूदी-विरोधी गतिविधियों में शामिल न हों।

# फिल्म फौजी दो भागों में बनाई जाएगी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार प्रभास की फिल्म फौजी दो-भागों में बनेगी। फिल्म फौजी प्रभास की सबसे बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्मों में से एक है, जिसमें वह 'सीता रामम' के निर्देशक हनु राघवपुडी के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही यह चर्चा में है, क्योंकि इसमें दर्शकों को प्रभास को आज़ाद हिंद फोर्स के एक सैनिक के रूप में देखने का अवसर मिलेगा। फिल्म ऐतिहासिक घटनाओं का काल्पनिक पुनर्कथन है। भारत की सबसे बड़ी प्रोडक्शन हाउस में से एक, मैत्री मूवी मेकर्स ने आध्किारिक तौर पर अपनी अगली मैग्नम ओपस फौजी की घोषणा की है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म सुपरस्टार प्रभास और सीता रामम के निर्देशक हनु राघवपुडी को एक साथ लेकर आ रही है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का दमदार टाइटल पोस्टर जारी किया, जिसमें प्रभास को एक उग्र और प्रभावशाली लुक में दिखाया गया है, जो इंटरनेट पर तुरंत वायरल हो गया। दिलचस्प बात यह है कि फौजी की दुनिया बहुत विशाल है, और स्वयं निर्देशक हनु राघवपुडी ने पुष्टि की है कि फिल्म दो भागों में रिलीज़ होगी। निर्देशक हनु राघवपुडी ने कहा, हम इस मूवी में प्रभास की एक दुनिया को दिखा रहे हैं और दूसरा इंस्टॉलमेंट एक अलग आयाम की खोज करेगा। हमारे औपनिवेशिक अतीत में इतना व्यापक कंटेंट है,ऐसी कहानियां जो दुखद रूप से समाप्त हुईं, पर किसी और वास्तविकता में परी-कथा जैसी हो सकती थीं।

# पारुल गुलाटी हनी सिंह के साथ फिर से करेंगी काम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पारुल गुलाटी ने कपिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 के लिए यो यो हनी सिंह के साथ दस साल बाद फिर से काम करने पर बात की है। पारुल गुलाटी और संगीत स्टार यो यो हनी सिंह दस साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने आखिरी बार 2016 की पंजाबी एक्शन फ्ल्मि ज़ोरावर में साथ काम किया था, जो हनी सिंह की पहली फ्ल्मि भी थी। इस बार ए जोड़ी किस किस को प्यार करूं 2 के लिए एक जोशीले प्रमोशनल गाने की शूटिंग कर रही है। इस आने वाली कॉमेडी फ्ल्मि में कपिल शर्मा और पारुल गुलाटी मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। हनी सिंह के साथ दोबारा काम करने को लेकर पारुल ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, इतने साल बाद जब मैं हनी से मिली, तो लगा जैसे समय वहीं रुक गया हो। हम दोनों तुरंत ज़ोरावर के दिनों में लौट गए - रिहर्सल, हंसी-मज़ाक, सेट की वो मस्ती। उसके साथ दस साल बाद दोबारा काम करना एक तरफ़ पुरानी यादों जैसा था और दूसरी तरफ़ बहुत नया-नया भी लगा। उनमें आज भी वही ऊर्जा, वही जोश है, और साथ ही एक कलाकार के तौर पर वो और भी निखर गए हैं। इस गाने की शूटिंग ने कई यादें ताज़ा कर दीं, और इससे बेहतर री-यूनियन मैं चाह नहीं सकती थी। सच में ऐसा लगा जैसे एक पूरा चक्र पूरा हो गया। किस किस को प्यार करूं 2 में कपिल शर्मा की पसंदीदा कॉमेडी स्टाइल और पारुल गुलाटी का सहज अंदाज़ देखने को मिलेगा। वहीं पारुल और हनी सिंह की यह जोड़ी फिर से साथ आते ही प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है। यह सिर्फ़ एक संगीत सहयोग नहीं, बल्कि दोनों कलाकारों की दस साल की यात्रा का जश्न भी है, जो अब एक नई शुरुआत को जन्म दे रहा है।

# पहली बार मस्जिद जाने के लिए उत्साहित हुई सोनाक्षी

## पति जहीर ने कहा- कोई धर्म परिवर्तन के लिए नहीं जा रहा है



**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। दोनों इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर कई रील्स और व्लाग्स शेयर करते रहते हैं। हाल ही में दोनों का अबू धाबी का नया व्लाग सामने आया है। व्लाग की शुरुआत में सोनाक्षी बताती हैं कि वह एक्टिंग और बिजनेस के साथ अपनी डेली लाइफ भी शेयर करती हैं।

उन्होंने कहा, आज हम अबू धाबी में हैं और यह ट्रिप थोड़ी अलग रहने वाली है। अबू धाबी टूरिज्म ने हमें शहर घूमने के लिए इनवाइट किया है और उन्होंने हमारे लिए सब तैयार किया है। वीडियो में आगे सोनाक्षी बताती हैं कि वे अबू धाबी की मशहूर शेख जायद ग्रैंड मस्जिद देखने जा रहे हैं। यह पहली बार है जब मैं किसी मस्जिद के अंदर जा रही हूं। मैं इससे पहले कभी नहीं गई। मैं चर्च गई हूं, मंदिर गई हूं, लेकिन मैं कभी मस्जिद नहीं गई, इसलिए मैं इसे देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। शेख जायद ग्रैंड मस्जिद अरब अमीरात की सबसे बड़ी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मस्जिद है।

इस पर जहीर कहते हैं, क्लेरीफाई कर दूं, कोई सोनाक्षी कंवर्ट होने नहीं जा रहा है। हम सिर्फ मस्जिद देखने जा रहे हैं। वह बहुत खूबसूरत है और जैसे हम चर्च और मंदिर देखने जाते हैं, वैसे ही हम मस्जिद देखने जा रहे हैं। इसके बाद सोनाक्षी कहती हैं, स्पेशल मैरिज एक्ट, जिंदाबाद। बता दें कि सोनाक्षी और जहीर की शादी 23 जून 2024 को मुंबई में हुई थी। दोनों की पहली मुलाकात 2017 में सलमान खान के घर पर हुई थी। दोस्ती के बाद दोनों करीब आए। अलग धर्म से होने की वजह से उन्होंने शादी का रजिस्ट्रेशन स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत कराया था। शादी सोनाक्षी के बांद्रा स्थित घर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई थी।



# सलमान ने धर्मेंद्र की सेहत की दुआ मांगी

**मुंबई।** दो दिनों तक हॉस्पिटल में रहने के बाद धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। अब उनका घर में ही इलाज जारी है। उन्हें डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। फैंस के साथ-साथ बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग धर्मेंद्र के जल्दी पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। एक्टर सलमान खान ने भी धर्मेंद्र के जल्दी ठीक होने की दुआ की। दबंग टूर के दौरान कतर में जब सलमान से पूछा गया कि उनकी फिटनेस इंस्पिरेशन कौन हैं, इस पर सलमान ने कहा कि मेरे आने से पहले सिर्फ एक ही आदमी थे, वो हैं धरम जी। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वो मेरे लिए पिता जैसे हैं, बस बात खत्म। मैं उन्हें बहुत प्यार करता हूं और बस यही चाहता हूं कि वो जल्दी ठीक होकर वापस आ जाएं। सलमान के दबंग टूर में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस और तमन्ना भाटिया भी शामिल हैं। इसी बीच मुंबई पुलिस ने ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के एक स्टाफ को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप लगा कि उसने धर्मेंद्र के साथ मौजूद देओल परिवार का एक प्राइवेट वीडियो रिकॉर्ड कर लीक किया। परिवार उस समय भावुक था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया।

# कामिनी कौशल का हुआ अंतिम संस्कार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कामिनी कौशल का 98 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। शनिवार को परिवार की मौजूदगी में उनके अंतिम संस्कार की रस्में शुरू हुईं। फिर उनका अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि कामिनी कौशल हिंदी सिनेमा की सबसे उम्रदराज एक्ट्रेस थीं। आखिरी बार वो आमिर खान और करीना कपूर स्टारर फिल्म लाल सिंह ड्ढा में नजर आई थीं। इसके अलावा वो साल 2023 में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म कबीर सिंह में शाहिद की दादी का किरदार निभा चुकी हैं। कामिनी कौशल 40 के दशक की सबसे कामयाब एक्ट्रेसेस में शामिल थीं। बाक्स आफिस इंडिया की टाप एक्ट्रेस लिस्ट में 1947 और 1948 में वो टाप एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें साल 2022 में आउटलुक इंडिया की 75 बेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में शामिल किया गया था। 16 जनवरी1927 को कामिनी कौशल का जन्म लाहौर में हुआ था। उनके पिता प्रो। शिव राम कश्यप पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर में प्रोफेसर थे। उन्हें भारत में काई विज्ञान द्धब्रायोलाजीत्रः का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने पौधों की छह नई प्रजातियों की खोज की थी। कामिनी दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। सात साल की उम्र में कामिनी के पिता का निधन हो गया था। कम उम्र में ही कामिनी कौशल ने आकाशवाणी के लिए प्रोग्राम करना शुरू कर दिया था, जिसके लिए उन्हें हर महीने 10 रूपए तनख्वाह मिलती थी। इसी के साथ कामिनी ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में बी।ए। द्धआनर्सत्रः किया। इसी दौरान 1946 में चेतन आनंद ने उन्हें अपनी फिल्म नीचा नगर में काम करने का आफर दिया।



# शाहरुख खान के नाम पर दुबई में बनेगी बिल्डिंग


## बॉलीवुड एक्टर इवेंट में मां को याद कर हुए इमोशनल, कहा- मां जिंदा होती, तो बहुत खुश होती

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की लोकप्रियता दुनिया भर में है। अब दुबई में उनके नाम पर एक बिल्डिंग बनाई जा रही है। मुंबई में एक इवेंट में शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग की घोषणा हुई है। यह 56 मंजिला बिल्डिंग करीब 4।5 लाख वर्ग फीट में बनने वाली प्रीमियम आफिस स्पेस प्रापर्टी होगी। वहीं, इवेंट के दौरान मां को याद कर शाहरुख इमोशनल हो गए।

एक्टर ने कहा, मेरी मां आज जिंदा होती तो बहुत खुश होती। यह मेरे लिए बड़ा सम्मान है। जब मेरे बच्चे आएंगे, तो मैं उन्हें बताऊंगा कि पापा का नाम लिखा है, यह पापा की बिल्डिंग है।ष इवेंट में एंटरटेनमेंट की भी कमी नहीं रही। शाहरुख ने अपने अंदाज में मेहमानों को एंटरटेन किया। उन्होंने अपनी फिल्म ओम शांति ओम और डान के आइकोनिक मोमेंट्स भी किए।

इवेंट में फराह खान भी मौजूद थीं। शाहरुख ने इवेंट में मजाक करते हुए कहा कि वह अब ईद का चांद बन गए हैं। कम दिखता हूं, लेकिन जब दिखता हूं तो अच्छा लगता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं खुद को इतना जरूरी नहीं मानता कि फिल्मों के अलावा मेरे नाम पर कुछ हो। फिल्में मेरे प्रोफेशन और पूजा का हिस्सा हैं। बता दें कि शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग में हेलीपैड और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं होंगी।

इस प्रोजेक्ट के तीन से चार साल में तैयार होने की उम्मीद है। इसके एंट्रेंस पर शाहरुख का एक स्टैच्यू भी लगाया जाएगा, जहां लोग फोटो ले सकेंगे। बता दें कि शाहरुख जल्द सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, रानी मुखर्जी, अभय वर्मा और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108